
लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस




बुधवार 25 मार्च, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 161 www.janexpresslive.com/epaper


दिल्ली के लिए 1,03,700 करोड़ रुपए का बजट पेश 12

## नवरात्रि का सातवां दिन



### कालरात्रि पूजा

नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि शनि ग्रह देवी कालरात्रि द्वारा शासित हैं।

# ईरान जंग जारी रही तो गंभीर नतीजे होंगे : मोदी

## आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेगा, टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा में मंगलवार को 21 मिनट बोले। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसे हुए हैं। ये चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है। एक दिन पहले पीएम ने लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच दी थी। उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं।

### असर लंबा रह सकता है, तैयार रहना होगा

पीएम ने ईरान जंग पर लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच दी थी। मोदी ने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। पीएम ने कहा- हमें एकजुट रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। सरकार की कोशिश है कि देश में तेल-गैस संकट न हो। इसके लिए 27 की जगह अब 41 देशों से इंपोर्ट कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।



### राज्य सरकार कालाबाजारी-जमाखोरी पर एक्शन लें

पीएम ने राज्यों से कहा कि गरीबों और श्रमिकों पर असर कम करने के लिए पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना जारी रखने हेतु सक्रिय कदम उठाएं और विशेष व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि संकट के बावजूद देश की तेज विकास दर बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है, इसके लिए सुधार जारी रखें और कोविड समय की टीम भावना से काम करें। पीएम ने कहा कि केंद्र-राज्य मिलकर इस अलग तरह के संकट का सामना धैर्य, संयम और तैयारी के साथ करें, क्योंकि हालात लगातार बदल रहे हैं। इसलिए देशवासी हर चुनौती के लिए तैयार रहें।

### पीएम की स्पीच की 5 बड़ी बातें...

- **राज्य सरकारों से अपील:** ऐसे संकट के समय में गरीबों पर, श्रमिकों पर बुरा असर पड़ता है। उन्हें पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना का लाभ मिलता रहे। राज्य सरकार इसके लिए विशेष वव्यस्था करे। ऐसे समय में कालाबाजारी करने वाले, जमाखोरी करने वाले एक्टिव होते हैं। जहां से शिकायतें आती हैं, वहां कार्रवाई कीजिए। संकट कितना भी बड़ा है, भारत की तेज ग्रोथ बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है। हमें हर जरूरी कदम, हर जरूरी रिफॉर्म तेजी से करते रहने होंगे।
- **किसानों को मैसेज:** सरकार कोशिश कर रही है कि आने वाले बुआई के सीजन में किसानों को खाद मिलती रहे। सरकार ने खाद की पर्याप्त सप्लाई के लिए जरूरी तैयारियां की है। किसानों को फिर आश्वस्त करूंगा कि सरकार हर चुनौती के समाधान के लिए उनके साथ खड़ी है। ये राज्यों का सदन है। आने वाले समय में संकट हमारे देश की बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें सफलता के लिए राज्यों का सहयोग जरूरी है। राज्यों की सरकार से आग्रह करना चाहता हूं।
- **तेल, गैस और महंगाई पर :** कोरोना के समय में जैसे अलग-अलग सेक्टर से निपटने के लिए अफसरों के एम्पॉवर्ड ग्रुप बने थे, वैसे ही कल 7 एम्पॉवर्ड ग्रुप बनाए गए हैं। ये ग्रुप सप्लाई चेन, पेट्रोल-डीजल, फर्टिलाइजर, गैस, महंगाई जैसे विषयों पर त्वरित और दूरगामी रणनीति के तहत कार्रवाई करेगी।
- **होर्मुज स्ट्रेट संकट पर:** हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। इससे पेट्रोल-डीजल, गैस और फर्टिलाइजर जैसे जरूरी सामान की रूटीन सप्लाई प्रभावित हो रही है। होर्मुज स्ट्रेट में दुनिया के अनेक जहाज फंसे हैं। उनमें बहुत बड़ी संख्या में भारतीय क्रू फंसे हैं। कर्मशियल जहाजों पर हमला और होर्मुज जैसे जल मार्ग में रूकावट अस्वीकर है। भारत डिप्लोमेसी के जरिए युद्ध के इस माहौल में भी जहाजों के सतत् आवागमन के लिए प्रयास कर रहा है।
- **गल्फ देशों में फंसे भारतीयों को संदेश:** देश-विदेश में भारतीयों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। जंग शुरू होने से अब तक 3 लाख 75 हजार से ज्यादा भारतीय देश लौट चुके हैं। ईरान से एक हजार से ज्यादा भारतीय लौटे हैं। इनमें 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले हैं। सभी देशों ने वहां मौजूद भारतीयों की सुरक्षा का भरोसा दिया है। हमलों के कारण कुछ भारतीयों की मौत हुई है। यह दुखद है। उनके परिवार को मदद दी जा रही है। जो घायल हैं उन्हें इलाज दिया जा रहा है।

### मौजूदा संकट ने पूरी दुनिया को भुला दिया

पीएम ने कहा कि सरकार देश को आत्मनिर्भर बनाने और विदेशी निर्भरता कम करने पर काम कर रही है, क्योंकि ज्यादातर वैश्विक व्यापार जहाजों पर निर्भर है। उन्होंने बताया कि अब भारत हथियारों और जीवन रक्षक दवाइयों में आत्मनिर्भर बन रहा है और रेयर अर्थ मिनरल्स पर निर्भरता घटाने के प्रयास हो रहे हैं। पीएम ने कहा कि वैश्विक संकट से दुनिया की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है, लेकिन भारत पर कम असर हो इसके लिए सरकार लगातार हालात पर नजर रख रही है।

### भारत 41 देशों से एनर्जी इम्पोर्ट करता है

पीएम ने कहा कि अब भारत 27 की जगह 41 देशों से ऊर्जा आयात कर रहा है और कच्चे तेल के भंडार पर भी ध्यान दिया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में रिफाइनिंग क्षमता बढ़ी है और देश में क्रूड ऑयल की लगातार सप्लाई सुनिश्चित है। पीएम ने कहा कि सरकार एलपीजी के साथ पीएनजी और घरेलू गैस उत्पादन बढ़ाने पर भी जोर दे रही है।

### होर्मुज विश्व व्यापार के सबसे बड़ा रूट है

पीएम ने कहा कि होर्मुज रूट से गैस और फर्टिलाइजर का बड़ा आयात होता है, लेकिन सरकार कूटनीति से तेल-गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में कई देशों से कच्चा तेल और एलपीजी से भरे जहाज भारत पहुंचे हैं और आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। पीएम ने कहा कि लंबे संकट के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, लेकिन देश को सक्षम बनाने के लिए पिछले वर्षों में लगातार फैसले लिए गए हैं।

### पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट पैदा हुआ

पीएम ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध से वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा हुआ है, जिसका असर भारत पर भी पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पेट्रोल, डीजल, गैस और फर्टिलाइजर की सप्लाई प्रभावित है और गल्फ में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा चिंता का विषय है। पीएम ने कहा कि होर्मुज में भारतीय क्रू फंसे हैं, इसलिए शांति के लिए एकजुट आवाज जरूरी है और भारत कई देशों से लगातार संपर्क में है।

# महिला अफसर सेना में स्थायी कमीशन की हकदार: इससे इनकार करना भेदभाव था, जिनकी सर्विस खत्म हुई, उन्हें भी पेंशन मिलेगी: सुप्रीम कोर्ट



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

### महिला अफसरों को सुप्रीम कोर्ट से 3 राहत...

- जिन एसएससी अफसरों को 2020-21 में नंबर 5 सेलेक्शन बोर्ड या एएफटी (ट्रिब्यूनल) के फैसले के आधार पर पहले ही स्थायी कमीशन मिल चुका है, उनका स्टेटस नहीं बदला जाएगा।
- जो महिला एसएससी अफसर (अपीलकर्ता) इस केस के दौरान सेवा से बाहर हो गई, उन्हें मान लिया जाएगा कि उन्होंने 20 साल की जरूरी सेवा पूरी कर ली है। उन्हें पेंशन और उससे जुड़े सभी लाभ मिलेंगे, लेकिन पिछला वेतन (एरियर) नहीं मिलेगा।
- वर्तमान में जो महिला अफसर सेवा में हैं, उन्हें 60% कटऑफ पूरा करने पर परमानेंट कमीशन मिलेगा। बशर्ते उन्हें जरूरी मंजूरी मिली हो।
- यह आदेश उन महिला अधिकारियों पर लागू नहीं होगा जो जज एडवोकेट जनरल और एजुकेशन कॉर्प्स में हैं, क्योंकि उन्हें 2010 से ही स्थायी कमीशन के लिए विचार का मौका मिलता रहा है।

### सीजेआई नेआर्मी, नेवी और एयर फोर्स के लिए कहा

- **आर्मी:** क्या एसीआर यानी परफॉर्मेंस रिपोर्ट सही तरीके से बनी? हमने पाया है कि एसीआर इस सोच के साथ लिखे गए कि महिलाओं को आगे मौका नहीं मिलेगा। इससे महिला अफसरों की मेरिट पर असर पड़ा, पुरुष अधिकारियों से पीछे रहीं। महिलाओं को जरूरी ट्रेनिंग भी नहीं दी गई। यह उनके करियर के खिलाफ गया। आर्टिकल 142 के तहत 'पूर्ण न्याय' के लिए आदेश दे रहे हैं।
- **नेवी:** एसीआर में यहां भी पूर्वाग्रह मिला। लेकिन 'डायनेमिक वैकेंसी मॉडल' सही और गैर-भेदभावपूर्ण है। अधिकारियों को मूल्यांकन का पूरा मापदंड नहीं बताया गया, यह बड़ी कमी।
- **एयर फोर्स:** न्यूनतम प्रदर्शन मानदंड जल्दबाजी में लागू किए गए। 2007 बैच को 2020-21 में आंका गया, यह प्रक्रिया ठीक नहीं। प्रक्रिया में खामियां होने के बावजूद कोर्ट ने पुनर्नियुक्ति का आदेश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन (स्स्ट) की महिला अफसरों को पूरी पेंशन देने का आदेश दिया। जिन मामलों में महिला अफसर परमानेंट कमीशन नहीं मिलने के कारण पहले ही सेवा छोड़ चुकी थीं, उन्हें एकमुश्त राहत देते हुए 20 साल की सेवा पूरी मानकर पेंशन और अन्य लाभ देने का फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा- सशस्त्र बलों के भीतर मौजूद सिस्टमिक भेदभाद के कारण महिला अफसरों को परमानेंट कमीशन से वंचित किया गया। महिलाओं को परमानेंट कमीशन न देना उनकी योग्यता की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था में मौजूद भेदभाव का नतीजा था। पूरा मामला स्स्ट के तहत नियुक्त महिला अफसरों की याचिकाओं से जुड़ा था, जिन्होंने पीसी देने की मांग की थी। एसएससी के तहत नियुक्त अफसर का कार्यकाल 10 साल का होता है, जिसे 4 साल तक बढ़ाया जा सकता है। इसके बाद योग्यता के आधार पर परमानेंट कमीशन दिया जाता है। परमानेंट कमीशन नहीं मिलने पर उन्हें सेवा छोड़नी होती है। इसके खिलाफ महिला अफसरों ने पहले आर्म्ड फोर्स ट्रिब्यूनल का रुख किया था और पीसी से वंचित किए जाने को चुनौती दी थी। बाद में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन. कोटिस्वर सिंह की बेंच ने कई याचिकाओं को एक साथ सुना।

# मुख्यमंत्री के पास विभाग, फिर भी बेलगाम खनन माफिया यमुना में मानकों की उड़ रही धज्जियां

**सिल्ट सफाई के नाम पर अवैध खनन, भारी मशीनों का इस्तेमाल और ऐतिहासिक धरोहर पर खतरा**

जन एक्सप्रेस फॉलोअप

शत्रुघन सिंह

उरई। एक ओर देश की दूसरी सबसे बड़ी नदी यमुना को बचाने के लिए समाजसेवी संस्थाएं अभियान चला रही हैं, वहीं दूसरी ओर खनन माफिया खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर नदी के अस्तित्व से खिलवाड़ कर रहे हैं। मामला कालपी क्षेत्र के हीरापुर खंड संख्या 2 और 3 का है, जहां सिल्ट सफाई के नाम पर बड़े पैमाने पर मानक के विपरीत खनन किया जा रहा है।


सरकारी आदेशों को ठेंगा: कालपी के हीरापुर घाटों पर
धड़ल्ले से अवैध बालू खनन
वन विभाग की जमीन से खनन, रात में मशीनों का इस्तेमाल, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल
रात के अंधेरे में मशीनों से खनन
वन भूमि पर खनन से बढ़ा पर्यावरणीय खतरा
बालू की कालाबाजारी और बढ़ती लागत
प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल
अधिकारी ने नहीं उठाया फोन
घाट संचालकों पर नियमों की अनदेखी के आरोप
सख्त कार्रवाई की मांग

### ऐतिहासिक धरोहर पर मंडराता संकट

खनन परिवहन के लिए बनाए गए रास्ते में एक सुरक्षात्मक दीवार को नुकसान पहुंचाया गया है। करीब 45 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह दीवार कालपी के गेस्ट हाउस और आसपास के ऐतिहासिक मंदिरों को यमुना के कटाव से बचाती है। दीवार को क्षतिग्रस्त करने से इन धरोहरों के गिरने का खतरा बढ़ गया है।

### मुख्यमंत्री के आदेश भी बेअसर

खनन मंत्रालय स्वयं मुख्यमंत्री के पास होने के बावजूद माफिया बेलगाम नजर आ रहे हैं। माना जा रहा था कि विभाग सीधे मुख्यमंत्री के नियंत्रण में होने से पारदर्शिता बढ़ेगी, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके विपरीत दिखाई दे रहे हैं।

### प्रशासन की कार्रवाई भी जारी

हालांकि प्रशासन द्वारा ओवरलोडिंग और अवैध खनन पर कार्रवाई का दावा किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में सघन चेकिंग अभियान चलाकर सैकड़ों ट्रकों के चालान किए गए हैं। इसके बावजूद अवैध खनन पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है।

### अधिकारियों की चुप्पी सवालों के घेरे में

जिला खनिज अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। ऐसे में पूरे मामले में विभागीय जिम्मेदारी और निगरानी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### सिल्ट सफाई की आड़ में खनन का खेल

खनन विभाग द्वारा यमुना नदी की सिल्ट सफाई के लिए निविदा जारी की गई थी, जिसमें ठेकेदार रवि पंजवानी और वैभव गुप्ता को कार्य मिला। आरोप है कि इन ठेकेदारों ने सफेद मौरंग हटाने के नाम पर नदी की प्राकृतिक संरचना को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। निर्धारित सीमा और नियमों की अनदेखी कर बड़े स्तर पर खनन किया जा रहा है।

### भारी मशीनों के इस्तेमाल से बढ़ा खतरा

यमुना नदी को संरक्षित श्रेणी में रखा गया है, जहां खनन के लिए भारी मशीनों के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध है। इसके बावजूद मौके पर जेसीबी और अन्य मशीनों से खनन किया जा रहा है। इससे न सिर्फ नदी की धारा प्रभावित हो रही है, बल्कि पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ रहा है।

### निष्कर्ष

यमुना को बचाने की मुहिम और सरकारी सख्ती के दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो न केवल नदी का अस्तित्व खतरे में पड़ेगा, बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर भी भारी नुकसान झेल सकती है।

# रेलवे टिकट 8 घंटे पहले कैंसिल करने पर ही रिफंड

## पहले 4 घंटे का नियम था, ट्रेन छूटने के 30 मिनट पहले बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने टिकट कैंसिल करने के नियम बदल दिए हैं। अब अगर कोई यात्री ट्रेन के समय से 8 घंटे से कम समय पहले टिकट रद्द करता है, तो उसे कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा। यानी अगर आपकी ट्रेन शाम 6 बजे है, तो आपको सुबह 10 बजे से पहले टिकट कैंसिल करनी होगी, तभी रिफंड मिलेगा। पहले यह समय 4 घंटे था और तब 50% रिफंड मिलता था। अब समय बढ़ाकर 8 घंटे कर दिया गया है, लेकिन 24 से 8 घंटे के बीच कैंसिल करने पर अभी भी 50% पैसा ही वापस मिलेगा। इसके अलावा, अब यात्री ट्रेन छूटने से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन भी बदल सकते हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि यह बदलाव इसलिए किया गया है, ताकि एजेंट और दलाल टिकटों की जमाखोरी न कर सकें। नए नियम 1 से 15 अप्रैल 2026 के बीच अलग-अलग फेज में लागू होंगे। रेल मंत्रालय ने बोर्डिंग स्टेशन बदलने की समय सीमा बढ़ा दी है। अब यात्री ट्रेन के शेड्यूल डिपार्चर टाइम से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग पॉइंट बदल सकेंगे। अभी तक यह सुविधा सिर्फ चार्ट तैयार होने से पहले तक ही मिलती थी। यह नियम उन बड़े शहरों में बहुत मददगार साबित होगा जहां एक से ज्यादा रेलवे स्टेशन हैं, यात्री अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी नजदीकी स्टेशन से ट्रेन पकड़ सकेंगे। यात्री ढ्ढक्रष्टञ्जष्ट की वेबसाइट, एप या रेलवे काउंटर के जरिए अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकते हैं। हालांकि एक बार बोर्डिंग पॉइंट बदलने के बाद आप पुराने स्टेशन से ट्रेन नहीं पकड़ पाएंगे।



### 'टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए फैसला'

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि दलालों के पैटर्न को देखते हुए यह बदलाव किया गया है। दलाल अक्सर एक्स्ट्रा टिकट बुक कर लेते थे और ग्राहक न मिलने पर ट्रेन छूटने से ठीक पहले कैंसिल कर रिफंड ले लेते थे। रिफंड के नियमों को सख्त करने से दलालों द्वारा टिकटों की 'कॉर्नरिंग' (टिकट दबाकर रखना) कम होगी और आम यात्रियों को कंफर्म टिकट मिलने की संभावना बढ़ेगी।

### ट्रेन 3 घंटे से ज्यादा लेट होने पर पूरा रिफंड मिलेगा

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि कुछ खास परिस्थितियों में रिफंड के पुराने नियम जारी रहेंगे। अगर ट्रेन पूरी तरह कैंसिल हो जाती है या अपने तय समय से 3 घंटे से ज्यादा लेट होती है, तो यात्री अष्टक्रफाइल करके पूरा रिफंड क्लेम कर सकते हैं। इसके अलावा, अगर चार्ट बनने के बाद भी टिकट पूरी तरह वेटिंग में रह जाता है, तो वह ऑटोमैटिक कैंसिल हो जाएगा और पूरा पैसा वापस मिलेगा।

# हिंदू-बौद्ध-सिख ही अनुसूचित जाति का दावा कर सकते हैं: सुप्रीम कोर्ट

- अगर कोई ईसाई या किसी और धर्म में धर्मांतरण करता है तो वह अनुसूचित जाति का दर्जा खो देगा: सुप्रीम कोर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े लोग ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं। अगर कोई ईसाई या किसी और धर्म में धर्मांतरण करता है तो वह अनुसूचित जाति का दर्जा खो देगा। जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाला दलित व्यक्ति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मिलने वाले किसी भी संरक्षण का दावा नहीं कर सकता है। यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2025 के फैसले के खिलाफ लगाई गई चिंथदा की याचिका पर सुनाया गया। धर्म परिवर्तन के बाद पादरी बने चिंथदा आनंद ने याचिका लगाई थी कि उन्हें अक्काला रामिरेड्डी समेत कुछ लोगों से जातिगत भेदभाव और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। यह मामला विशाखापट्टनम जिले के अनाकापल्ली का है, जहां मूल रूप से एससी (माला समुदाय) के चिंथदा ने ईसाई धर्म अपना लिया और पादरी बन गया। कुछ दिन बाद गुंटूर जिले के कोथापलेम में रहने वाले अक्कला रामी रेड्डी नाम के शख्स पर चिंथदा ने आरोप लगाया कि अक्कला ने उसे जातिसूचक गालियां दी हैं।

### सुप्रीम कोर्ट पहले भी कह चुका-आरक्षण का लाभ लेने धर्म बदलना, संविधान से धोखा

1985 के सूसाई बनाम भारत सरकार से जुड़े एक केस में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि यदि कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपनाने के बाद दोबारा हिंदू धर्म में लौटता है, तो उसे एससी दर्जा प्राप्त करने के लिए विश्वसनीय प्रमाण और समुदाय की स्वीकृति की जरूरत होगी। केवल लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से धर्म परिवर्तन करने को सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के साथ धोखा करार दिया।

# 13 साल की जंग खत्म: देश में पहली बार किसी ने पाई इच्छामृत्यु

- हरीश को दर्द और मानसिक तकलीफ से राहत देने के लिए दवाएं दी जा रही थीं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल (आईआरसीएच) के पैलिएटिव केयर वार्ड में भर्ती गाजियाबाद के हरीश राणा की आखिर 10 दिन बाद निधन हो गया। वह 14 मार्च को एम्स में एडमिट किए गए थे और तब से ही डॉक्टर उनके लाइफ स्पोर्ट सिस्टम को धीरे-धीरे हटा रहे थे। बीते करीब एक हफ्ते से तो उन्हें खाना-पानी भी नहीं दिया जा रहा था। इस दौरान केवल हरीश को दर्द और मानसिक तकलीफ से राहत देने के लिए दवाएं दी जा रही थीं।

### यह था मामला

जुलाई 2010 में हरीश ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में सिविल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया था। वर्ष 2013 में वह अंतिम वर्ष के छात्र थे। इसी



दौरान अगस्त 2013 में रक्षाबंधन वाले दिन बहन से मोबाइल फोन पर बात करते हुए पीजी की चौथी मंजिल से गिर गए थे।

### क्वाड्रिप्लेजिया से ग्रसित हो गया था हरीश

गंभीर रूप से घायल हरीश को तुरंत पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया। बाद में दिसंबर 2013 में उसे दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि वह क्वाड्रिप्लेजिया से ग्रसित है। इस स्थिति में उसके हाथ-पैर पूरी तरह निष्क्रिय हो गए और वह जीवन भर बिस्तर पर रहने को मजबूर हो गए।

### 8 जुलाई 2025 को परिवार पहुंचा था कोर्ट, मांगी इच्छा मृत्यु

हरीश के असहनीय दर्द और शारीरिक अक्षमता के कारण माता-पिता ने दिल्ली हाईकोर्ट में इच्छामृत्यु की अपील की, जिसे 8 जुलाई 2025 को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके बाद परिवार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। करीब आठ महीने बाद 11 मार्च 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने हरीश को इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की अनुमति दे दी।

### कौन-कौन गया आखिरी वक्त में एम्स साथ

पड़ोसी नरेंद्र ने बताया था कि 14 मार्च को हरीश के साथ उनके पिता अशोक राणा, मां निर्मला देवी, छोटा बेटा आशीष, बहन भावना और उसके पति संग आशीष के दोस्त और एकाध हरीश के दोस्त भी गए थे। इसके अलावा कुछ अन्य रिश्तेदार भी गए थे।

# गैस बुकिंग पर आया एक और अपडेट, अब 35 दिन बाद मिलेगा सिलिंडर, तेल कंपनियों ने नए नियम किए लागू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तेल कंपनियों ने गैस आपूर्ति के नए नियम लागू कर दिए हैं। अब जिनके यहां दो सिलिंडर हैं उनको 35 दिन बाद गैस सिलिंडर की आपूर्ति की जाएगी। वहीं उज्जवला योजना वाले उपभोक्ताओं को 45 दिन बाद सिलिंडर देने का नियम लागू किया गया है। यूपी एलपीजी एसोसिएशन और गाजियाबाद एलपीजी एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि नए नियमों को तत्काल लागू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी एजेंसियों पर यह सूचना आ गई है कि जिनके पास एक सिलिंडर है उन्हीं को 25 दिन बाद सिलिंडर मिलेगा। उन्होंने बताया कि कॉमर्शिलय सिलिंडर की आपूर्ति भी सिर्फ आपात सेवाओं और शिक्षण संस्थानों के लिए की जा रही है।

### पूछे जाएंगे ये सवाल

- परिवार में छह या इससे अधिक सदस्य हैं?
- परिवार में मेहमान आए हैं।
- शादी, भंडारा या अन्य कोई कार्यक्रम है।
- अन्य घरेलू उपयोग के लिए।

### इससे पहले ये प्रक्रिया हुई थी शुरू

इससे पहले एलपीजी सिलिंडरों की किल्लत के बीच भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने एक नई प्रक्रिया शुरू की थी। जिसमें जिन उपभोक्ताओं ने सालाना कोटे के 12 सिलिंडर रिफिल करा लिए हैं, उन्हें नई बुकिंग के लिए हेलो बीपीसीएल एप पर जाकर सवालों के जवाब देने होंगे। परिवार के सदस्यों की संख्या, आने वाले मेहमानों का विवरण, घर में शादी, भंडारा या कोई अन्य आयोजन है तो उसकी भी जानकारी देनी होगी।

# अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित खदानों पर रखें नजर: डीएम

जन एक्सप्रेस । बांदा




मंगलवार को जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खनन टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गयी,जिसमें पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (वि/रा), खान अधिकारी, समस्त तहसील के उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी,सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी तथा वाणिज्य कर अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में खान अधिकारी द्वारा यह अवगत कराया गया कि वर्तमान समय में जनपद में कुल 27 खनन पट्टा / परमिट सचालित है,जिसमें से सदर तहसील में 06, तहसील पैलानी में 07, तहसील बबेरू में 07, तहसील नरैनी मे 05 व तहसील अतर्रा में 02 खनन पट्टा/परमिट सचालित है।जिलाधिकारी द्वारा टास्क फोर्स के समस्त सदस्यो को निर्देशित किया गया कि पूर्व में सचालित खनन पट्टो तथा वर्तमान में संचालित खनन पट्टो पर सतत् निगरानी रखते हुये समय-समय जाच करते रहे। जिलाधिकारी द्वारा खान अधिकारी को निर्देशित किया गया कि किस तहसील में, किस गाव में, किस व्यक्ति के नाम खनन पट्टा / परमिट स्वीकृत है।का सम्पूर्ण विवरण समस्त उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये,जिसके क्रम में खान अधिकारी द्वारा यह अवगत कराया गया कि समस्त उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी महोदय को खनन पट्टे की सूची उपलब्ध करा दी गयी है। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में मौजूद समस्त उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी को यह भी निर्देशित किया गया कि पट्टा क्षेत्र में पड़ने वाले किसानो की जमीन तथा खनन पट्टे में पहुंच मार्ग बनाने वाले रास्ते में किसानो की जमीन पर रास्ते की निकासी पट्टाधारक व किसानों की सहमति से हो तथा विवाद होने की स्थिति में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी किसान व पट्टाधारक के बीच समन्वय स्थापित करने का कार्य करेगें। जिलाधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कुछ अराजकतत्त्व किरानों की आड़ में पट्टाधारक से उत्पीडन करने की बात प्रकाश में आयी है।जिस पर जिलाधिकारी द्वारा समस्त उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी को यह निर्देशित किया गया कि पट्टाधारक को कोई भी अनावश्यक रूप से उत्पीड़न न कर सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त टास्क फोर्स के सदस्यो को यह निर्देशित किया गया कि अवैध परिवहन करने वालो के विरूद्ध विशेष निगरानी रखे एवं आवश्यकतानुसार दण्डात्मक कार्यवाही करें। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा टास्क फोर्स के समस्त सदस्यो को मध्य प्रदेश से आने वाले ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि कई थानों में विशेषकर कोतवाली देहात में वाहनों को खड़ा करने की जगह न होने के कारण टास्क फोर्स के सदस्यो द्वारा उपखनिज से लदे वाहनों को सड़क के किनारे खडा करा दिया जाता है, जिससे सड़क दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है,जिस पर जिलाधिकारी द्वारा समस्त उपजिलाधिकारी को यह निर्देशित किया गया कि अवैध परिवहन / ओवरलोडिग में पकड़े जाने वाले वाहनो को खड़ा करने के सम्बन्ध में कोई खाली परिसर चिन्हित कर ले, जिसमें वाहनों को सुरक्षित खड़ा कराया जा सके।अन्त में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा सगस्त उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पडने वाले खनन पट्टा क्षेत्र एवं खनिजों के परिवहन करने वाले मार्ग पर विशेष चेकिंग अभियान चलाये एवं जरूरत पडने पर आवश्यकतानुसार पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त जांच चौकी भी स्थापित की जाये।अन्त में जिलाधिकारी के आदेश से उक्त बैठक का समापन किया गया।

# प्रभारी मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी ने की विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



राज्यमंत्री, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश तथा जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल कोरी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। प्रभारी मंत्री ने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि जले हुए ट्रांसफार्मरों को सरकारी गाइडलाइन के अनुरूप तत्काल बदला जाए और रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। भाजपा जिलाध्यक्ष की सुझाव पर उन्होंने सरकारी दफ्तरों और आवासों में स्मार्ट मीटर लगाने की बात कही। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देशित किया कि पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों के बीच में खुदाई न करके किनारे से खुदाई की जाए, ताकि आवागमन बाधित न हो। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन से संबंधित आईजीआरएस शिकायतों के त्वरित निस्तारण के आदेश दिए।
बैठक में अधिशासी अभियंता (ग्रामीण अभियंत्रण) की अनुपस्थिति पर मंत्री ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि समीक्षा बैठकों में विभागाध्यक्ष स्वयं उपस्थित हों, अपने सहायकों को न भेजें। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले विभागों के विरुद्ध मुख्यमंत्री स्तर से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। रसिन बांध के क्षेत्र के अवशेष लाभार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए सिंचाई विभाग एवं राजस्व विभाग को समन्वय बनाकर समिति गठित करने को कहा गया। सहायक श्रमायुक्त को पात्र लाभार्थियों को बिना विलंब सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए निर्देशित किया गया। मंत्री ने जानकारी दी कि सरकार ने मनरेगा कार्य दिवसों को 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर है। पुलिस अधीक्षक ने अवगत कराया कि जनपद में जघन्य अपराधों में कमी आई है और गृह भेदन जैसी समस्याओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि सीएम डैशबोर्ड पर अपनी रैंकिंग में सुधार करें और ए ग्रेड बनाए रखें। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी मंत्री ने चिकित्सालय के एक्स-रे विभाग में आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त तीन एक्स-रे टेक्नीशियन को प्रमाण पत्र वितरित किए। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मुख्य अतिथि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि प्राप्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों को एक जनपद एक उत्पाद के स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में कौशल विकास प्रशिक्षण के 7 नए पाठ्यक्रमों का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मंगलवार को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत 7 नए रोजगारपरक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का विधिवत शुभारंभ किया गया।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में चित्रकूट मध्य प्रदेश के विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. हर्ष बर्धन सिंह तोमर, इग्नू दिल्ली मौजूद रहे।
सुरेन्द्र गहरवार ने अपने संबोधन में कहा कि मानव विकास में शिक्षा के साथ-साथ कौशल का विशेष महत्व है। आने वाले समय में वही व्यक्ति अधिक मूल्यवान होगा जिसके पास हुनर होगा। उन्होंने भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने चित्रकूट जैसे पिछड़े एवं आदिवासी क्षेत्र में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की स्थापना कर ग्रामीण विकास की अनूठी नींव रखी। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय गांव और ग्रामीण जनजीवन के समग्र विकास के उद्देश्य से स्थापित विश्व का एक विशिष्ट संस्थान है, जहां सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष बल दिया जाता है।
गहरवार ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कृषि, डेयरी, इंजीनियरिंग आदि क्षेत्रों के व्यावहारिक पक्षों पर प्रकाश डाला और कहा कि छात्र-छात्राएं अपनी शिक्षा एवं कौशल का उपयोग न केवल अपने कैरियर निर्माण में करें, बल्कि गांवों के विकास में भी योगदान दें। उन्होंने विभिन्न देशों के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और समाजसेवियों के अनुभवों का उल्लेख करते हुए नवाचार और कौशल की महत्ता पर बल दिया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे ने कहा कि सच्चा धर्म और सच्चा कर्म कभी नष्ट नहीं होता। उन्होंने विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति भारत रत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए कहा कि इस संस्थान की आत्मा में उनके विचार और आदर्श समाहित हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के चुनिंदा उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। प्रो. चैबे ने आगे कहा कि कला विषय सोच और कल्पना को विकसित करता है, विज्ञान विषय खोज की दिशा देता है तथा इंजीनियरिंग विषय ज्ञान के व्यावहारिक उपयोग को सशक्त बनाता है। कौशल शिक्षा इन सभी का समन्वित रूप है, जो विद्यार्थियों को प्रायोगिक ज्ञान प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे रुचि और समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाएं तथा अन्य युवाओं को भी इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और अतिथियों सम्मान के साथ हुआ। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अधिष्ठाता और कुलसचिव प्रो आञ्जनेय पांडेय ने स्वागत उद्बोधन में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रगति एवं संचालित कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

# सदर विधायक ने बारातघर सहित सीसी रोड़ का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । बांदा



सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिलगांव में विकास कार्यों को नई गति देते हुए सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी द्वारा बारात घर के निर्माण हेतु विधिवत भूमिपूजन एवं सी0सी0 सड़क का लोकार्पण किया गया।इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह और हर्ष का वातावरण देखने को मिला। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम बिलगांव में बनने वाला बारात घर ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात साबित होगा। यह भवन न केवल वैवाहिक एवं पारिवारिक आयोजनों का केंद्र बनेगा, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा। साथ ही, सीसी सड़क के निर्माण से आवागमन सुगम होगा और ग्राम के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं और जनता का स्नेह, विश्वास एवं सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा बालमुकुंद शुक्ला, मंडल अध्यक्ष बिसंडा विनय कुशवाहा, विष्णु सेंगर, ज्ञानदत्त पाण्डेय,कृष्ण कुमार तिवारी, करन, राजर्षि शुक्ला, मनीष तिवारी, संजय गुप्ता, शैलेंद्र (शैलू) सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का समापन ग्रामवासियों के उत्साह और विकास के प्रति संकल्प के साथ हुआ।

# नीति आयोग द्वारा आकांक्षात्मक ब्लॉक रामनगर की उपलब्धि के लिए जिलाधिकारी सम्मानित

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा संचालित सम्पूर्णता अभियान (जुलाई-सितंबर 2024) के अंतर्गत विकास खंड रामनगर में विकास के विभिन्न मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जिलाधिकारी को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रदान किया गया। मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रेषित पत्र के अनुसार, आकांक्षात्मक विकास खंड रामनगर ने निर्धारित 6 प्रमुख संकेतकों में से 4 संकेतकों में 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। जिसमें गर्भवती महिलाओं का प्रथम त्रैमास में प्रसव पूर्व पंजीकरण, लक्षित जनसंख्या की मधुमेह के लिए स्क्रीनिंग, लक्षित जनसंख्या की उच्च रक्तचाप के लिए स्क्रीनिंग व मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण शामिल है। इसके अतिरिक्त, अनुपूरक पोषण और स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड उपलब्ध कराने की दिशा में भी ब्लॉक ने सराहनीय प्रगति की है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि विभाग के अधिकारियों एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स के अथक प्रयासों की सराहना की। इसी क्रम में उन्होंने वर्तमान में संचालित सम्पूर्णता अभियान 2.0 की प्रगति की समीक्षा की। यह द्वितीय चरण 14 अप्रैल तक संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए हैं कि पूर्व की भांति इस चरण में भी जनपद के समस्त चयनित आकांक्षात्मक ब्लॉकों को सभी निर्धारित मानकों पर शत-प्रतिशत संतृप्त किया जाए, ताकि जनपद के सर्वांगीण और सतत विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

## 27 को रहेगा अवकाश

**चित्रकूट** । जनपद न्यायाधीश शेषमणि ने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में रामनवमी अवकाश 26 मार्च के स्थान पर 27 मार्च शुक्रवार को रामनवमी सार्वजनिक अवकाश घोषित करते हुए 26 मार्च को न्यायिक कार्य के लिए सभी जिला न्यायालय खोले जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके अनुपालन में 27 मार्च को इस न्यायिक अधिष्ठान के बाह्य न्यायालय मऊ, ग्राम न्यायालय मानिकपुर सहित सभी न्यायालय में अवकाश रहेगा तथा 26 मार्च बृहस्पतिवार को इस न्यायिक अधिष्ठान के वाह्य न्यायालय सहित सभी न्यायालय न्यायिक कार्य के लिए खोले जाएंगे।

## 2 छात्र गुजरात के लिए रवाना

**चित्रकूट** । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीके शर्मा ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के अनुमोदन के क्रम में जनपद स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में चयनित 2 श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सुधा कक्षा 7 उच्च प्राथमिक विद्यालय इटौरा पहाड़ी एवं सिजय कक्षा 6, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय मानिकपुर। उक्त दोनो छात्र-छात्राओं को राज्य के बाहर 4 दिवसीय एक्सपोजर विजिट गुजरात गांधीनगर के लिए हवाई जहाज द्वारा कराया जा रहा है।

## भूदान के 75 वर्ष ग्राम स्वराज और जल संरक्षण का संदेश लेकर मुख्यालय पहुंचे

**चित्रकूट**। संत विनोबा भावे की ऐतिहासिक भूदान यज्ञ पदयात्रा के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विनोबा सेवा आश्रम, शाहजहांपुर के लोक सेवक रमेश भैया और विमला बहन सोमवार को चित्रकूट पहुंचे। रामघाट पर सर्वोदय सेवा आश्रम के कार्यकर्ताओं और स्थानीय समाजसेवियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर रमेश भैया ने बताया कि यह विशेष यात्रा विनोबा भावे के ब्रह्म विद्या मंदिर आश्रम से शुरू होकर हैदराबाद के उस गांव तक जाएगी, जहां से भूदान यज्ञ का श्रीगणेश हुआ था। उन्होंने याद दिलाया कि जून 1952 में विनोबा भावे चित्रकूट आए थे और बेड़ी पुलिया स्थित आश्रम में रुककर समानता का संदेश दिया था। उन्होंने तब स्पष्ट कहा था। कि राम काज कीन्हे बिनु मोहि कहां विश्राम। विनोबा का मंत्र जय जगत और लक्ष्य विश्व शांति था, जिसे आज के दौर में पुनः जन-जन तक पहुँचाना अनिवार्य है। कार्यक्रम में लोक सेवक अभिमन्यु भाई ने वर्तमान भूमि संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि आज नए स्वरूप के जमींदार पैदा हो रहे हैं।

# केंद्रीय रामनवमी महोत्सव समिति जनपद की नई कार्यकारिणी घोषित

जन एक्सप्रेस । बांदा




स्थानीय रामलीला मैदान में दिन मंगलवार को केंद्रीय रामनवमी महोत्सव समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत द्वारा की गई।बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी रामनवमी के पावन अवसर पर निकलने वाले भव्य बाइक जुलूस एवं राम जन्मोत्सव शोभायात्रा की रूपरेखा तैयार करना था।संरक्षक मंडल द्वारा संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें ऊर्जावान युवाओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। घोषित कार्यकारिणी में अध्यक्ष अभिषेक पांडेय,महामंत्री लव सिन्हा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष रजत रावत,संयुक्त महामंत्री रमाशंकर राजपूत,पंकज खटीक,शिवम चौरसिया
वरिष्ठ मंत्री बाबूराम निषाद,दीपक गुप्ता,उपाध्यक्ष विवेक कछवाह, शुभांशु खरे,यश राज गुप्ता, मनोज दीक्षित,विकास गुप्ता,सागर गोयल, कुलदीप नामदेव,मयंक निगम सोशल मीडिया प्रभारी श्लोक द्विवेदी मीडिया प्रभारी(प्रवक्ता) राहुल नामदेव बनाये गये।बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रामनवमी का उत्सव अत्यंत भव्य और अनुशासित तरीके से मनाया जाएगा।सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अभी से अपने-अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु जुट जाएं ताकि नगर में निकलने वाला जुलूस ऐतिहासिक हो बैठक के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने भगवान श्री राम के जयघोष के साथ सफल आयोजन का संकल्प लिया संचालन संरक्षक चंद्र मोहन बेदी की संरक्षण में हुई।

# टीबी मुक्त ग्रामों के प्रधानों को प्रशस्ति पत्र के साथ ही महात्मा गांधी की मूर्ति देकर सम्मानित किया गया


जन एक्सप्रेस । हमीरपुर



विश्व क्षय रोग दिवस के मौके पर विकास भवन कुछेछा में सीडीओ सुरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सीएमओ गीतम सिंह ने टी0बी0 मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों को प्रशस्ति-पत्र के साथ महात्मा गांधी की मूर्ति देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने दीप जलाकर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मौजूद टी0बी0 मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र के साथ ही महात्मा गांधी की मूर्ति देकर सम्मानित किया गया। दावा किया गया कि अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राम प्रधानों से माह दिसम्बर 2026 तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों को टी0बी0 मुक्त बनाये जाने की अपील की गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीतम सिंह ने क्षय रोगियों से उचित पोषण आहार के साथ ही वक्त पर दवायें लेने की अपील करने के साथ ही टीबी के बारे में तफसील से जानकारी देते हुये कार्यक्रम में आये अधिकारियों से टीबी के मरीजों को वक्त से पोषण सामग्री बांटने की अपील की। डा0 बी0पी0 सिंह, जिला टीबी अधिकारी ने इस मर्ज के बारे में जानकारी देते हुये रोगियों को वक्त पर दवा लेने के साथ ही पूरा इलाज करने के लिये आम लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन कर आये हुये महमानों का दिल जीतने वाले स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल यादव की जमकर प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में जिले के अधिकारियो के साथ ही कर्मचारी मौजूद रहे।

# भगवान शिव द्वारा माता पार्वती को सुनाई गई रामकथा सुन श्रोतागण हुए राममय

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



पूज्य संत रणछोड़ दास महाराज के कर कमलों से जानकीकुंड में स्थापित रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा के तत्वाधान में विद्याधाम विद्यालय प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय रामकथा में वृंदावन से पधारे मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महराज द्वारा राम कथा का रामभक्तो को रसपान कराया जा रहा है। कथा के पांचवे दिन सर्वप्रथम सदगुरू सेवा संस्थान के ट्रस्टी एवं संस्थान के अध्यक्ष विशद भाई मफतलाल की धर्म पत्नी रूपल बहन ने रामकथा की पोथी और महराज का पूजन अर्चन किया। इसके बाद महराज ने अपनी मधुर, वाणी से आए कथा श्रोताओं को भगवान शिव द्वारा माता पार्वती को सुनाई गई। रामकथा प्रसंग का रसपान कराते हुए बताया कि एक बार माता पार्वती ने भगवान शिव से पूछा कि श्रीराम कौन हैं और उनका वास्तविक स्वरूप क्या है। तब भगवान शिव ने माता पार्वती को रामकथा और उनकी महिमा सुनाने लगे और बताया कि श्रीराम कोई साधारण मनुष्य नहीं, बल्कि स्वयं विष्णु के अवतार हैं, जो धर्म की स्थापना और अधर्म के नाश के लिए पृथ्वी पर प्रकट हुए।
भगवान शिव ने राम के जन्म, उनके वनवास, सीता हरण और रावण वध की पूरी कथा बड़े प्रेम और भक्ति भाव से सुनाई। कथा सुनाते समय शिव स्वयं भी राम के गुणों में इतने तल्लीन हो गए कि उनकी आंखों से आंसू बहने लगे। उन्होंने यह भी बताया कि राम का नाम ही इतना शक्तिशाली है कि उसका स्मरण करने मात्र से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। माता पार्वती ने इस कथा को अत्यंत श्रद्धा से सुना और वे भी श्रीराम की भक्ति में लीन हो गईं। महराज ने बताया कि इस प्रकार यह प्रसंग न केवल राम की महिमा का वर्णन करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि स्वयं भगवान शिव भी राम के परम भक्त हैं। महराज द्वारा इस प्रसंग को सुन सभी श्रोतागण भक्ति भाव से विभोर हो उठे। इस मौके पर चित्रकूट के सभी संत महंत, आमजनमानस एवं सदगुरू परिवार के समस्त सदस्य मौजूद रहे।

## अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी टीम की कार्यवाही, बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त और लहन नष्ट

**चित्रकूट**। आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार एवं जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम द्वारा थाना कर्वी के अंतर्गत तरी मोहल्ला सीतापुर में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी गई तथा संदिग्ध स्थलों की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान लगभग 200 किलोग्राम लहन बरामद किया गया, जिसे मौके पर ही विधिपूर्वक नष्ट कर दिया गया। साथ ही दबिश के दौरान 30 लीटर अवैध शराब जब्त कर मौके से 4 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए जिनके विरुद्ध संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के व्यापार में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# भारतीय रेड क्रास सोसाइटी जनपद की नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने जिलाधिकारी से की मुलाकात

जन एक्सप्रेस । बांदा



मंगलवार को भारतीय रेड क्रास सोसाइटी की नव निर्वाचित समिति के सचिव अमित सेठ भोलू की अगवाई में जिलाधिकारी से जिलाधिकारी कार्यालय में भेंट की गई।भेंट वार्ता के दौरान जिलाधिकारी जे0रीभा0 ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी एवं रेड क्रास सोसाइटी को मजबूत करने के लिए एक कठोर रणनीति बनाने के लिए सुझाव दिया। साथ ही कमेटी के साथ यह भी चर्चा हुई की रेड क्रॉस सोसाइटी के भवन को साफ सफाई करवा कर अच्छे से मेंटेन किया जाए तथा समिति भवन के आगे पीछे के कब्जे को कब्जा मुक्त करवा कर जनहित की कल्याणकारी योजनाओं में भारतीय रेड क्रास सोसाइटी को सहभागिता निश्चित करते हुए जनता को लाभ पहुंचाया जाए।समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को उनकी इच्छा अनुसार जनहित के कार्य करने हेतु पूर्ण सहमति एवं सहयोग का वादा किया गया और सोसाइटी की एक बैठक कर आगे की रणनीति तय कर जिलाधिकारी को अवगत कराने का आश्वासन दिया गया।इस अवसर पर संजय ओमर,मयंक खरे,रामबहोरी शिवहरे (पप्पू भैया)भुवनेंद्र रावत, आदित्य सिंह परिहार ,सुनील सक्सेना,रेखा भटनागर,तरुण खरे पंकज गुप्ता आदि समेत सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बांदा



मंगलवार को डा0 विजेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जिला महिला चिकित्सालय (पीपीसी) में एचपीवी टीकाकरण अभियान का उद्घाटन किया गया।सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 14 वर्ष से 15 वर्ष तक की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की एक डोज दी गयी। यह टीका पूर्णतया सुरक्षित है। देश एवं प्रदेश स्तर पर 28 फरवरी को एचपीवी टीकाकरण का शुभारम्भ किया जा चुका है। जनपद में सर्वप्रथम इसके लिये जिला महिला चिकित्सालय (पीपीसी) में सोमवार से शनिवार तक सत्र लगाकर एच0पी0वी0 टीकाकरण किया जायेगा इसके उपरान्त जनपद के अन्य कोल्ड चैन प्वाइंट पर भी यह प्रारम्भ किया जायेगा।जिला महिला चिकित्सालय (पीपीसी) में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बडोखरखुर्द अटल आवासीय विद्यालय अछरौंड एवं आशाओं द्वारा लायी गयी विभिन्न क्षेत्रों की बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया गया।जिसमें विद्यालय के शिक्षकों एवं आशाओं द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया।आप सभी जनपद वासियों से अपील है कि आप अपनी 14 वर्ष से 15 वर्ष तक की बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण करायें जिससे उन्हें सर्वाइकल कैंसर से बचाव हो सके। यू-विन पोर्टल पर एचपीवी टीकाकरण हेतु स्वयं के मोबाइल नं से लागिंन कर एचपीवी टीकाकरण हेतु नजदीकी सत्र स्थल चुनते हुये ऑनलाइन अप्वाइंमेंट बुक करा सकते हैं इसके उपरान्त चुनी हुयी तिथि एवं समय पर सत्र स्थल पर जाकर अपना एच0पी0वी0 टीकाकरण करा सकते हैं साथ ही यू-विन पोर्टल पर टीकाकरण उपरान्त टीकाकरण प्रमाण पत्र भी डाउनलोड कर सकते हैं। यदि पोर्टल पर स्वयं से रजिस्ट्रेशन नहीं किया गया हो तो सत्र स्थल पर लाभार्थी के उम्र का प्रमाण पत्र एवं मोबाइल नं साथ लेकर अवश्य जायें जिससे वहां स्वास्थ्यकर्मी द्वारा रजिस्ट्रेशन कर टीकाकरण किया जा सके ।
इस अवसर पर डा सुनीता सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सा, डा आरएन प्रसाद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा पीके पाण्डेय अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा विजय शंकर केसरवानी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, अवंतिका तिवारी डीएमसी यूनीसेफ,रोहित कुमार सिंह वीसीसीएम यूएनडीपी, संदीप पराशर जेएसआई, दिलीप द्विवेदी डिस्ट्रिक क्वार्डिनेटर जीरो डोज यूनीसेफ, प्रेम पाल यूएचसी, स्टाफ, एएनएम व आशायें उपस्थित थीं। रामकुमार पाल एलएचवी, अरविन्द कुमार वर्मा सीए (आरआई) एवं पीपीसी स्टाफ उपस्थित रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, बुधवार, 25 मार्च, 2026






**एलपीजी की डिलिवरी सामान्य, पीएनजी...**

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार ने अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता के दौरान देश में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति स्थिति पर महत्वपूर्ण जानकारी दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं को... पढ़ें पेज 12 पर...

# निवेश मित्र 3.0 का शुभारंभ: सीएम योगी बोले, माफिया कोई भी हो, दुस्साहस किया तो यमराज के यहां का टिकट कट रहा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को लोकभवन में एआई-आधारित उन्नत सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र 3.0 का शुभारंभ किया। यह पहल प्रदेश में निवेश बढ़ाने, उद्योग स्थापना प्रक्रिया को सरल बनाने और उत्तर प्रदेश को 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के उद्देश्य से शुरू किया गया। साथ ही यूपी प्राइवेट बिजनेस पार्क डेवलपमेंट स्कीम-2025 का भी शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फूड प्रोसेसिंग, ऑटोमोबाइल सहित विभिन्न क्षेत्रों की 85 कंपनियों को लेटर्स ऑफ कम्फर्ट, एलिजिबिलिटी सर्टिफिकेट, भूमि आवंटन पत्र और 2,781.12 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। डीबीएफओटी (पीपीपी) मॉडल पर आधारित प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल शेड्स योजना भी शुरू हुई, जिससे निवेशक तुरंत उत्पादन शुरू कर सकेंगे। इन्वेस्ट यूपी दो कंपनियों के साथ एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल और द कन्वर्जेंस फाउंडेशन के साथ स्किल कनेक्ट सेल हेतु एमओयू करेगा। कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सीएम ने कहा, यूपी में कभी लगभग ढाई एयरपोर्ट ही संचालित होते थे। ढाई का मतलब दो एयरपोर्ट पूरी तरह क्रियाशील थे, लखनऊ और वाराणसी। जबकि गोरखपुर और आगरा आधे माने जाते थे। गोरखपुर में एक फ्लाइट आती थी, वो भी कभी-कभी। आगरा में भी यही स्थिति थी। कोई मजबूत एयर कनेक्टिविटी का वातावरण नहीं था। आज यूपी के पास 16 डोमेस्टिक एयरपोर्ट हैं। 4 इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। भारत का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर में बन रहा है। इसका उद्घाटन 28 तारीख को प्रधानमंत्री के कर कमलों से होगा। यह देश का सबसे बड़ा कार्गो और लॉजिस्टिक हब बनेगा। इसके साथ ही जेवर में एमआरओ सुविधा भी दी जा रही है। एयरक्राफ्ट मेंटिनेंस, रिपेयर और ओवरहॉलिंग की यह सुविधा देश में पहली बार होगी।

### पहले माफिया का प्रभाव था और कोई सुरक्षित नहीं था

सीएम योगी ने कहा, 2017 में जब हम निवेश की बात करते थे तो निवेशक हंसते थे। कुछ लोग कहते थे कि हमने 5 साल पहले ही संकल्प ले लिया है कि यूपी नहीं जाएंगे। पहले माफिया का प्रभाव था और कोई सुरक्षित नहीं था। हर जिले में समानांतर सरकार चलती थी। कोई सुरक्षित नहीं था। तब माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई। अब माफिया कोई भी हो, दुस्साहस किया तो वह यमराज के यहां का टिकट काट रहा है।

# लखनऊ में गैस माफिया पर डीएसओ का शिकंजा

**किल्लत के बीच कालाबाजारी पर ताबड़तोड़ छापे, हॉकर्स को दो टूक, अब शिकायत पर सीधे कानूनी वार**

- गैस की कालाबाजारी पर प्रशासन का सख्त रुख, शिकायत मिलते ही गठित होगी जांच टीम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



रसोई गैस की बढ़ती किल्लत के बीच कालाबाजारी पर आखिरकार प्रशासन का डंडा चल गया है। जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) के नेतृत्व में आपूर्ति विभाग की टीम ने मंगलवार को शहर के कई इलाकों में ताबड़तोड़ छापेमारी कर गैस माफिया के नेटवर्क पर सीधा प्रहार किया। टीम ने विभिन्न गैस एजेंसियों से जुड़े हॉकर्स के ठिकानों पर पहुंचकर गहन जांच की और मौके पर ही सख्त चेतावनी जारी की। अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि कालाबाजारी की जरा सी भी शिकायत मिलने पर तत्काल जांच टीम गठित की जाएगी और दोषियों के खिलाफ बिना किसी ढिलाई के कड़ी वैधानिक कार्रवाई होगी। सूत्रों के मुताबिक, शहर में लंबे समय से गैस सिलेंडरों की कृत्रिम कमी पैदा कर ऊंचे दामों पर बेचने का खेल चल रहा था। आम उपभोक्ता जहां एक-एक सिलेंडर के लिए भटकने को मजबूर हैं, वहीं मुनाफाखोर इस संकट को अवसर में बदलकर जेबें भर रहे थे। डीएसओ की इस सख्त कार्रवाई से गैस एजेंसियों और हॉकर्स में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि अब कालाबाजारी पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति लागू होगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही या मिलीभगत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर दस्तावेजों की जांच में अनियमितताएं भी सामने आईं, जिनमें गैस वितरण रजिस्टर और स्टॉक में अंतर पाया गया। अधिकारियों ने संबंधित एजेंसियों को तुरंत सुधार के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि रिकॉर्ड में गड़बड़ी मिलने पर लाइसेंस निरस्तीकरण तक की कार्रवाई की जा सकती है। विभाग ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं गैस सिलेंडर की कालाबाजारी, ओवरचार्जिंग या कृत्रिम कमी की जानकारी मिले तो तत्काल शिकायत दर्ज कराएं। प्रशासन का कहना है कि उपभोक्ताओं की सक्रिय भागीदारी से ही इस तरह के अवैध नेटवर्क को पूरी तरह खत्म किया जा सकता है।

### दोषी पाए जाने पर सीधे कानूनी कार्रवाई

'किल्लत में खेल नहीं चलेगा' प्रशासन ने साफ कर दिया है कि आम जनता की जरूरतों से खिलवाड़ करने वालों पर अब सीधी कार्रवाई होगी। छापेमारी आगे भी जारी रहेगी।

# सौर नवाचार को मिली नई उड़ान: एमएसएमई मंत्री के मार्गदर्शन में युवाओं का अनोखा प्रयोग

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- जीएल बजाज के छात्र देव मंथन का 'सोलर रिचार्जेबल लाइट-प्रोजेक्शन फ्रेम' आत्मनिर्भर भारत की मिसाल

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान के मार्गदर्शन में एक युवा नवाचार ने नई दिशा प्राप्त की है, जिसने न केवल तकनीक और रचनात्मकता को जोड़ा है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया है। जीएल बजाज संस्थान के बीटेक मैकेनिकल छात्र देव मंथन द्वारा विकसित भारत का पहला सोलर आधारित और रिचार्जेबल लाइट-प्रोजेक्शन फोटो फ्रेम आज नवाचार और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर उभर रहा है।यह फ्रेम अपनी संरचना और कार्यप्रणाली के कारण बेहद खास है। सामान्य स्थिति में यह बिल्कुल साधारण दिखाई देता है, लेकिन जैसे ही इसके पीछे प्रकाश डाला जाता है, इसमें छिपा हुआ चित्र, डिजाइन या संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आता है। ' हिडेन इन प्लेन साइट' की अवधारणा पर आधारित यह प्रयोग तकनीकी दृष्टि से जितना रोचक है, उतना ही व्यावहारिक भी।इस नवाचार की दिशा उस समय बदली जब देव मंथन की मुलाकात एमएसएमई मंत्री राकेश सचान से हुई। प्रारंभिक रूप से यह फ्रेम पारंपरिक बिजली आधारित बैकलाइट पर निर्भर था, जिससे इसकी उपयोगिता सीमित हो जाती थी। मंत्री सचान ने इस प्रोजेक्ट का अवलोकन करते हुए इसे सोलर ऊर्जा से जोड़ने का सुझाव दिया।यह सुझाव इस प्रोजेक्ट के लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। मंत्री का मानना था कि नवाचार केवल तकनीकी नहीं, बल्कि टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल भी होना चाहिए। उनके इसी दृष्टिकोण ने एक साधारण प्रोटोटाइप को उन्नत और व्यवहारिक उत्पाद में बदलने की राह दिखाई। मंत्री सचान के सुझाव के बाद देव मंथन ने अपने मेंटर विश्वास गुप्ता के साथ मिलकर इस दिशा में काम शुरू किया। करीब 15-20 दिनों तक लगातार प्रयोग, असफलताओं और सुधारों के बाद उन्होंने एक ऐसा फ्रेम विकसित किया, जो सोलर पैनल के माध्यम से चार्ज होता है और पूरी तरह वायरलेस तरीके से काम करता है। अब यह फ्रेम कहीं भी आसानी से लगाया जा सकता है, चाहे घर के अंदर हो या बाहर। यह न केवल बिजली की बचत करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देता है। प्रोजेक्ट में एमएसएमई विभाग की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। मंत्री राकेश सचान के नेतृत्व में विभाग लगातार युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए प्रेरित कर रहा है। एमएसएमई के माध्यम से युवाओं को न केवल मार्गदर्शन मिलता है, बल्कि उन्हें अपने विचारों को उत्पाद में बदलने के लिए संसाधन और प्लेटफॉर्म भी उपलब्ध कराए जाते हैं। यह पहल 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का काम कर रही है।

## जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रदान करेगा उत्तर भारत के आर्थिक विकास को नई गति: पंकज चौधरी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने जेवर गौतमबुद्धनगर में पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में आगामी 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन एवं प्रस्तावित विशाल जनसभा की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों, जनसम्पर्क अभियान तथा व्यवस्थाओं के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर तीव्र गति से अग्रसर है। बीते वर्षों में देश ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल क्रांति, औद्योगिक विकास तथा सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उत्तर प्रदेश में भी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में विकास की नई धारा प्रवाहित हुई है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण है, जो न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे उत्तर भारत के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के साथ क्षेत्र को वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बनाएगी।

# '20 महीने से भटके किसान, अब आमरण अनशन की चेतावनी, 26 मार्च से रहीमाबाद में बिगड़ेगा मोर्चा'

- मुआवजे को लेकर सैकड़ों किसानों का गुस्सा उबाल पर, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल—आंदोलन उग्र होने की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




करीब 20 महीनों से मुआवजे की मांग को लेकर धरना दे रहे रहीमाबाद और भक्ति खेड़ा के सैकड़ों किसानों का सब्र अब जवाब दे चुका है। बार-बार ज्ञापन, प्रदर्शन और सांकेतिक भूख हड़ताल के बावजूद प्रशासन की कथित उदासीनता से आक्रोशित किसानों ने अब निर्णायक लड़ाई का ऐलान कर दिया है। भारतीय किसान मजदूर यूनियन (दसहरी संगठन) के बैनर तले 26 मार्च से 2 अप्रैल तक आमरण अनशन शुरू करने की घोषणा की गई है, जिससे प्रशासनिक तंत्र में हलचल तेज हो गई है। किसानों का आरोप है कि हर दिन 11 किसान सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठते रहे, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने न तो मौके पर पहुंचकर उनकी सुध ली और न ही समस्या के समाधान की कोई ठोस पहल की। किसानों का कहना है कि उनकी जमीनों का मुआवजा लंबे समय से लंबित है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। 'सियासत अपनी चालों से कब बाज आएगी, किसान को कब उसका हक मिलेगा '—इसी पीड़ा के साथ किसान अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यह आमरण अनशन पूरी तरह शांतिपूर्ण होगा, लेकिन यदि इस दौरान कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस बार भी समाधान नहीं निकला, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा, जिसकी जवाबदेही शासन-प्रशासन को उठानी पड़ेगी। प्रशासन की चुप्पी और किसानों के तेवर को देखते हुए 26 मार्च से रहीमाबाद का धरना स्थल एक बड़े आंदोलन का केंद्र बन सकता है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि क्या प्रशासन आखिरी वक्त में पहल करता है या फिर किसानों का गुस्सा सड़कों पर नया विस्फोट करेगा।

# अकड़रिया कलां गांव में गोमती नदी में मछलियों की मौत का मामला, मंत्री संजय निषाद ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत अकड़रिया कलां ग्राम पंचायत के मजरा हीरापुरवा गांव के पास गांव के निवासी रूपन कश्यप के नाम तालाब का पट्टा है। सोमवार को गांव के बाहर गोमती नदी के आसपास अधिक संख्या में मृत मछलियां मिलीं, आशंका जताई जा रही है तालाब की मरी हुई सारी मछलियों को गोमती नदी में फेंक दीया गया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, वीडियो का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद गोमती नदी तट के किनारे जिस जगह मछली डाली गई वहां का निरीक्षण किया और मछली पालक से मुलाकात कर मछली पालन के बारे में जानकारी की। दौरान संजय निषाद ने कहा कि सरकार मछली पालन के लिए तमाम योजना चल रही है, रूपन कश्यप ने कहा कि मुझे किसी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस पर मंत्री ने नाराज होते हुए एसडीएम को फटकार लगाई और मस्त्यत विभाग की टीम को सभी योजनाओं जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए। वही मंत्री संजय निषाद मौके पर पहुंचकर गोमती नदी का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम बीकेटी, एडीएम लखनऊ, समेत तमाम अधिकारियों का जमावाड़ा लग गया। वहीं गोमती नदी में प्रदूषण के आरोपों पर मंत्री ने साधी चुप्पी,नदी किनारे मछलियों को कुत्ते खाते दिखे, क्षेत्र में नदी में बड़ी संख्या में मछलियों के अचानक मरने की खबर से प्रशासन में हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही संबंधित विभागों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आनन-फानन में मंत्री समेत जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल पर एसडीएम बीकेटी एडीएम और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों का जमावड़ा लग गया?। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह नदी में बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियां तैरती नजर आई। जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना पानी में बढ़ते प्रदूषण का परिणाम हो सकती है। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि जिससे जल प्रदूषण बढ़ रहा है। मंत्री संजय निषाद बीकेटी तहसील के अंतर्गत मकसद विभाग में सभी को योजनाओं के बारे में बताने उनका लाभ पहुंचाने के लिए कहा गया। ग्राम प्रधान अकड़िया कल से भी कहा गया कि आप योजनाओं को ग्राम पंचायत सचिवालय कार्यालय पर ग्रामीणों को बात कर योजना का ग्रामीणों को लाभ दिलवाएं। इस दौरान एटीएम लखनऊ एसडीएम बीकेटी एसीपी बीकेटी इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक शोभरान सिंह सहित तमाम आलाधिकारी मौजूद रहे।

# आवंटित धनराशि का 28 मार्च तक शत-प्रतिशत किया जाय उपयोग

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये हैं कि चालू वित्तीय वर्ष हेतु सभी मदों में आवंटित धनराशि का 28 मार्च तक शत-प्रतिशत उपयोग किया जाए। किसी भी दशा में बजट सरेण्डर न किया जाए। आवंटित बजट का एक रूपया भी न लैप्स होने पाये। जिन योजनाओं या कार्यों का भुगतान लंबित है उसे तत्काल पूरा किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओ को निर्धारित अवधि में पूरा किया जाए और कार्य समाप्ति के उपरान्त संबंधित योजना का उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र प्रस्तुत किया जाए। वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के लक्ष्य को हासिल करने में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग की अहम भूमिका है। योजनाओं की नियमित निगरानी की जाए। समय पर धनराशि आवंटित की जाए और उसका सदुपयोग किया जाए। गौ संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। गौशालाओं में निराश्रित गोवंश को गर्मी एवं लू से बचाव हेतु स्वच्छ पेयजल, चारा तथा तिरपाल आदि की व्यवस्था की जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने मंत्री को पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि चालू वित्तीय वर्ष में विभिन्न योजनाओं में बजट आवंटन तथा वित्तीय स्वीकृतियों का कार्य समयबद्ध रूप से पूरा कर लिया जाए।

# नवनिर्माण के नौ वर्ष: स्वास्थ्य सेवाओं में यूपी बना देश में अग्रणी, डिजिटल हेल्थ में बनाया रिकॉर्ड

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। योगी सरकार ने इस दौरान न केवल आधारभूत ढांचे को मजबूत किया, बल्कि डिजिटल हेल्थ, आपात सेवाओं, मातृ-शिशु देखभाल समेत स्वास्थ्य सेवा के हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश आज कई स्वास्थ्य मानकों पर देश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है।

## जिलों में मिल रही डायलिसिस की निशुल्क सुविधा

योगी सरकार में प्रदेश में 75 जिलों के अस्पतालों में निःशुल्क डायलिसिस सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे 41.46 लाख से अधिक मरीज लाभान्वित हुए हैं। जिलों में सीटी स्कैन सेवा शुरू की गई है। दूरदराज के क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन और टेली कंसल्टेशन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कॉर्पोरेशन की स्थापना की, जिससे दवाओं की गुणवत्ता और आपूर्ति में पारदर्शिता आई है। साथ ही, 798 स्वास्थ्य इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। खाद्य सुरक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में भी प्रदेश ने कदम बढ़ाए हैं। 36 मोबाइल प्रयोगशालाओं के माध्यम से खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। लखनऊ, मेरठ और वाराणसी में माइक्रोबायोलॉजी लैब स्थापित कर खाद्य गुणवत्ता की निगरानी को मजबूत किया गया है। फार्मास्यूटिकल रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए 'प्रमोद फार्म' संस्था की स्थापना भी की गई है। इसके अलावा, प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा योजना लागू की गई है, जिससे उन्हें कैशलेस इलाज की सुविधा मिल रही है। वहीं, विभिन्न विभागों से जुड़े लाखों परिवारों को भी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में शामिल किया गया है।

## बीपीएचयू के जरिए उपलब्ध कराएगी स्वास्थ्य सेवाएं

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को ब्लॉक स्तर तक मजबूत और आधुनिक बनाने की तैयारी तेज हो गई है। योगी सरकार राज्य के विभिन्न ब्लॉकों में 142 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) स्थापित करने जा रही है। इन यूनिटों के जरिये ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को जांच, पंजीकरण और प्राथमिक उपचार की बेहतर सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। हर ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट को करीब 50 लाख रुपये की लागत से हाईटेक बनाया जाएगा। इनमें इंचार्ज कक्ष, रजिस्ट्रेशन रूम, वेटिंग रूम, सेंट्रल इंटीग्रेटेड लैब समेत कई आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। इनका निर्माण मौजूदा पीएचसी और सीएचसी के भीतर ही कराया जाएगा, ताकि पहले से उपलब्ध स्वास्थ्य ढांचे को और अधिक सक्षम बनाया जा सके।

## ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान होगी

पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि योगी सरकार की योजना केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इन इकाइयों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इससे ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान होगी और मरीजों को जिला अस्पतालों पर निर्भरता कम रहेगी।

## सुविधाएं बढ़ने से समय और खर्च दोनों की बचत होगी

ग्रामीण इलाकों में रहने वाले मरीजों को अब छोटी-बड़ी जांच और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। ब्लॉक स्तर पर सुविधाएं बढ़ने से समय और खर्च दोनों की बचत होगी। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच में भी सुधार आएगा।

## गांव के करीब मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवा

पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि बीपीएचयू मॉडल के लागू होने के बाद ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य ढांचा मजबूत होगा। इससे मरीजों को पंजीकरण से जांच तक की कई सुविधाएं एक ही जगह उपलब्ध हो सकेंगी।

## जिलाधिकारी की समग्र देख-रेख में होगा काम

जनपद स्तर पर जिला पंचायतों द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर निर्माण के लिए समस्त कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप जिलाधिकारी की समग्र देख-रेख में किए जाएंगे। ब्लॉक और ग्राम पंचायतों को उनके क्षेत्राधिकार में आने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की इन घटकों की योजना बनाने एवं निगरानी में शामिल किया जाएगा।

### 5.76 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार किए गए

योगी सरकार ने प्रदेश में डिजिटल हेल्थ के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 5.76 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार किए हैं। माइक्रोसाइट प्रोजेक्ट के तहत 35 माइक्रोसाइट्स का संचालन किया जा रहा है, जहां 4.4 लाख से अधिक रिकॉर्ड पंजीकृत कर प्रदेश ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस पोर्टल के माध्यम से रोगों की निगरानी और रोकथाम को अधिक प्रभावी बनाया गया है। अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और उनकी कार्यक्षमता पर नजर रखने के लिए 'केयर मॉडल' लागू किया गया है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड के लिए ई-वाउचर की सुविधा दी गई है। जननी सुरक्षा योजना के तहत 13,51,044 लाभार्थियों को लाभ मिला है, जबकि बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 8,79,642 बच्चों का उपचार किया गया है। दस्तक अभियान के जरिए एईएस-जेई जैसी बीमारियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 22,681 आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालित हैं। आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के तहत 13.18 करोड़ से अधिक लोगों का पंजीकरण किया गया है। हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री में 81,615 से अधिक पंजीकरण कर प्रदेश देश में अग्रणी बना है।

### मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के जरिए 1.80 करोड़ से अधिक मरीजों का उपचार

आयुष्मान भारत योजना के तहत 1.31 करोड़ परिवारों के 5.59 करोड़ लाभार्थियों के कार्ड बनाए गए हैं। 9 करोड़ से अधिक लोगों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क चिकित्सा सुरक्षा कवच प्रदान किया गया है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 7.34 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत 50.64 लाख परिवारों के 1.50 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा दी गई है। स्वास्थ्य अवसंरचना के विस्तार में भी प्रदेश ने बड़ी छलांग लगाई है। सभी जिलों में 873 जन औषधि केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। 63,407 हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्रेशन के साथ उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश में अब तक 13,353 करोड़ रुपये खर्च कर 81.55 लाख मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जा चुका है। आयुष्मान योजना से जुड़े 6,213 अस्पतालों (2950 सरकारी और 3263 निजी) का नेटवर्क देश में सबसे बड़ा है। आपातकालीन सेवाओं में 108 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से 4 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ मिला है। एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाकर 375 कर दी गई है। एम्बुलेंस सेवाओं की पहुंच और क्षमता में सुधार करते हुए प्रतिदिन की दूरी 60 किमी से बढ़ाकर 120 किमी कर दी गई है। इसके साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के जरिए 1.80 करोड़ से अधिक मरीजों का उपचार किया गया है।

# प्रदेश सरकार द्वारा भूमाफियाओं के विरूद्ध की गई कड़ी कार्यवाही से पीड़ितों को मिला न्याय

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जमीन का विवाद सदियों से जगजाहिर रहा है। एक देश दूसरे देश को जीतता था तो उस देश की पूरी भूमि का हक विजेता देश की हो जाती थी। जमीन ऐसी सम्पदा रही जो व्यक्तियों के लिए खाने के लिए अन्न, पशुओं को चारा आदि सभी प्राकृतिक व भौतिक वस्तुओं का उत्पादन करती रही, साथ ही जमीन के मालिकाना हक से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति और सामाजिक सम्पन्नता आंकी जाती थी। भूमि की महत्ता हर काल में रही है। आज भी भूमि की बड़ी महत्ता है। वह भूमि चाहे खेती, बागवानी या आवासीय हो, सभी जमीन की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्ता है। समाज में हर तरह के लोग रहते हैं। गरीब, मध्यवर्ग, अमीर वर्ग और अच्छे, बुरे लोग भी हैं। प्रदेश में कई दबंग, गुण्डे आदि लोगों ने गरीबों, अनुसूचित जातियों, कमजोर वर्गों, ग्राम समाज व सरकारी शहरी जमीनों पर अवैध कब्जा कर अपना हक बना लिया था। हजारो एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा कर लोग मालामाल हो रहे थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गरीबों कमजोरों और ग्राम पंचायत, शहरी जमीनों, सार्वजनिक सम्पत्तियों पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध पूरे प्रदेश में एण्टी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन करते हुए एण्टी भू-माफिया अभियान चलाया। प्रदेश में सार्वजनिक सम्पत्तियों पर हुये अवैध कब्जों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कराये जाने हेतु 1 मई, 2017 द्वारा चार स्तरीय-राज्य, मण्डल, जनपद एवं तहसील स्तरीय एण्टी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

प्रदेश में अवैध कब्जे से सम्बन्धित शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज किये जाने एवं कृत कार्यवाही का प्रभावी अनुश्रवण किये जाने हेतु एण्टी भू-माफिया पोर्टल का विकास किया गया है, जिसमें दर्ज शिकायतों पर सम्यक कार्यवाही करते हुए वैधानिक कार्यवाही की गई है। प्रदेश में एण्टी भू-माफिया पोर्टल पर अवैध कब्जे से सम्बन्धित कुल 4.22 लाख शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें से सभी शिकायतें निस्तारित करते हुए वास्तविक भूमालिकों को कब्ज़ा दिलाया गया। प्रदेश में चलाये गये एण्टी भू-माफिया अभियान के अन्तर्गत कुल 72,029.46 हेक्टेयर क्षेत्रफल अवैध अतिक्रमण से अवमुक्त कराया गया है।


प्रदेश में चलाये गये इस अभियान के अन्तर्गत 24892 राजस्व वाद, 1135 सिविल वाद व 4742 एफ0आई0आर0 दर्ज करायी गयी है। 1331 अतिक्रमणकर्ताओं को भू-माफिया के रूप में चिन्हित किया गया है, वर्तमान में 211 भू-माफिया जेल में निरुद्ध हैं। प्रदेश में इस अभियान के तहत 1165 अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत, 259 के विरूद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत, 06 के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत, 86 के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत, 319 के विरूद्ध गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत तथा 3213 के विरूद्ध अन्य धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा भू-माफियों के विरूद्ध चलाये गये इस अभियान से वास्तविक मालिकाना हक वाले गरीबों, अनुसूचित जातियों, कमजोरों, महिलाओं सहित आम जनता द्वारा प्रदेश सरकार की प्रशंसा की जा रही है। भू-माफियाओं के विरूद्ध की गई कड़ी वैधानिक कार्यवाही से पीड़ित सहित समाज के लोग प्रदेश सरकार की सराहना कर रहे हैं।

# करंट वाले तार की चपेट में आने से युवक की मौत

## खेतों की सुरक्षा के लिए लगाए गए तार बने जानलेवा, पुलिस जांच में जुटी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जामो थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान सुनील महरा 45 वर्ष पुत्र लल्लन निवासी राम शाहपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह बीती रात साइकिल से अपने घर लौट रहा था।इसी दौरान सेइपुर चौराहे के पास सड़क किनारे खेतों की सुरक्षा के लिए लगाए गए बिजली के तार की चपेट में आ गया।अंधेरा होने के कारण किसी को घटना की जानकारी नहीं हो सकी और शव रातभर घटनास्थल पर ही पड़ा रहा। सुबह ग्रामीणों की नजर पड़ने पर मामले की सूचना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही डायल 112 और जामो थाना पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।प्राथमिक जानकारी में यह भी सामने आया है,कि मृतक शराब के नशे में था,जिससे वह संतुलन खो बैठा और तार की चपेट में आ गया।हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं खेतों की सुरक्षा के लिए लगाए गए करंट वाले तारों को लेकर क्षेत्र में चिंता का माहौल है,क्योंकि ऐसे उपाय लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं।

# नवनिर्माण के नौ वर्ष कार्यक्रम में उद्योग रोजगार व स्वास्थ्य पर जोर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



गौरीगंज स्थित जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ÷नवनिर्माण के नौ वर्ष÷ थीम पर आधारित नौ दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है।इस मेले के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है।और पात्रलाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।मेले में सूचना,स्वास्थ्य,महिला कल्याण राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन,उद्योग,कृषि,समाज कल्याण,जल जीवन मिशन,बैंकिंग एवं कौशल विकास विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं,जहां लोगों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। सूचना विभाग की चित्र प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।कार्यक्रम के सातवें दिन ÷उद्योग, व्यापार एवं रोजगार दिवस÷ मनाया गया,जिसमें बड़ी संख्या में उद्यमियों व व्यापारियों ने भाग लिया।इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान नेदस उद्यमियों व व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर 144 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया गया,साथ ही 25 टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई।कार्यक्रम में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान का भी शुभारंभ किया गया,जिसके तहत जोखिम वाली आबादी की स्क्रीनिंग और उपचार की सुविधा सीएचसी, पीएचसी एवं आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि मेले का उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।साथ ही उन्होंने टीबी उन्मूलन में जन सहभागिता को बेहद जरूरी बताया।और सभी से जागरूक रहने की अपील की।कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी,संबंधित अधिकारी उद्यमी,व्यापारी व बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

## रोहनिया ब्लॉक में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में 8.25 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी

**रायबरेली।** सोमवार को विकासखंड रोहनिया के ब्लॉक परिसर में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित हुई। डॉ. मनोज कुमार पांडेय, ब्लॉक प्रमुख राकेश पासी और खंड विकास अधिकारी सुनील सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की इस बैठक में कुल 8.25 करोड़ रुपये के बजट पर मुहर लगी। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय की उपस्थिति में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 7 करोड़ रुपये का ग्राम पंचायत बजट सर्वसम्मति से पारित हुआ। यह धनराशि क्षेत्र की 26 ग्राम पंचायतों में सड़कों और नालियों के निर्माण पर खर्च की जाएगी। साथ ही, क्षेत्र पंचायत के विशेष कार्यों के लिए 1.25 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट भी पास किया गया।

विधायक ने बैठक में कहा कि मनरेगा के तहत मजदूरों को 15 दिनों के भीतर सीधे बैंक खातों में भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार और बीडीओ सुनील कुमार सिंह की मौजूदगी में डॉ. मनोज पांडेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों को गंभीरता से लें।

# एमएलके पीजी कॉलेज में डीएम की अध्यक्षता में 'शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी' आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



परिषदीय विद्यालयों में छात्रों के लर्निंग आउटकम (सीखने की क्षमता) में सुधार और प्राथमिक शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज एमएलके पीजी कॉलेज के सभागार में जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में एक %शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी% का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में विकासखंड बलरामपुर के समस्त 244 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्याप, एआरपी एवं नोडल संकुल शिक्षक ने प्रतिभाग किया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने प्राथमिक शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। शिक्षकों को लर्निंग लीडर बताते हुए व्यावहारिक दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने कहा कि छात्र से आत्मीय जुड़ाव के लिए केवल पढ़ाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक शिक्षक को अपनी कक्षा के हर बच्चे का नाम और उसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि पता होनी चाहिए। जब शिक्षक छात्र को व्यक्तिगत रूप से समझता है, तभी वह उसे बेहतर ढंग से शिक्षित कर सकता है। कक्षा 1 से 5 तक का समय वह नींव है जिस पर भविष्य की इमारत खड़ी होती है। इस उम्र में सीखी गई बातें जीवन भर के लिए छात्र की कार्यशैली का हिस्सा बन जाती हैं। कक्षा 3 तक के प्रत्येक बच्चे को स्पष्ट रूप से पढ़ना और गणितीय गणनाएँ (गिनती) आनी चाहिए। उन्होंने सभी शिक्षकों से सकारात्मक ऊर्जा के साथ शिक्षण कार्य करने का आह्वान किया।? संगोष्ठी के दौरान उपस्थित शिक्षकों को छात्रों के लर्निंग आउटकम में उन्नयन हेतु विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विशेषज्ञों द्वारा शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों और कक्षा प्रबंधन के गुर सिखाए गए, ताकि शिक्षण कार्य को और अधिक रोचक और परिणामोन्मुखी बनाया जा सके।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधान एवं शिक्षक सम्मानित

विद्यालयों की स्थिति सुधारने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले ग्राम प्रधान कलवारी, खगईजोत, विशुनापुर एवं फरेंदा को डीएम द्वारा सम्मानित किया गया।

### शिक्षक सम्मान

शिक्षण कार्य में नवाचार और समर्पण दिखाने वाले शिक्षक जयशेखर एवं शिक्षिका तृप्ति वर्मा को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य , खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में कक्षा-एलकेजी से लेकर कक्षा-12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप व नये सत्र 2026-27 का प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 24 मार्च, 2026 को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी के नेतृत्व व उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय व राघवेन्द्र त्रिपाठी की संरक्षता में कक्षा-एल0के0जी0 से लेकर कक्षा-12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं ने इस आयोजन को अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से परीक्षा को सम्पन्न कराया। इस परीक्षा में विद्यालय के साथ-साथ बलरामपुर क्षेत्रों के भी अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छोटे बच्चो से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के छात्र-छात्राओं तक सभी ने पूरे मनोयोग और लगन के साथ परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे सभी परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण वातावरण में अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिला। प्रबन्ध निदेशक ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कि इस प्रकार की परीक्षाएं न केवल उनकी ज्ञान क्षमता को बढ़ाती हैं, बल्कि आत्मविश्वास को भी मजबूत करता है। स्कॉलरशिप परीक्षा के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा तथा उन्हें आगे की पढाई में आर्थिक सहायता भी प्रदान की जायेगी। साथ ही यह भी बताया कि जो परीक्षार्थी स्कॉलरशिप परीक्षा नहीं पास कर पाये उन बच्चों का प्रवेश इसी परीक्षा के आधार पर हो जायेगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने विद्यार्थियों के भीतर प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा दिया और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक किया। अंत में यह कहा जा सकता है कि पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कालेज आयोजित यह स्कॉलरशिप परीक्षा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रतिभा को परखना तथा उन्हें आगें बढ़ने के प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएँ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## चैत्र नवरात्रि स्नान मेले को लेकर एसडीएम ने गोकना घाट का किया निरीक्षण

**ऊंचाहार (रायबरेली)।** चैत्र मास वासंतिक नवरात्रि स्नान मेले की तैयारियों को लेकर उपजिलाधिकारी विवेक राजपूत ने नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडेय के साथ गोकना घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मां गंगा गोकर्ण जनकल्याण सेवा समिति के सचिव एवं वरिष्ठ पुरोहित पंडित जितेंद्र द्विवेदी ने प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, नाव, नाविक एवं गोताखोरों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक रत्नाकर शुक्ला, लेखपाल प्रमोद गुप्ता, नाविक अमित निषाद, अर्पित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नवनिर्माण के 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

**जन एक्सप्रेस । 000**

उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आर0डी0ए0 के सामुदायिक केंद्र, रतापुर में 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आज जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया तथा जिला समाज कल्याण विभाग की संचालित योजनाओं में वृद्धा व्यवस्था पेंशन के 10, अनु0जाति व सामान्य वर्ग शादी अनुदान के 07 लाभार्थियों एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग के 04 अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि उ0प्र0 सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस 09 वर्ष में मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उ0प्र0 सरकार ने जनकल्याण के लिए अनेकों कार्य किये गये है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि आम जनमानस तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचे और लोग उन योजनाओं का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय वृद्धा व्यवस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना सहित अन्य योजनाएं संचालित है। आम जनमानस योजनाओं की जानकारी कर उसका लाभ लें तथा अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक कर लाभान्वित करायें। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने समाज कल्याण विभाग की प्रमुख योजनाओं के बारे में जिसमें प्रमुख रूप से संचालित राष्ट्रीय वृद्धा व्यवस्था पेंशन योजना, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप यादव, मुकेश श्रीवास्तव, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन राजीव कुमार सिंह, वंदना सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व लाभार्थी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अन्य जनपदों से आने वाले डम्फरो की खनन टास्क फोर्स की टीम, जिसमें उपजिलाधिकारी डलमऊ सतेन्द्र सिंह व क्षेत्राधिकारी डलमऊ गिरजा शंकर त्रिपाठी व खनन अधिकारी सुरेश (संयुक्त टीम) द्वारा डलमऊ-लालगंज मार्ग में अवैध ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 4 वाहनों का ऑनलाइन चालान करते हुए रु0 1,46,000/- का जुर्माना जमा कराया गया है।

# शतचंडी अनुष्ठान के पाँचवे दिन हुई स्कन्द माता की आराधना

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ**



विश्वकल्याण सेवा संस्थान के तत्वावधान में महामंडलेश्वर स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के पावन सानिध्य में आचार्य गौरव शास्त्री द्वारा जतनपुर चिकावटी स्थित श्री विद्या धाम आश्रम पर नवसंवत्सर एवं नवरात्र के उपलक्ष्य में चल रहे चौदह दिवसीय विशाल श्री शतचंडी महायज्ञ एवं कन्या पूजन अनुष्ठान के पाँचवें दिन देवी स्कन्दमाता के स्वरूप का अर्चन एवं पूजा के पश्चात महायज्ञ का आयोजन किया गया।

सोमवार को शतचंडी अनुष्ठान के तहत प्रातः कालीन पूजा के प्रधान कुंड के मुख्य यजमान दिनेश सिंह एवं सपत्नी विनीता सिंह के साथ अन्य सह यजमानों कौशल सिंह,शंकर पाल सिंह, श्योराज सिंह, द्वारा आचार्य गौरव शास्त्री की अध्यक्षता में ऋषि शास्त्री, शिवम शास्त्री,रवि शास्त्री, सागर शास्त्री, कृष्णा शास्त्री एवं विनीत शास्त्री आदि आचार्यों ने विधि विधान से प्रधान पीठ का पूजन एवं भगवती दुर्गा की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक करवाया उसके बाद उनके नामों से अर्चन एवं तर्पण करवाया। पूजन अर्चन के बाद प्रारंभ हुए महायज्ञ में वेदमंत्रो एवं सप्तशती के श्लोकों से आहुतियों के साथ स्तुति पाठ भी किया गया।

महायज्ञ के दौरान अपने आशीर्वचन देते हुए स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने कहा कि पौराणिक कथाओं के अनुसार, देवी दुर्गा ने समय समय पर ब्रह्मांड की शांति भंग करने वाले भयानक राक्षसों के विरुद्ध भयंकर युद्ध छेड़े। ऐसे समय में, जब देवताओं ने किसी उच्च शक्ति से सहायता की प्रार्थना की, तब देवी दुर्गा प्रकट हुईं और ब्रह्मांड के कल्याण के लिए युद्ध किया। जब वह संघर्ष कर रही थीं, तब उन्होंने रोमांच और विस्मय की ऐसी कहानियाँ रचीं जो उनके भक्तों को रोमांचित करती रहती हैं और उनमें गहरी आस्था जगाती हैं। महाभारत के रचयिता वेद व्यास द्वारा संकलित दुर्गा सप्तशती मार्कंडेय पुराण में मिलती है । 13 अध्यायों वाले इस ग्रंथ में 700 श्लोकों के माध्यम से देवी के पराक्रम की गाथाएँ वर्णित हैं। देवी विभिन्न अवतारों के माध्यम से राक्षसों को पराजित और वध करती हैं। वे कुछ राक्षसों का वध देवी विष्णु माया के तामसिक अवतार से, कुछ का राजसिक अवतार देवी लक्ष्मी से और कुछ का सात्विक अवतार देवी सरस्वती के रूप में करती हैं। माँ भगवती दुर्गा ने भक्तों की रक्षा के लिए अनेकों दैत्यों का वध किया और जब भी भक्तों पर संकट आया तब तब उनकी रक्षा की। महायज्ञ के उपरांत कन्यापूजन कर सभी यजमानों ने श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा की। प्राचीन यज्ञ की विधियों के साथ वेशभूषा में यजमान एवं यज्ञ अलग ही शोभायमान लग रहा था। वेदमंत्रो की ध्वनियों के साथ भगवती के जयघोष वातावरण में सकारात्मक एवं धार्मिक माहौल बना रहे थे। प्रथम प्रहर की पूजा के उपरांत सांयकालीन बेला में पुनः महायज्ञ में प्रधान कुंड के मुख्य यजमान रंजीत चौधरी एवं उनकी पत्नी के साथ अन्य सह यजमानों डी. डी गौतम, ठाकुर राहुल सिंह, युवराज चौधरी ने आहुतियाँ दीं। क्षेत्र से जुड़े गाँव से आने वाले श्रद्धालुओं का सुबह से ही परिक्रमा के लिए ताँता लगा रहा। सांयकालीन बेला में हुई महाआरती में सत्येंद्र प्रताप सिंह ठा. राहुल सिंह,नवीन चौधरी, जितेंद्र गोविल, तेजवीर सिंह, शिब्बू अग्रवाल, पवन तिवारी, तृषाँक अग्रवाल, संकल्प अग्रवाल,भोलू ठाकुर, अशोक पाल, निपुण उपाध्याय,उमेश सिंह फौजी,राकेश सक्सेना,दीप गुप्ता,सत्यप्रकाश गोयल, अशोक सक्सेना हरिमोहन शर्मा एवं दीप्ती शर्मा समेत सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भुगतान में भारी हेरा फेरी और अवैध वसूली के विरुद्ध आशा कर्मियों का प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन सम्बद्ध ऐक्टू के राज्यव्यापी आह्वान पर आज सैकड़ों की संख्या में आशा कर्मियों ने विकास भवन में धरना दिया और बाद में जुलूस निकाल कर जिलाधिकारी पर जोरदार प्रदर्शन किया तथा वही सभा की। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने 1090 करोड़ रु 2024 द्व 25 की बकाया प्रोत्साहन राशियों के सापेक्ष फरवरी माह में निर्गत कर दिया गया। इसी तरह 2025 2026 की भी सभी प्रोत्साहन राशियों का अवशेष व राज्य वित्त से मिलने वाली अनुतोष राशि भी सरकार ने जारी कर दी , रायबरेली जनपद को भी उसके बकाया के सापेक्ष धन आवंटन हो गया। किंतु उसके भुगतान में भारी अनियमितता ,मनमानी और लूट खसोट जारी है।जो कुछ कही भुगतान किया भी जा रहा है तो उसमें 50त्न तक की वसूली कर ली जा रही है। निचले स्तर पर ही नहीं ,इस करोड़ो के हेर फेर में पूरी मशीनरी एकजुट है। जिला सचिव गीता सिंह ने कहा कि लाखों रूपये वेतन पाने वाले अधिकारियों की आशा का सौ दो सौ रुपया चोरी किए बिना खाना नहीं हजम होता। जिले भर में आशा कर्मियों की मेहनत का हिस्सा डकारा जा रहा है। हमने जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों से हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किए गए भुगतान का आशा के नाम और मद सहित पूरा ब्यौरा नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने की मांग की थी किंतु न इतना भी करने में किसी ने कोई रुचि नहीं दिखाई।

उन्होंने कहा कि दर्जनों कार्यों का तो कई कई वर्ष से कोई भुगतान ही नहीं दिया गया। आयुष्मान गोल्डन कार्ड ,आभा आई डी सृजन , कुष्ठ रोग , टीवी, टीवी स्क्रीनिंग,खसरा , नसबंदी, पीएसवाई, सहित 50 काम है जिसका कोई हिसाब किताब नहीं है।

विमला देवी ने कहा कि वैक्सीन कोरियर का कार्य भी आशा कर्मियों से लिया जाता है किंतु वैक्सीन कोरियर का भुगतान सीएचसी में ठेके पर सफाई करने वाले लोगों या बेनामी खातों में स्थानांतरित कर लिया जाता है। आशा कर्मियों से डरा धमका कर उनके भुगतान के नाम पर , वाउचर जमा करने के नाम पर अवैध वसूली में यू तो सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपने अपने रिकॉर्ड स्थापित कर रहे हैं।

जिला उपाध्यक्ष साहिरा बानो ने कहा कि वर्ष 2019 से 2023द्व24 तक की एक विशाल राशि का भुगतान लटका हुआ है। उसकी जवाबदेही लेने को कोई तैयार नहीं है। सरकार कहती है कि इसे घोटाला न कहो,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अपने कंप्यूटर डेटा देखने के बजाय आशा कर्मियों से ही उनकी बैक का विवरण मांग कर उसे एक थका देने वाली कार्यवाही बता कर छुट्टी ले लेता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समूची मशीनरी इस अकल्पित लूट में आकंठ डूबी हुई है।

भुगतान की मांग करने शिकायत करने पर आशा कर्मियों को उत्पीड़ित और धमकाने डराने का कार्य किया जाता है और उन्हें सबक सिखाने के लिए तरह तरह से उत्पीड़ित किया जाता है। यही नहीं भुगतान की पारदर्शिता के लिए शासन की मंशा के अनुरूप किसी भी सीएचसी में भुगतान का ब्यौरा चस्पा नहीं किया जाता। अंत में वर्ष 2019 से 2023 तक की बकाया प्रोत्साहन राशियों में राज्य वित्त से निर्गत 750 रु मासिक की दर से 28 माह का बकाया सहित अन्य कृत कार्यों की बकाया प्रोत्साहन राशियों का आकलन कर भुगतान सुनिश्चित करने, आशा वर्कर्स से भुगतान के नाम पर की जाने वाली अवैध वसूली रोके जाने के लिए सर्कुलर जारी करने , वर्ष 2024द्वद्व 25, 2025द्व 2026 के सभी बकाया 31 मार्च से पूर्व प्रोत्साहन राशियों के भुगतान करने और उसका ब्यौरा समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चस्पा कराये जाने की मांगो से संबंधित ज्ञापन दिया गया।

बहुत सारी बातें हैं, बताउंगा

# नगमा मिराजकर

## संग ब्रेकअप की अफवाहों के बीच वायरल हुआ आवेज दरबार का वीडियो





सोशल मीडिया पर आवेज दरबार और नगमा मिराजकर के ब्रेकअप की चर्चा हो रही है। दरअसल, आवेज दरबार ने हाल ही में अपना जन्मदिन मनायाथा। उनकी बर्थ डे पार्टी की तस्वीरों और वीडियो से नगमा गायब रहीं। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर दोनों के ब्रेकअप की चर्चा होने लगी। ब्रेकअप की इन अफवाहों के बीच आवेज दरबार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आवेज दरबार से शादी के बारे में सवाल होता है। वो इस सवाल को प्यार से टालते नजर आ रहे हैं।

**आवेज दरबार से शादी के बारे में हुआ सवाल**

टेली मसाला से खास बातचीत में आवेज से पूछा जाता है कि उनकी शादी का क्या प्लान है और वो कब शादी करने की सोच रहे हैं? इसपर आवेज कहते हैं, ऊपर वाले की दुआ होगी तो कल के कल हो जाएगा...जब तक वो नहीं चाहेगा तब तक नहीं होगा।



**नगमा के बारे में हुआ सवाल तो क्या बोले आवेज दरबार ?**

इसके बाद आवेज से पूछा गया कि नगमा ने उन्हें बर्थ डे पर क्या गिफ्ट किया था? इसपर आवेज कहते हैं- इसके बारे में हम लोग अच्छे से बैठकर प्यार से बात करेंगे, क्योंकि बहुत सारी बातें हैं, बताउंगा आपको।

**नगमा या आवेज की तरफ से नहीं आया ब्रेकअप पर कन्फर्मेशन**

आवेज दरबार और नगमा मिराजकर की तरफ से अभी ब्रेकअप को लेकर कोई आधिकारिक कन्फर्मेशन नहीं आया है। आवेज और नगमा दोनों साथ में बिग बॉस 19 में पहुंचे थे। आवेज और नगमा लंबे वक्त से साथ हैं। बिग बॉस में अमाल मिलक ने आवेज दरबार पर आरोप लगाया था कि नगमा मिराजकर के साथ रिश्ते में होने के बाद भी आवेज दूसरी लड़कियों को मैसेज करते थे।

आवेज दरबार और नगमा दोनों की सोशल मीडिया के फेमस कंटेंट क्रिएटर्स हैं। दोनों अक्सर इंस्टाग्राम पर रील्स और तस्वीरें शेयर करते थे। बिग बॉस से बाहर आने के बाद नगमा और आवेज दुबई घूमने के लिए गए थे।

# धुरंधर 2 नहीं, ये है सलमान खान की मातृभूमि की रिलीज टलने की असली वजह, अब कब आएगी फिल्म?




बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के बड़े सुपरस्टार सलमान खान वैसे तो ईद पर अपनी फिल्में रिलीज करने के लिए जाने जाते हैं लेकिन सुपरस्टार पिछले कुछ समय से अपने इस रिवाज से दूरी बनाते नजर आ रहे हैं. कई मौकों पर ऐसा देखा गया है कि भाईजान ने अपनी फिल्मों को ईद के मौके पर रिलीज किया है और उन फिल्मों ने काफी अच्छी कमाई भी की है. लेकिन ऐसा फिलहाल साल 2026 में होता नजर नहीं आ रहा है. हां अगर उनकी अपकमिंग फिल्म मातृभूमि पर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट होती है तो वो बात अलग होगी.

हालांकि मातृभूमि फिल्म पर फिलहाल कुछ बड़े अपडेट्स आए हैं जो इस फिल्म के भविष्य को लेकर हिंट देते नजर आ रहे हैं. पहले ये फिल्म अप्रैल में रिलीज की राह देख रही थी. लेकिन कुछ समय से ऐसा सुनने में आ रहा है कि फिल्म की रिलीज को आगे के लिए टाला जा सकता है. कई फिल्मों ने रणवीर सिंह की धुरंधर 2 की वजह से अपनी रिलीज में बदलाव किए हैं. इस दौरान सलमान खान की मातृभूमि को लेकर भी ऐसी खबरें हैं. लेकिन इस फिल्म की वजह धुरंधर 2 तो नहीं है. आइए जानते हैं कि वो कौन सी बड़ी वजह है जिसके कारण सलमान खान की मातृभूमि की रिलीज आगे के लिए खिसक सकती है.

**एक्टर प्रशांत तमांग का निधन बना बड़ी वजह**

रिपोर्ट्स की मानें तो इंडियन आइडल 3 के विनर प्रशांत तमांग को मातृभूमि फिल्म में अहम रोल मिला था और वे फिल्म के अपने हिस्से की अधिकांश शूटिंग पूरी भी कर चुके थे. लेकिन इसके बाद जनवरी में उनके दुर्भाग्यपूर्ण निधन की वजह से सबकुछ ठहर गया. वहीं अभी भी फिल्म से जुड़े कुछ अहम सीन्स की शूटिंग होनी बाकी थी. इसमें से कुछ सीन्स तो प्रॉपर एक्शन सीक्वेंसेस हैं जिनकी शूटिंग होनी बची थी. अब उनके निधन के बाद मेकर्स अन्य विकल्पों को तलाश रहे हैं. मेकर्स के पास अब इसे लेकर दो बड़े विकल्प बचे हैं. पहला ये कि उनके बचे हुए सीन्स की शूटिंग के लिए किसी को रीकास्ट किया जाए. या फिर ए आई और वीएफएक्स की मदद से बचे हुए सीन्स में उनकी प्रजेंस को पूरा किया जाए. ऐसे में मेकर्स फिलहाल फाइनल डिसीजन लेने को लेकर दुविधा में हैं.

# कालीन भैया-गड्डू पंडित की 'मिर्जापुर फिल्म' में इस एक्ट्रेस की एंट्री, ऐसे मचाएंगी धमाल




जिन वेब सीरीज ने फैन्स का दिल जीता और उनके अगले पार्ट्स का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है, उस लिस्ट में 'मिर्जापुर' भी शामिल है. फिल्म की अलग दुनिया लोगों को इतनी पसंद आई कि गुड्डू पंडित, कालीन भैया, मुन्ना भैया समेत सभी किरदार हर तरफ छा गए. पहली सीरीज के बाद सीजन 2 भी सबको पसंद आया. लेकिन जैसी उम्मीद तीसरे सीजन से थी. वो लोगों को उतना इम्प्रेस नहीं कर सका. अब 'मिर्जापुर द मूवी' बन रही है, जो इसी साल रिलीज होने वाली है. कुछ वक्त पहले ही नए पोस्टर के साथ रिलीज डेट आई है. 4 सितंबर को आ रही फिल्म पर एक बड़ा अपडेट आ गया है, जानिए यह एक्ट्रेस क्या करने वाली हैं.

जी हां, Mirzapur The Movie का काम काफी वक्त पहले ही खत्म हो चुका है. हालांकि, अब एक रिपोर्ट से पता लगा कि फिल्म में एक डांस नंबर होने वाला है.

यह एकदम महबूबा-महबूबा वाले ट्रैक पर ही होगा. जिसकी इंस्पिरेशन फिल्म 'शोले' के गाने से ली गई है. हालांकि, उस सॉन्ग में अमजद खान और हेलेन थे. पर इस बार पंकज त्रिपाठी (कालीन भैया), अली फजल, दिव्येंदु, जितेंद्र कुमार, अभिषेक बनर्जी और रवि किशन भी दिखने वाले हैं. पर फिल्म में कौन आ गया है?

**'मिर्जापुर: द मूवी' में किसकी एंट्री ?**

हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि सोनल चौहान ने रेगिस्तान के बैकड्रॉप पर एक आइटम सॉन्ग परफॉर्म किया है. कालीन भैया और दूसरे किरदार एक गांव के बार में होते हैं, जहां सोनल डांस कर रही हैं. आखिर में वो सब इस जश्न में शामिल हो जाते हैं. जोधपुर के रेगिस्तान में टेंट लगाए गए थे, जहां तीन रातों तक इस गाने की शूटिंग चली. यह भी कहा जा रहा है कि पिछले महीने जोधपुर में इस गाने की शूटिंग हुई थी. प्रोड्यूसर फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी को पूरा यकीन था कि ऐसे गाने से सीक्वेंस मजेदार होगा. तो इसे फिल्म में जोड़ा गया है.

दरअसल इस फिल्म से लोग इसलिए खुश हैं क्योंकि सारे पुराने किरदार वापस लौट गए हैं. उनके मुन्ना भैया भी, जो सीजन 3 में नहीं थे. उनके एग्जिट से फैन्स भी नाराज हो गए थे. हालांकि, 'मिर्ज़ापुर- द मूवी' का साउंडट्रैक खंडाल और जुनैद कुमार ने तैयार किया है. वहीं, विजय गांगुली ने डांस नंबर को कोरियोग्राफ किया है. पता लगा कि इस आइटम नंबर को शूट करने में पंकज त्रिपाठी को भी काफी मजा आया है.



# रश्मिका मंदाना

## विजय से रूठी नन्हीं फैन, मनाने के लिए कपल ने बेले पापड़, शादी में न बुलाने की वजह से हुई थी नाराज

साउथ सुपरस्टार रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी न्यूली मैरिड लाइफ को एंजॉय कर रही हैं। रश्मिका ने बीते महीने 26 फरवरी 2026 को उदयपुर में एक्टर विजय देवरकोंडा संग शादी की है। दोनों की शादी काफी सुर्खियों में रही। इस शादी की कई तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हुए। ऐसे में अब विजय और रश्मिका अपनी एक नन्हीं फैन को लेकर सुर्खियों में आए हैं। एक तरफ जहां उनके फैंस कपल की तस्वीरें और वीडियोज पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, एक छोटी फैन उनसे रुठ गई थी। हालांकि, अब कपल ने अपनी रूठी हुई नन्हीं फैन को मना लिया। इसके लिए रश्मिका और विजय ने जो किया, उसे जानकर आप भी खुश हो जाएंगे।



**फैन ने की शिकायत**

दरअसल, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की इस छोटी सी फैन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वो अपने चहेते स्टार्स के साथ मस्ती और कीमती वक्त बताती नजर आ रही है। फैन ने वीडियो में अपने उस दिन की पूरी जानकारी साझा की। वीडियो में वो ये भी शिकायत करती है कि उन्होंने सभी को लड्डू खिलाया खाना खिलाया, लेकिन उसे नहीं बुलाया गया। ऐसे में रश्मिका ने उसे लड्डू और विजय उसे चावल परोसते नजर आ रहे हैं। वहीं, दोनों इस बच्ची पर जमकर प्यार लुटाते दिखे। फैंस इस वीडियो की क्यूटनेस से मंत्रमुग्ध हैं, और कई लोग इस बात से खुश हैं कि आखिरकार वे उस फैन से मिल ही लिए।

**रील से रियल तक...**

इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा है, रील से रियल तक। विजय देवरकोंडा से उनके घर पर मिलना मेरे और मेरे परिवार के लिए सचमुच एक अद्भुत और अविस्मरणीय पल था। हमारे पहुंचते ही, उन्होंने इतनी गर्मजोशी और प्यार के साथ हमारा स्वागत किया कि हमें बिल्कुल अपने घर जैसा महसूस हुआ। रश्मिका मंदाना से मिलना भी एक बहुत ही सुखद अनुभव था; उनकी हंसमुख मुस्कान और मिलनसार स्वभाव ने इस मुलाकात की खुशी को और भी बढ़ा दिया।% बता दें कि उस फैन ने यह भी बताया कि उसका परिवार भी उसके साथ इस मुलाकात में शामिल हुआ, जहां उन सभी को बिल्कुल अपने घर जैसा ही महसूस कराया गया। फैंस इस वीडियो को काफी पसंद कर रहे हैं। साथ ही इस पर कमेंट कर बच्ची की क्यूटनेस और स्टार्स के बिहेवियर की तारीफ कर रहे हैं।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## विधानसभा चुनाव परिणाम सवर्णों के राजनीतिक-सामाजिक भविष्य को तय करेंगे?

**यदि 5 राज्यों में हो रहे चुनावों की चुनावी पृष्ठभूमि पर नजर डाली जाए तो 2026 में पश्चिम बंगाल की 294 सीटों के लिए मतदान 23-29 अप्रैल 2026 को होंगे। वहीं असम की 126 विधानसभा सीटों, तमिलनाडु की 234 विधानसभा सीटों, केरल की 140 विधानसभा सीटों और पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीटों के लिए भी चुनाव होंगे। इन चुनावों में भाजपा मुख्य रूप से पश्चिम बंगाल और असम पर फोकस कर रही है। क्योंकि जहां पिछले विधानसभा चुनाव 2021 में पश्चिम बंगाल में बीजेपी को 77 सीटें मिलीं थी। वहीं, असम में भाजपा की सत्ता बरकरार रहा गई थी।**

*देश के पश्चिम बंगाल समेत असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी जैसे 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, जिसके मतदान/परिणाम भाजपा नीत एनडीए की भावी रीति-नीति और सवर्णों के सामाजिक-राजनीतिक भविष्य को तय करेंगे। बताया जाता है कि यदि इन चुनावों को भाजपा नीत गठबंधन जीत जाता है तो वह ओबीसी-दलित वोटरों को रिझाने के लिए सवर्ण विरोधी एजेंडों को इत्मीनान पूर्वक धार देगा! ऐसा इसलिए कि सामान्य जातियों से जुड़े सवर्ण वोटर ही भाजपा के कोर वोटर माने जाते हैं, लेकिन ओबीसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के रहते हुए भी जिस तरह से सवर्ण विरोधी यूजीसी इक्विटी बिल लाया गया है, उससे सामान्य जातियों के लोग अर्थात सवर्ण समुदाय का एक बड़ा तबका अपनी मुख्य पार्टी भाजपा से काफी नाराज हैं और बदलती राजनीति के बीच वे किधर करवट लेंगे, यह बात पूरी तरह से चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा। राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि अपने हिंदुत्व के एजेंडे को धार देने के लिए भाजपा कांग्रेसी राज और समाजवादी राज की दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यक व भाषाई क्षेत्र सम्बन्धी नीतियों को और अधिक धार दे रही है। आरक्षण, जातीय जनगणना, एससी-एसटी एक्ट से जुड़े पदोन्नति प्रावधान, कमाऊ मंदिर संचालन जैसी नीतियों में पहले की सरकारों में और अब की सरकार में कोई अंतर नहीं आया है। कोढ़ में खाज यह कि भाजपा अपने हिंदुत्व के एजेंडे से भटकती प्रतीत हो रही है। ऐसे में सत्ता के जातीय, सांप्रदायिक और भाषाई-क्षेत्रवाद की मानसिकता में कोई बदलाव न देख देश का सामाजिक इंजन वर्ग यानी सवर्ण समुदाय भाजपा से काफी नाराज है और यूजीसी इक्विटी बिल ने आग में घी का काम किया है। चूंकि सवर्ण वोट कभी कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों का भी कोर वोट बैंक हुआ करता था, और इनकी दलित-ओबीसी आरक्षण व अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की नीतियों से आजिज होकर भाजपा के आकर्षक मंडल विरोधी कमण्डलवाद पर फिदा हो चुका था, वह मोदी-शाह युग में एक के बाद दूसरे झटके लगते रहने से सियासी विकल्प ढूंढ रहा है। चूंकि भाजपा नेतृत्व पूंजीपतियों के इशारे पर ब्राह्मण-राजपूत नेतृत्व को दरकिनार करते हुए ओबीसी-दलित नेतृत्व को मजबूत कर रहा है, इससे भी सवर्ण वर्ग में नाराजगी है। यही वजह है कि 5 राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और उसके सहयोगी दल भाजपा के खिलाफ पनपे सवर्ण प्रतिरोध को पूरी तरह से अंदर ही अंदर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि उनका दलित-ओबीसी-अल्पसंख्यक कोर वोट बैंक नाराज भी न हो और सवर्ण भी उनकी ओर लौट जाएं, ताकि अबतक की हारी हुई बाजी को पुनः जीता जा सके और यत्र तत्र जीती हुई बाजी को बरकरार रखाक जा सके! हालांकि, अब वे अपनी कोशिशों में कितने कामयाब होंगे, यह तो मतदान/मतगणना बाद ही पता चल पाएगा। वहीं, कतिपय राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि देश के पश्चिम बंगाल समेत असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी जैसे 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के चुनाव परिणाम सवर्णों के सामाजिक-राजनीतिक भविष्य को तय नहीं करेंगे, भले ही भाजपा इन चुनावों में पश्चिम बंगाल और असम जीत जाए और तमिलनाडु, केरल व पुडुचेरी में पहले से ज्यादा मजबूत होकर जीते।*

### एक्सप्रेस आलेख

**यह नहर पनामा से होकर गुजरती है, जो कैरिबियन सागर को प्रशांत महासागर से जोड़ती है। इसकी सबसे संकरी चौड़ाई मात्र 222 मीटर है और यहां से प्रतिदिन 20 से 30 लाख बैरल तेल निकलता है। साल 1914 में खोली गई इस नहर में एक लॉक सिस्टम है, जो जहाजों को समुद्र के अलग-अलग स्तरों के बीच ऊपर-नीचे करता है। यह अमेरिका के कुल कंटेनर ट्रैफ़िक के 40 प्रतिशत हिस्से के लिए एक रास्ता है। यह ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक अहम कड़ी का काम करती है, और अमेरिका से एशिया जाने वाले 95 प्रतिशत से ज्यादा लिक्विफ़ाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के निर्यात को संभालती है।**

## होर्मुज संकट: रास्ते कई लेकिन हरेक की अपनी कीमत



अमरेश द्विवेदी

**स्वेज नहर वाले रास्ते की तुलना में, यह रास्ता एशिया और यूरोप के बीच 5550 से 7400 किमी को जोड़ देता है जो यात्राओं में 10 से 14 दिन लगता है और साथ ही बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य से भी बचाता है। हाल के समय में, इस रास्ते को वैश्विक व्यापार के लिए एकमात्र व्यावहारिक गलियारे के तौर पर अहमियत मिली है, जो मध्य पूर्व को बाईपास करता है।**

ईरान के साथ अमेरिका-इज़राइल के सैन्य टकराव ने वैश्विक व्यापार के निर्बाध प्रवाह के लिए जलमार्गों के महत्व को उजागर किया है। आज की परस्पर जुड़ी हुई दुनिया में समुद्री मार्ग सिर्फ पानी के रास्ते नहीं हैं- ये वैश्विक अर्थव्यवस्था की धमनियां हैं। दुनिया का लगभग 80 प्रतिशत व्यापार (मात्रा के हिसाब से) और 70 प्रतिशत से अधिक (मूल्य के हिसाब से) समुद्री परिवहन पर निर्भर करता है। ऐसे में कुछ संकरे लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण जलमार्ग हैं जिन्हें चोक प्वॉइंट्स कहा जाता है और ये पूरी दुनिया की सप्लाई चेन को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। हाल के वर्षों में विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव और इसके बंद होने की स्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ये जलमार्ग कितने संवेदनशील और महत्वपूर्ण हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रभावी रूप से बंद हो जाने के बाद जिससे दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति गुजरती है- दुनिया को ऊर्जा आपूर्ति बनाए रखने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, स्वेज नहर, पनामा नहर और मलक्का जलसंधि जैसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में किसी भी तरह की रुकावट से व्यापार में भारी देरी हो सकती है। इसके चलते शिपिंग कंपनियों को केप ऑफ़ गुड होप जैसे लंबे रास्तों का चुनाव करना पड़ता है, जिससे उपभोक्ताओं के लिए लागत बढ़ जाती है। आईए, जानते हैं दुनिया भर के सामानों के परिवहन के लिए 10 सबसे महत्वपूर्ण जलमार्गों को, जब ऐसे मार्ग बाधित होते हैं तो न केवल ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होती है बल्कि वैश्विक महंगाई, आपूर्ति संकट और भू-राजनीतिक तनाव भी बढ़ जाते हैं।

**होर्मुज जलडमरूमध्य :** यह दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा जलमार्ग है। यह फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है और वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20% यहीं से गुजरता है। यहां से प्रतिदिन 20 से 21 मिलियन बैरल तेल निकलता है। इसकी सबसे संकरी चौड़ाई मात्र 39 किमी है, जिससे यह अत्यंत संवेदनशील बन जाता है। वैश्विक तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति के पांचवें हिस्से के लिए एकमात्र समुद्री निकास मार्ग का काम करता है। यह जलसंधि वर्तमान में ईरान और उसके पड़ोसी खाड़ी देशों के बीच तनाव का एक प्रमुख केंद्र बनी हुई है। अगर यह मार्ग बंद हो जाए तो तेल की कीमतों में भारी उछाल आना तय है।

**बाब अल-मंडेब :** यह लाल सागर को अदन की खाड़ी से जोड़ता है और स्वेज नहर के लिए प्रवेश द्वार का काम करता है। यह मार्ग वैश्विक व्यापार के लगभग 12% हिस्से को संभालता है। सबसे संकरी चौड़ाई 32 किमी है और यहां से प्रतिदिन 4 मिलियन बैरल तेल निकलता है। यमन में चल रहे संघर्ष और हूती विद्रोहियों के हमलों ने इस क्षेत्र को अस्थिर बना दिया है। यदि यह मार्ग बाधित होता है तो जहाजों को केप ऑफ गुड होप से लंबा चक्कर लगाना पड़ता है।




**इन सभी जलमार्गों की एक समान विशेषता है-रणनीतिक रूप से इनका संवेदनशील होना। ये संकरे हैं लेकिन इनका महत्व अत्यधिक है। एक छोटी-सी बाधा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर सकती है। जिससे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, वस्तुओं की कमी होती है।**

**स्वेज नहर :** सिनाई प्रायद्वीप को बाकी मिस्र से अलग करती है और भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है। यहां से प्रति दिन 50 लाख बैरल तेल निकलता है। इसकी सबसे संकरी जगह मात्र 225 मीटर (740 फ़ीट) है। 1869 में खुली स्वेज़ नहर, एशिया और यूरोप के बीच सफ़र के लिए एक बहुत ज़रूरी छोटा रास्ता है। इससे लगभग 8,900 किमी की दूरी कम हो जाती है और अफ़्रीका के चारों ओर से घूमकर जाने की ज़रूरत नहीं पड़ती। साल 2021 में एवरग्रीन मरीन द्वारा चलाया जा रहा एक बड़ा कंटेनर जहाज नहर में फँस गया था, जिससे वैश्विक व्यापार छह दिनों तक ठप हो गया। इस घटना ने दिखाया कि एक छोटे हिस्से भी कितना बड़ा आर्थिक प्रभाव डाल सकते हैं।

**तुर्की जलडमरूमध्य :** यह इस्तांबुल और डार्डनेल्स से होकर गुज़रता है और काला सागर को भूमध्य सागर से जोड़ता है। अपने सबसे संकरी जगह पर 700 मीटर है और यहां से प्रतिदिन 30-40 लाख बैरल तेल निकलता है। बोस्फोरस और डार्डनेल्स से मिलकर बना तुर्की जलडमरूमध्य, काला सागर और भूमध्य सागर के बीच एकमात्र समुद्री रास्ता है। यह पूर्वी यूरोप के ज़्यादातर हिस्से को बाकी दुनिया से जोड़ता है और तेल और प्राकृतिक गैस के आने-जाने में मदद करता है, जो दुनिया भर के ऊर्जा बाज़ारों के लिए बहुत जरूरी हैं।

**जिब्राल्टर जलडमरूमध्य :** स्पेन-मोरक्को के बीच है जो अटलांटिक महासागर को भूमध्य सागर से जोड़ता है। इसकी चौड़ाई 13 किमी की है और यहां से प्रतिदिन 50-60 लाख बैरल तेल निकलता है। यह जलडमरूमध्य, अटलांटिक महासागर और भूमध्य सागर के बीच एकमात्र प्राकृतिक समुद्री रास्ता है। स्वेज़ नहर की ओर जाने वाले सभी जहाज़ों के लिए यह पश्चिमी प्रवेश द्वार है। इस जलडमरूमध्य का एक लंबा इतिहास रहा है, जहाँ यह धरती के सबसे ज़्यादा विवादित और घेराबंदी वाले समुद्री रास्तों में से एक रहा है।

**डेनिश जलडमरूमध्य :** यह डेनमार्क को स्वीडन से अलग करता है और बाल्टिक सागर को उत्तरी सागर से जोड़ता है। इसकी चौड़ाई 3.7 किमी है और यहां से प्रतिदिन 50 लाख बैरल तेल निकलता है। बाल्टिक बंदरगाहों से दुनिया भर में रूसी तेल भेजने का यह मुख्य रास्ता है। ये संकरे डेनिश जलडमरूमध्य बहुत ज़रूरी समुद्री रास्ते हैं, जो जहाज़ों के बड़े पैमाने पर आने-जाने में मदद करते हैं और उत्तरी यूरोप को दुनिया भर के बाज़ारों से जोड़ते हैं।

**मलक्का जलडमरूमध्य :** मलेशिया, सिंगापुर और इंडोनेशिया के बीच मौजूद यह हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर को जोड़ता है। इसकी चौड़ाई 2.8 किमी है और यहां से प्रति दिन 23 मिलियन बैरल तेल निकलता है। धरती के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक, इस जलडमरूमध्य से दुनिया का लगभग 40 प्रतिशत व्यापार और चीन का 80 प्रतिशत तेल आयात गुजरता है। यह दुनिया का सबसे व्यस्त चोकप्वॉइंट है, जहां से होर्मुज जलडमरूमध्य की तुलना में अधिक मात्रा में तेल का परिवहन होता है।

**ताइवान जलडमरूमध्य :** दुनिया के सेमीकंडक्टर इसी महत्वपूर्ण चोकप्वॉइंट से होकर गुजरते हैं। इसकी मुख्य भूमि चीन को ताइवान से अलग करती है और दक्षिण चीन सागर को पूर्वी चीन सागर से जोड़ती है। इसकी चौड़ाई 130 किमी और मूल्य के आधार पर यह सालाना दुनिया के 20 प्रतिशत से अधिक समुद्री व्यापार को संभालता है। इस जलडमरूमध्य में ताइवान और चीन के बीच बढ़ता तनाव देखा गया है, जिसकी पहचान दोनों पक्षों द्वारा बढ़ाए जा रहे सैन्य टकरावों और नौसैनिक अभ्यासों से होती है।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 13:50 तक |
| नक्षत्रः | मृगशीर्षा 05:33 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | सौभाग्य, 03:09 |
| सूर्योदयः | 06:29 |
| सूर्यास्तः | 18:35 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 12:32-14:03 |
| विक्रमी संवत्: | 2083 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | चैत्र |
| शुभ मुहूर्तः | नहीं हैं |

## जन एक्सप्रेस

### जाओ तुम ईरान !

*बोला है मुनीर ने ।*
*जाओ तुम ईरान ।।*
*है वहां से प्यार तो ।*
*छोड़ो पाकिस्तान ।।*
*भंग ना करो शांति ।*
*बात ना बढ़ाओ ।।*
*बैठ यूं पाक को ।*
*ना ऐसे भड़काओ ।।*
*आ जाता विवादों में ।*
*अक्सर ये मुनीर ।।*
*है गुलाम अमरीका का ।*
*ट्रंप की जागीर ।।*
*उसके इस बयान ने ।*
*खोली सारी पोल ।।*
*पीट रहे जो छाती थे ।*
*बताया उनका रोल ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## कमरे से मोबाइल दूर रखकर मैंने सुधारी नींद और सेहत



**मुझे** बचपन से नींद न आने की परेशानी है। मेरे पापा भी बहुत कम समय के लिए सो पाते हैं। बार-बार नींद खुल जाती है, दिमाग में बातें चलती रहती हैं और दिमाग अनगिनत ख्यालों के बीच पूरी रात एक्टिव रहता है। मैंने इंटरनेट पर डिजिटल डिटॉक्स के बारे में सुना था, तो सोचा एक दिन ट्राई करूं। ट्राई करने से पहले यह मेरे साथ अचानक हुआ। मुझे रात को कुछ समय फोन के साथ बिताकर सोने की आदत है। एक दिन मैं फोन पर वीडियो देख रही थी और बैटरी खत्म हो जाने के कारण फोन बंद हो गया। लाइट नहीं थी, तो मैं फोन चार्ज नहीं कर पाई और मुझे थक-हारकर आखिर सोना ही पड़ा। अच्छी बात यह है कि उस दिन नींद जल्दी आ गई। तब मुझे समझ आया कि ऐसा फोन को खुद से दूर रखने के कारण हुआ है, बस फिर क्या था, मैंने इसे थेरेपी बना लिया और अब अनिद्रा की समस्या काफी हद तक खत्म हो चुकी है। वैसे तो सोने से तीन से चार घंटे पहले ही फोन का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए, लेकिन मुझे काम के चलते फोन को पहले बंद करने का समय नहीं मिलता इसलिए कुछ देर फोन इस्तेमाल करके मैं दस बजे फोन को दूसरे कमरे में रख आती हूं। जब से मैंने यह आदत अपनाई है, मुझे गहरी नींद आने लगी है। मैं अब पहले से ज्यादा अच्छी नींद लेकर उठती हूं। पहले मैं तीन से चार घंटे ही सोती थी, अब मैं चार से पांच घंटे सोने लगी हूं। मुझे फोन का ज्यादा इस्तेमाल करना पसंद नहीं है। मैं केवल काम के लिए फोन का इस्तेमाल करती हूं। आंखें कमजोर हैं, तो ज्यादा देर स्क्रीन देखने से सिर दर्द होने लगता है, लेकिन जब से शार्ट वीडियोज का चलन चला है, मैं भी वीडियो देखने की शौकीन बन गई हूं। मेरे परिवार के लोगों ने जब मुझे स्क्रीन का इस्तेमाल कम करने के लिए कहा, तो मुझे लगा कि फोन को कमरे के बाहर रखना अच्छा विकल्प है। इस तरह फोन को भी आराम मिलता है और मुझे नींद भी अच्छी आती है। अच्छी नींद आने से मेरा स्ट्रेस लेवल काफी हद तक कम हो गया है और मूड भी अब अच्छा रहता है।

### एक्सप्रेस विशेष

## अमेरिका-ईरान युद्ध से अब इंटरनेट सेवाओं पर संकट के बादल



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**दुनिया के देशों में कौन कब सिरफिरा नेता अपने अहम् की शांति के लिए दुनिया को संकट में ड़ाल दे इसकी संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। आज ऊर्जा, पानी, स्वास्थ्य, डिजिटल दुनिया आदि आदि ऐसी सेवाएं है।**

**अमेरिका**-इजरायल व ईरान युद्ध के चलते अभी विश्व के देश ऊर्जा संकट का समाधान तो निकाल ही नहीं पा रहे कि डिजिटल सेवाओं के बाधित होने के भय से दुनिया के देशों की सरकारों की जान सांसत में आने लगी हैं। इंटरनेट आज प्रमुख आवश्यकताओं में से एक हो गया है। एयर लाइंस, बैंकिंग सेवाएं, संचार व्यवस्था जिसमें संवाद कायम करने से लेकर सभी तरह की डिजिटल सेवाएं, स्टॉक मार्केट आदि आदि बुरी तरह से प्रभावित होने की संभावनाओं से नकारा नहीं जा सकता। आज इंटरनेट पर निर्भरता बहुत अधिक हो गई है। अमेरिका-ईरान युद्ध को जिस तरह से शुरुआती दौर में ट्रंप द्वारा हलके में लिया जा रहा था वास्तव यह ट्रंप की गलत फहमी ही रही। वैसे भी रुस यूक्रेन के युद्ध से ही अमेरिका को सबक लेना चाहिए था। दोनों देश पास पास होने और संसाधनों की दृष्टि से रुस अधिक ताकतवर होने के बावजूद आज तक कोई अंत नहीं दिखाई दे रहा। अमेरिका ईरान युद्ध के साइड इफेक्ट के रुप में अभी तो उर्जा संकट है पर जिस तरह के हालात बनते जा रहे हैं आने वाले समय में मध्य पूर्व के देशों में पेयजल और दुनिया के देशों के लिए इंटरनेट सेवाओं के प्रभावित होने की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता। दरअसल जिस तरह से कच्चे तेल और एलपीजी आदि की दुनिया के देशों में सप्लाई हार्मुज जलडमरुमध्य के रास्ते होने और ईरान द्वारा इस रास्ते में अवरोध बनने से उर्जा संकट गंभीर रुप लेता जा रहा हैं। ठीक यही समस्या इंटरनेट को लेकर हो सकती है। कारण साफ है। युद्ध समाप्ति या यों कहें कि सीज फायर के आसार अभी तक बनते नहीं लग रहे तो दूसरी और ज्यों ज्यों एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने के अधिक प्रयास होंगे तो ईरान हथियार के रुप में समुद्र में बिछी केबल्स को भी नुकसान पहुंचाने में कोई गुरेज नहीं करेगा। दुनिया के इंटरनेट ट्रैफिक का प्रमुख रास्ता भी यही है। एक मोटे अनुमान के अनुसार 20 प्रतिशत ट्रैफिक हार्मुज और लालसागर के रास्ते से गुजरता है। हार्मुज जलडमरुमध्य तो हालात यहां तक है कि सकरे स्थान पर तो मात्र 200 फीट की गहराई पर ही सबमैरिन केबल लाईने बिछी हुई है। लगभग यही हालात लालसागर के हैं। वहां भी इंटरनेट सेवाओं के लिए सबमैरिन केबल्स बिछी हुई है। ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि ईरान द्वारा हार्मुज जलडमरुमध्य क्षेत्र में सुरंगे बिछाने का काम किया जा रहा है और इससे अन्य नुकसान होने के साथ ही फाइबर केबल्स के भी क्षतिग्रस्त होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। अधिकांश प्रमुख सेवा प्रदाताओं ने इसी क्षेत्र में डेटा सेंटर स्थापित कर रखे हैं। जानकारों के अनुसार हार्मुज क्षेत्र से करीब 20 और लालसागर क्षेत्र से 17 केबल्स गुजरती है। 2024 में भी लाल सागर क्षेत्र में हूती हमलों के दौरान केबल प्रभावित हो चुकी है। वर्तमान हालातों में यदि सबमैरिन केबल्स प्रभावित भी होती है तो हालात जिस तरह के हैं उनमें प्रभावित केबल्स को ठीक करनों में महीनों ही क्या साल भी लग सकता है और ऐसे में दुनिया के देश एक नए संकट के दौर से गुजरने को मजबूर हो जाएंगे। इंटरनेट की दुनिया अभी छह दशक भी पूरे नहीं कर पाई है कि बड़ी समस्या सामने आ गई है। इसमें कोई दो राय नहीं कि 1960 में जब जेसीआर लिकलाइडर ने वैश्विक नेटवर्क की कल्पना की थी उस समय यह सोचा भी नहीं होगा कि तीन से चार दशक में ही इंटरनेट संचार जगत में बड़ी क्रांति लाने में सफल हो जाएगा। 1969 में अमेरिकी रक्षा विभाग द्वारा एंडवास्ड रिसर्च प्रोजेक्टस एजेन्सी नेटवर्क के लिए विंट सर्फ और बॉब काह्न ने टीसीपी/आईपी प्रोटोकाल विकसित किया। इंटरनेट की दुनिया में आमूलचूल बदलाव तो टिम बर्नर्स ली द्वारा ड्ब्लूड्ब्लूड्ब्लू वर्ल्ड वाइड वेव विकसित किया तो इससे संचार दुनिया ही बदल गई। भारत में सही तौर पर तो 1995 में वीएसएनएल ने इंटरनेट सेवाओं का विस्तार किया। आज बड़ी समस्या यह है कि अमेजन, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट आदि के विशाल डेटा सेंटर यूएई और सउदी आदि देशों में हैं। यही कारण है कि समुद्री रास्ते से फाइबर केबल्स भी हार्मुज जलडमरुमध्य व लालसागर होते हुए ही हैं।

**वैसे आज संयुक्त राष्ट्र संघ तो बेमानी हो गया है। दुनिया के देशों के अलग अलग बने संगठन चाहे वे नाटो हो या ब्रिक्स या पिछले कुछ सालों के देश-दुनिया के हालातों में बेमानी हो गए हैं। वैश्विक हालात दिन प्रतिदिन बद से बदतर होते जा रहे हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि कोई ना कोई ऐसी नियामक संस्था या कोई ना कोई इस तरह की बाध्यकारी व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए।**


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# खेल, कला और ज्ञान का संगम बना उत्सव महान, प्रतिभाओं ने बढ़ाया विद्यालय का मान

## नन्हे कदमों से बड़ी उड़ान, मंच पर चमकी बच्चों की पहचान





### गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में वार्षिक परिणाम व खेलकूद महोत्सव का भव्य समापन, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में आयोजित वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं खेलकूद महोत्सव का समापन समारोह उत्साह, उल्लास और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर इस अवसर पर किसी उत्सव स्थल से कम नहीं दिखा, जहां बच्चों की प्रतिभा, अभिभावकों की खुशी और शिक्षकों के समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महिला पुलिस उपाधीक्षक नताशा गोयल, विद्यालय प्रबंधक निशांत गोस्वामी एवं संरक्षिका डॉ. सोनिया गोस्वामी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट ने अनुशासन और एकता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया, जिसने सभी का मन मोह लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को विशेष आकर्षण प्रदान किया। कक्षा 6 से 11 तक के छात्र-छात्राओं ने 'हमारा देश हमारा अभिमान' विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर देशभक्ति और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। इसके साथ ही मलखम्ब और पाईका अखाड़ा जैसे पारंपरिक युद्ध कौशल के प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। छोटे बच्चों का दीक्षांत वेशभूषा में रैम्प वॉक कार्यक्रम का सबसे मनमोहक दृश्य रहा, जिसने सभी के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी।

#### प्रतियोगिताओं में दिखा जोश और जुनून

400 मीटर दौड़, रिले रेस, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी। इन सभी प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने खेल भावना और उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में विक्टर टीम ने प्रथम, लेजेंड्स टीम ने द्वितीय तथा एलीट्स टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

समारोह के दौरान कक्षा 6 से 11 तक के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं।

#### प्रबंधक का संदेश

विद्यालय में आयोजित यह वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं खेलकूद समापन समारोह हमारे विद्यार्थियों की मेहनत और प्रतिभा का उत्सव है। बच्चों ने पढ़ाई के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके लिए मैं सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देता हूं। हमारा उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है, जिसके लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं।

**प्रबंधक, निशांत गोस्वामी।**

परीक्षा परिणाम केवल अंक नहीं होते, बल्कि यह बच्चों की मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का प्रतीक होते हैं। जो विद्यार्थी सफल हुए हैं, वे आगे भी इसी तरह मेहनत जारी रखें और जो अपेक्षित परिणाम नहीं पा सके हैं, वे निराश न हों, बल्कि और अधिक लगन से प्रयास करें। हर प्रयास भविष्य की सफलता की नींव होता है।

**संरक्षिका, डॉ. सोनिया गोस्वामी।**

# निशाने पर सपने, हौसलों की उड़ान—अब बेटियां भी साधेंगी आसमान

### शूटिंग प्रतियोगिता के बहाने खेल, सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण को मिल रही नई पहचान



**जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार**

पीलीभीत। जनपद में 29 मार्च से शुरू होने जा रही तीन दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता अब केवल एक खेल आयोजन नहीं रह गई है, बल्कि यह बदलते सामाजिक परिवेश, बढ़ते आत्मविश्वास और महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल बनती नजर आ रही है। जिला प्रशासन और जिला राइफल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता 29, 30 और 31 मार्च 2026 तक पुलिस लाइन स्थित शूटिंग रेंज पर आयोजित होगी।

मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने बताया कि जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देशन में इस बार प्रतियोगिता को 'मिशन शक्ति' अभियान से जोड़ा गया है। इसका उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसी कड़ी में महिलाओं के लिए प्रवेश शुल्क में विशेष छूट भी दी गई है, जिससे अधिक से अधिक बेटियां इस खेल से जुड़ सकें।यह प्रतियोगिता चार प्रमुख इवेंट्स में आयोजित होगी, जिनमें 22 बोर शूटिंग (50 मीटर), .32 बोर शूटिंग (25 मीटर), 12 बोर ट्रैप शूटिंग (10 बर्ड्स) और 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए एयर गन प्रतियोगिता शामिल है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को विभिन्न श्रेणियों—माननीय एवं राजपत्रित अधिकारी, ओपन कैटेगरी, स्टेट एवं नेशनल खिलाड़ी, सीनियर सिटीजन, महिला/बालिका वर्ग तथा गेस्ट कैटेगरी—में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

प्रवेश शुल्क सामान्य प्रतिभागियों के लिए प्रति इवेंट 500 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि महिलाओं और छात्राओं के लिए यह मात्र 100 रुपये रखा गया है। राइफल क्लब के सदस्यों के लिए 200 रुपये प्रति इवेंट शुल्क तय किया गया है।प्रशासन द्वारा प्रतियोगिता के दौरान सुरक्षा और अनुशासन को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रतिभागियों को 22 बोर राइफल के अलावा अन्य शस्त्र स्वयं लाने होंगे, वहीं अंपायर की अनुमति के बिना शस्त्र लोड करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। आवेदन के साथ आधार कार्ड और आवश्यकतानुसार शस्त्र लाइसेंस की प्रति जमा करना अनिवार्य किया गया है। प्रतियोगिता के बाद कारतूस के खोखे वापस न करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।दरअसल, यह आयोजन केवल खेल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, एकाग्रता और आत्मविश्वास को मजबूत करने का एक माध्यम भी है। खासकर महिलाओं को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देकर प्रशासन ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि अब बेटियां भी हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए तैयार हैं।

ऐसे आयोजनों की सफलता में समाज की भागीदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। जरूरत है कि अभिभावक अपने बच्चों, विशेषकर बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

यह प्रतियोगिता केवल तीन दिनों का कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है—कि अगर अवसर मिले तो प्रतिभा किसी भी सीमा को पार कर सकती है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जनपद के युवा और महिलाएं इस अवसर को किस तरह अपनाते हैं और अपने हौसलों को नई उड़ान देते हैं।

# कैसा ये दौर-ए-कलयुग आया, इंसान ही इंसान से डर गया मासूम बचपन की चीखों में, मानवता का चेहरा मर गया

### रुपये का लालच देकर गन्ने के खेत में ले जाकर नाबालिग से कुकर्म, पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



पीड़ित की मां ने आरोप लगाया है कि दोनों आरोपी पहले भी इस तरह की हरकत कर चुके हैं। पुलिस इस पहलू की भी जांच में जुटी हुई है। यह घटना एक बार फिर समाज को झकझोरती है और यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर कब तक मासूमों की मासूमियत यूं ही दरिंदों के हवाले होती रहेगी और कब इस कलयुगी मानसिकता पर अंकुश लगेगा।

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

पूरनपुर। समाज को झकझोर देने वाली एक शर्मनाक घटना थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र से सामने आई है, जहां दो युवकों ने एक नाबालिग बच्चे को रुपये का लालच देकर गन्ने के खेत में ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया। इस घटना ने एक बार फिर कलयुगी मानसिकता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पीड़ित बच्चे की मां के अनुसार, शुक्रवार की शाम उसका नाबालिग पुत्र घर के बाहर खेल रहा था। तभी पड़ोस के ही दो युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए और गन्ने के खेत में ले जाकर उसके साथ दरिंदगी की। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर घर पहुंचे सहमे हुए बच्चे ने अपनी मां को पूरी घटना बताई।

घटना की जानकारी मिलते ही मां ने तत्काल थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने बिना देरी किए मुकदमा दर्ज किया और पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों—पिंकू उर्फ छोटे और अतुल कुमार, निवासी ग्राम माती माफी—को गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिद्धू, हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार और पंकज तेवतिया शामिल रहे।

क्षेत्राधिकारी पूरनपुर ने प्रेस बाइट में बताया कि 23 मार्च को सेहरामऊ उत्तरी पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक आरोपी की उम्र 19 वर्ष और दूसरे की लगभग 18 वर्ष बताई जा रही है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक, सुरक्षा व अधिकारों की दी जानकारी



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद के विभिन्न थानों पर तैनात महिला शक्ति केन्द्र टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को यातायात नियमों के पालन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें सड़क पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों से अवगत कराते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। इनमें वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102/ 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं।

पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन हेल्पलाइन नंबरों का तुरंत उपयोग करें, ताकि समय रहते सहायता प्राप्त की जा सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और समाज में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। पुलिस और प्रशासन द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार चलाए जाने की बात कही गई।

# सादियां में मिले गौवंशीय पशु के अवशेष, हिंदूवादी संगठनों का हंगामा

### घटना के खुलासे को लेकर पुलिस टीमें गठित, सीसीटीवी फुटेज खंगाले



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

सादियां लाड़पुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब गन्ने के खेत में गौवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने की सूचना सामने आई। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने खेत में अवशेष देखे, जिसके बाद यह खबर तेजी से पूरे क्षेत्र में फैल गई और लोगों में आक्रोश फैल गया।

सूचना मिलते ही विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल और गौरक्षा दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। संगठनों के नेताओं ने घटना पर कड़ी नाराजगी जताते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने इसे गंभीर मामला बताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति चौहान और प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए। पशु चिकित्सक को बुलाकर अवशेषों की जांच कराई गई, ताकि मामले की सटीक जानकारी जुटाई जा सके।

सीओ प्रगति चौहान ने मौके पर मौजूद लोगों को शांत करते हुए निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। वहीं कोतवाल संजीव शुक्ला ने बताया कि गौवंशीय अवशेषों को कब्जे में लेकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई हैं। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। आसपास के गांवों में भी सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि घटना में शामिल लोगों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके। स्थानीय ग्रामीणों में घटना को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। हिंदूवादी संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वे धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। प्रशासन फिलहाल स्थिति पर नजर बनाए हुए है और मामले के जल्द खुलासे के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# मिट्टी की महक में छिपा है भविष्य का उजियारा जलवायु की चुनौतियों से जूझता हर खेत हमारा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

भारतीय अर्थव्यवस्था, पर्यावरणीय संकट और वैश्विक जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर और समकालीन विषयों पर गहन चिंतन के लिए पूरनपुर एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने जा रहा है। 30 व 31 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी-2026 की तैयारियां तेजी से अंतिम चरण में पहुंच रही हैं। यह आयोजन न केवल जनपद बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ी शैक्षणिक और वैचारिक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संगोष्ठी का मुख्य विषय 'भारतीय अर्थव्यवस्था में पर्यावरण, वैश्विक जलवायु परिवर्तन और कृषिगत सतत विकास' रखा गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव सीधे तौर पर कृषि और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है, ऐसे में इस विषय पर गंभीर और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से चर्चा अत्यंत आवश्यक हो गई है। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पूरनपुर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षाविद, शोधकर्ता और कृषि विशेषज्ञ भाग लेंगे, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई वैज्ञानिक अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार नेपाल और इथोपिया जैसे देशों से भी वैज्ञानिकों की सहभागिता सुनिश्चित हो चुकी है, जिससे यह संगोष्ठी वास्तव में वैश्विक स्वरूप ग्रहण करती नजर आ रही है। इस आयोजन के माध्यम से स्थानीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय शोध और विचारों का सीधा आदान-प्रदान संभव हो सकेगा। संगोष्ठी के दौरान जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव, पर्यावरण संरक्षण की चुनौतियां, कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों का समावेश और सतत विकास की दिशा में संभावनाओं पर गहन चर्चा की जाएगी। विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञ अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे और व्यवहारिक समाधान भी सुझाएंगे, जिससे किसानों, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं को नई दिशा मिल सके।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के आयोजन न केवल शैक्षणिक वातावरण को सशक्त बनाते हैं, बल्कि स्थानीय किसानों को भी नई तकनीकों और वैज्ञानिक सोच से जोड़ने का कार्य करते हैं। इससे कृषि उत्पादन में सुधार और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिल सकती है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझ रही है, ऐसे समय में पूरनपुर में आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण मंच बनकर उभर रही है। यह आयोजन ज्ञान के आदान-प्रदान के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर जागरूकता, नवाचार और सतत विकास की नई संभावनाओं को भी साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# नवनिर्माण के 9 वर्ष: गांधी प्रेक्षागृह में विकास, योजनाओं और उपलब्धियों की झलक





### दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, बैसाखी व अन्य सहायक उपकरण वितरित, युवक-मंगल दलों को स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय कार्यक्रम के सातवें दिन मंगलवार को गांधी प्रेक्षागृह में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की नीतियों, उपलब्धियों एवं जनक ल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार एवं जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह मौजूद रहे। आयोजन में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, श्रम विभाग, वन विभाग, पशुपालन एवं युवा कल्याण विभाग ने संयुक्त रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया।जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए नागरिकों का आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत युवाओं को बिना गारंटी के 5 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकें। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के माध्यम से आवासहीन लोगों को घर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम में ग्राम टण्डोला पूरनपुर निवासी शाइक ने कुक्कुट पालन में अपनी सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से वे न केवल आत्मनिर्भर बने, बल्कि करीब 40 लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा दिव्यांगजनों को 32 ट्राइसाइकिल, 18 जोड़ी बैसाखी, 12 व्हीलचेयर, 5 श्रवण यंत्र, 12 लैप्रोसी किट एवं 11 एमआर किट वितरित की गई। श्रम विभाग के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल के सदस्यों को स्वामी विवेकानंद यूथ अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य के लिए पीआरडी जवान शाहमत खां को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाए गए, जिनमें बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उद्यान, मत्स्य, समाज कल्याण, सूचना विभाग और मिशन शक्ति शामिल रहे। अतिथियों ने स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व पत्रकार मौजूद रहें।

### कोचिंग पढ़ने निकली किशोरी लापता, बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

कोचिंग पढ़ने के लिए घर से निकली एक नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के एक मोहल्ला निवासी ने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री रोजाना लाइनपार स्थित कोचिंग के लिए जाती थी। 22 मार्च को वह रोज की तरह घर से निकली, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिवार में हड़कंप मच गया और काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित के अनुसार, बाद में जानकारी मिली कि इमरान नामक युवक अपने साथियों अखलाक और अरशद के साथ किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया है। परिजनों ने आशंका जताई है कि किशोरी घर से करीब ढाई लाख रुपये की नकदी, चार तोला सोना और मोबाइल फोन भी साथ ले गई है।अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने पूरनपुर कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है और किशोरी की जल्द बरामदगी के लिए टीमें लगाई गई हैं। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर किशोरी को सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### हादसे को दावत दे रहा घुंघचाई-दियूरियाकला मार्ग

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** घुंघचाई-दियूरियाकला मार्ग की जर्जर हालत अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए जानलेवा बनती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी हुई परत और जलभराव के कारण इस मार्ग पर सफर करना किसी बड़े खतरे से कम नहीं रह गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र के दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे, मरीजों को अस्पताल ले जाने वाले वाहन और किसानों की उपज ढोने वाले ट्रैक्टर इसी सड़क पर निर्भर हैं। ग्रामीणों के अनुसार, कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। खराब सड़क के चलते आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, जिनमें सबसे अधिक परेशानी बाइक सवारों और साइकिल चालकों को झेलनी पड़ रही है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे वाहन असंतुलित होकर गिर जाते हैं। वहीं, रात के समय रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था न होने से दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। लोगों ने प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत और सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

### गैस किल्लत से लोग परेशान, घंटों लाइन में लगने को मजबूर

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** क्षेत्र में रसोई गैस की लगातार किल्लत से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो गया है। गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित गृहिणियां हैं, जिन्हें रसोई संचालन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने समय से गैस बुकिंग कराई, फिर भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।वहीं, गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि ऊपर से पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिलने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। गैस की कमी के चलते लोगों को वैकल्पिक ईंधन जैसे लकड़ी और कोयले का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे न केवल असुविधा बढ़ रही है बल्कि प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। त्योहारों और शादियों के मौसम में गैस की कमी ने लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। कई घरों में रसोई का काम प्रभावित हो रहा है और दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस आपूर्ति को जल्द से जल्द सुचारू कराया जाए और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# हरदोई में बेटी की अस्मत पर हाथ डाला तो 'काल' बनी मां,बहनोई का गला घोंटकर किया कत्ल

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई में शाहाबाद थाना क्षेत्र के नगला लोथू गांव में रिश्तों के कत्ल की एक ऐसी वारदात सामने आई जिसने समाज को हिलाकर रख दिया है। एक मां ने अपनी नाबालिग बेटी की आबरू बचाने के लिए कानून अपने हाथ में ले लिया और अपने ही सगे बहनोई अखिलेश कुमार को मौत के घाट उतार दिया।दरअसल 19 मार्च को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए अखिलेश का शव अगले दिन 20 मार्च को सहोरा गांव में चारपाई पर पड़ा मिला।आरोपी महिला ने इसे %आत्महत्या% का रंग देने की पूरी कोशिश की थी,लेकिन पुलिस की पैनी नजरों और वैज्ञानिक जांच के आगे यह झूठी कहानी ताश के पत्तों की तरह ढह गई।?पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने इस पूरी साजिश का पर्दाफाश करते हुए साफ कर दिया कि अखिलेश की मौत फांसी से नहीं,बल्कि गला घोंटने से हुई थी।इसके बाद जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की,तो मुख्य आरोपी महिला अनारकली ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।उसने बताया कि मृतक अखिलेश रिश्तेदार होने के नाते अक्सर उसके घर आता-जाता था।जब वह खेत पर काम करने गई थी तब उसने उसकी नाबालिग बेटी के साथ अश्लील हरकत करने की कोशिश की थी।बेटी की आपबीती सुनते ही मां का गुस्सा फूट पड़ा और उसने आव देखा न ताव,अखिलेश का गला घोंटकर उसका काम तमाम कर दिया। पकड़े जाने के डर से सुसाइड की स्क्रिप्ट लिखी गई थी,ताकि कानून को गुमराह किया जा सके।हालांकि, खाकी की सतर्कता ने इस खूनी खेल का अंत कर दिया।सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण ने बताया कि मुख्य आरोपी महिला को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है और इस कांड में शामिल अन्य चेहरों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## एसपी ने सुंदरीकरण कार्य के उपरांत क्षेत्राधिकारी कार्यालय का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस/शाहाबाद। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने मंगलवार को दोपहर क्षेत्राधिकारी कार्यालय, प्रतीक्षालय आदि का फीता काटकर शुभारंभ किया और लोगों को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां पर आईपीएस आलोक राज नारायण द्वारा कार्यालय का सुंदरीकरण कराया गया था। इस मौके पर उन्होंने सुंदरीकरण कार्यालय का लोकार्पण किया। तत्पश्चात अंदर बनाए गए प्रतीक्षालय का भी शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित गणमान्य नागरिकों और व्यापारियों से सीधे संवाद किया और भरोसा दिलाया कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। मुख्यमंत्री जी भी लगातार व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर निर्देश देते रहते हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा सुरक्षा व्यवस्था हम सबकी जिम्मेदारी है । पूरे जनपद में कहीं भी भय का माहौल नहीं है। पुलिस आपकी मित्र है पुलिस से मित्रवत व्यवहार रखिए और अगर समाज में कोई भी अपराधिक कृत्य कर रहा है तो उसकी गोपनीय तरीके से पुलिस को जानकारी अवश्य उपलब्ध करायें। उन्होंने व्यापारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर कैमरा लगवाने की अपील की।

# भाजपा सरकार समाज मे नफरत और द्वेष फैलाने का कार्य कर रही: पम्मू यादव




जन एक्सप्रेस । हरदोई

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष पम्मू यादव ने हरपालपुर क्षेत्र में होली मिलन समारोह में भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार समाज मे नफरत व द्वेष फैलाने का काम कर रही है। आगामी समय मे इस नफरत भरी भृष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष पद्मराग सिंह यादव पम्मू द्वारा हरपालपुर के अजतुपुर गांव स्थित खुशीराम बगिया में एक विशाल होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह में सपा नेता पम्मू यादव ने सभा को संबोधित करते हुए वर्तमान भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार नफरत एवं द्वेष फैलाने का कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि हम उस देश के वासी हैं जहां गंगा जमुनी तहजीब के चलते एक दूसरे के घर ईद की सेवइयां एवं होली की गुजिया खाई जाती हैं।तथा एक दूसरे के त्योहारों में गले मिलकर सभी गिले गिले शिकवे दूर किए जाते हैं।उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय नेता अखिलेश यादव की पीडीए एकता को लेकर भाजपा सरकार भयभीत है।सपा नेता पम्मू यादव ने कहा कि आज हम संकल्प लेते हैं कि नफरत भरी भ्रष्टाचारी सरकार को आगामी चुनाव मेंउखाड़ फेंकने का काम करेंगे।समारोह में अन्य वक्ताओं द्वारा होली एवं ईद की शुभकामनाएं दी गई । कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख सांडी जगमोहन राजपूत, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरपालपुर मनोज अग्निहोत्री,पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजीव राजपूत,पूर्व प्रधान केपी यादव, पूर्व प्रधान बबलू दीक्षित,माधवराम सक्सेना,क्षेत्र पंचायत सदस्य व युवा सपा नेता अभिषेक मिश्रा, विजय यादव, रामपाल राजपूत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने जन सनुवाई मे सुनी 87 शिकायतें




जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई। कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 87 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 27 लाख का लाभ बजट सर्व सम्मति से पास,सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें सफाई नायक: अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । हरदोई



शाहाबाद नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक को सोमवार को शाम बोर्ड हाल में अध्यक्ष श्रीमती नसरीन बानो की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें वर्ष 202627 का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया गया। जिसमें 27 लाख के शुद्ध लाभ दर्शाया गया बजट सर्वसम्मत से पास किया गया। इसके अतिरिक्त बैठक में सड़क निर्माण,जल व्यवस्था,सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं सहित विकास कार्यों के लिए कई प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किए गए। सोमवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में पालिका अध्यक्ष नसरीन बानो की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सत्ताईस लाख के लाभ का बजट पास हुआ। नगरपालिका अध्यक्ष नसरीन बानो ने बोर्ड बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि नगर के मुख्य मार्गो के निर्माण से नगरवासियों को राहत मिली है बाकी शेष अधूरे मार्गों का भी अति शीघ्र निर्माण करवाया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष ने समस्त सभासदों को उनके वार्डो में विकास कार्य सुचारू रूप से करवाने का भरोसा दिलाया। पालिका अध्यक्ष ने कहा वार्डो की साफ सफाई व्यवस्था का उचित ध्यान रखा जाये, इसके लिए वार्ड के सुपरवाइजर सजग रहे और सफाई से जुडी कोई शिकायत आती है तो सम्बंधित कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान बर्ष 2026-2027 की आय व व्यय का बजट पास किया गया। जिसमें पालिका की आय 79 करोड़ 47 लाख रुपये की आय तथा 79 करोड़ 20 लाख रुपये व्यय का अनुमोदन किया गया। इस प्रकार कुल 27 लाख के शुद्ध लाभ का बजट ध्वनि मत से पास हुआ। इसी के साथ पिछले वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित बजट के प्रस्ताव को अनुमति दी गई। वहीं बोर्ड बैठक में बजट विवरण सुनाते हुए प्रभारी अधिशासी अधिकारी सुप्रिया राव द्वारा सभी बिंदुओं का विस्तृत ब्यौरा दिया गया।

# सरकारी योजनाओं के जरिए स्थापित करें मत्स्य रोजगार: डॉ मुनीश कुमार

जन एक्सप्रेस । हरदोई

प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर 9 दिवसीय कार्यक्रम में मत्स्य विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन गांधी भवन के ग्राउंड में आयोजित किया गया। मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक मत्स्य डॉ मुनीश कुमार ने लाभार्थियों को विभाग में संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। कहा कि सरकार की प्रधानमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, सघन मत्स्य पालन योजना एरेशन सिस्टम की स्थापना, मत्स्य पालक कल्याण कोष, सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना आदि के माध्यम से आप जनपद मे मत्स्य व्यवसाय की गतिविधियों मे कार्य कर सकते है। सहायक निदेशक मत्स्य डॉ मुनीश कुमार ने बताया कि आज ग्राम समाज के तालाब के पट्टा धारको एवं अन्य मत्स्य किसानों के कैम्प मे सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना मे 59 लाभार्थियों को 5-5 लाख रुपये तक का निशुल्क बीमा, केंद्र सरकार के द्वारा आने बाली योजनाओं के डाटाबेस पोर्टल पर 32 एवं मत्स्य किसान क्रेडिट क्रेडिट मे 22 लाभर्थियों के आवेदन कराये गये है अन्य लाभार्थियों के दस्तावेज पूर्ण ना होने की बजह से उनके दस्ताबेज पूर्ण होने पर कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य मे बुलाते हुये आवेदन करा दिए जायेंगे। आज इस मौके पर मत्स्य विभाग द्वारा कुल 113 लोगों को मत्स्य विभाग की योजनाओं के द्वारा लाभान्वित किया गया है।

## ट्रेक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल, गम्भीर हालत में रेफर

जन एक्सप्रेस । माधौगढ़

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमरेही अव्वल निवासी 30 वर्षीय चिराग दोहरे किसी काम से मोटर साइकिल पर सवार होकर माधौगढ़ जा रहा था। बताया गया है कि जैसे ही मोटर साइकिल हैदलपुरा मोड़ पर पहुची थी तभी सामने से जुताई कर लौट रहे टेक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। बल्कि मोटर साइकिल भी छतिग्रस्त हो गई। इस दौरान मची चीख पुकार सुन राहगीर मौके पर पहुंचे और उन्होंने पहचान होने पर परिजनों को घटना की सूचना दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुचे परिजनों ने उसे तत्काल उठाकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर के लिए रिफर कर दिया। मामले में कोतवाल बिकेश बाबू का कहना है कि कोई तहरीर नही आई है आती है तो कार्यवाही की जाएगी।

# शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही अंतिम मानक: डीएम

जन एक्सप्रेस । उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई में राजस्व, पुलिस, विकास, समाज कल्याण, नगर निकाय सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई।जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए कार्य करें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरणों में मौके पर जाकर सत्यापन कर निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निस्तारित प्रकरणों में शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य लिया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि वह समाधान से संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही अंतिम मानक है। जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा प्रत्येक शिकायत पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## भीम पेमेंट्स ऐप ने एंड्रॉयड और आईओएस पर यूपीआई भुगतान के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लॉन्च किया

आगरा। एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड, जो कि नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, ने आज भीम पेमेंट्स ऐप पर यूपीआई भुगतान के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन फीचर लॉन्च करने की घोषणा की। यह नया फीचर यूज़र्स को रुपये 5,000 तक के यूपीआई लेनदेन को फिंगरप्रिंट या फेस रिकग्निशन के माध्यम से मंजूरी देने की सुविधा देता है, जिससे रोज़मर्रा के भुगतान तेज़, आसान और अधिक सुरक्षित हो जाते हैं। यह सुविधा वर्तमान में उन आईओएस और एंड्रॉयड डिवाइस पर उपलब्ध है जो बायोमेट्रिक क्षमताओं को सपोर्ट करते हैं। इस फीचर के साथ, भीम यूज़र्स को हर बार भुगतान के लिए यूपीआई पिन दर्ज करने की आवश्यकता नहीं होगी। यह उन स्थितियों में विशेष रूप से उपयोगी है जब यूज़र्स पिन भूल जाते हैं या गलत दर्ज कर देते हैं, जिससे भुगतान विफल हो सकता है। यह सुविधा पैसे भेजने, मर्चेंट क्यूआर स्कैन करने और ऑनलाइन ट्रांज़ैक्शन जैसे सामान्य उपयोग के मामलों में भी लागू होगी, जिससे डिजिटल भुगतान का अनुभव और अधिक सहज और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनता है।

# 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारम्भ, जनप्रतिनिधियों ने किया आह्वान

जन एक्सप्रेस । उरई



राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व क्षय रोग दिवस 2026 के अवसर पर विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी आदि जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद की टीबी मुक्त घोषित ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 25 टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित कर उनके बेहतर स्वास्थ्य हेतु सहयोग प्रदान किया गया। विधायक ने ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में टीबी मुक्त अभियान को जनआंदोलन का रूप दें तथा अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि टीबी हारेगा, देश जीतेगा की भावना के साथ कार्य करते हुए भारत को टीबी मुक्त बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।सीएमओ बीरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में आधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनमें सीबी-नेट एवं ट्रू-नेट मशीनों के साथ माइक्रोस्कोपी केंद्रों के माध्यम से टीबी की सटीक जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में जनपद की 56 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया, जिनमें 03 को गोल्ड, 07 को सिल्वर तथा 46 ग्राम पंचायतों को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 24 मार्च 2026 से प्रारम्भ हुए 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान की भी शुरुआत की गई। अभियान के अंतर्गत जनपद की उच्च जोखिम वाली लगभग 3.15 लाख आबादी की व्यापक स्क्रीनिंग की जाएगी, जिसमें एक्स-रे एवं संदिग्ध मरीजों की ह्रञ्ज मशीन द्वारा जांच सुनिश्चित की जाएगी। टीबी की पुष्टि होने पर मरीजों को तत्काल उपचार से जोड़ा जाएगा। जनपदवासियों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, वजन में कमी या कमजोरी जैसे लक्षण हों तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं। समय पर पहचान, पूर्ण उपचार और जनजागरूकता ही टीबी उन्मूलन का सबसे प्रभावी उपाय है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, एसीएमओ, ग्राम प्रधान आदि सहित सम्बंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ट्यूबवेल का ताला चटकाकर स्टार्टर व केबिल ले गए चोर

उरई। बीते दिन देर रात आटा गांव में घूमी चोरों की बारात ने गांव के खेत में स्थित ट्यूबवेल को निशाना बना लिया। जहां से चोर कोठी की कुंडी काटकर स्टार्टर व केबिल चोरी कर फरार हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अटांगाव निवासी शिव प्रताप सिंह का प्राइवेट ट्यूबवेल अडाई मौजे में है। सोमवार रात चोरों ने ट्यूबवेल के दरवाजे की कुंडी काटकर अंदर चले गए। चोरों ने स्टार्टर,केबिल काट ली। सुबह खेतों पर गए किसानों को कुंडी देख शिव प्रताप को सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने खेतों के आस-पास खोज-बीन की,केबिल,स्टार्टर का पता नहीं लग सका। शिव प्रताप सिंह ने कोतवाली में तहरीर दे दी है। वहीं 500 मीटर दूर सुल्तानपुरा पर स्थित सरकारी ट्यूबवेल 29 में चोरों ने ट्यूबवेल की केबिल काट ली।सुबह केबिल कटी देख आपरेटर अशोक कुमार को सूचना दी। ग्रामीण हर्मेन्द्र सिंह, मनोज सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, मान सिंह, वीरू सिंह का कहना है कि केबिल कटने से खेतों की सिंचाई नहीं हो सकेगी। शीघ्र केबिल नहीं डाली गई, तो गेहूं की फसल खराब हो जाएगी।

# खड़े डंफर से टकराई बाइक हादसे में एक मौत दो की हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस । माधौगढ़

देर रात रिस्तेदारी से घर लौट रहें बाइक सवार तीन लोग कैलोर के पास खराब खड़े डंफर से भिड़ गए। हादसे में बाइक पर सवार तीनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। शोरगुल सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डाक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल दोनों युवकों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।मौत की खबर सुन घर में कोहराम मच गया।।गोहन थाना क्षेत्र के गुपलापुर निवासी विशुन लाल 55, वर्ष जालौन के दमा निवासी हरी सिंह 50 व रामपुरा के चांदनपुरा निवासी दिलीप 21, सोमवार को बाइक से नदीगांव थाना क्षेत्र के मुहब्बतपुर गए थे।देर रात तीनों युवक बाइक से घर लौट रहें थे।कैलोर के पास सड़क किनारे खराब डंफर खड़ा था। तेज रफ्तार से आ रही बाइक की डंफर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार दी तीनों लोग बुरी तरह से घायल हो गए। शोरगुल सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने विशुन लाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल हरी सिंह,दिलीप का इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।मौत की खबर सुन मृतक की पत्नी उमा देवी पुत्र कुंअर सिंह, अकुंल, गोलू का रो-रोकर बुरा हाल है।

# देवी कात्यायनी के पूजन के साथ छटवें दिन का अनुष्ठान सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । अलीगढ



शहर के जी.टी. रोड चिकावटी स्थित श्री विद्या धाम आश्रम पर विश्वकल्याण सेवा संस्थान के तत्वावधान में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ एवं कन्या पूजन अनुष्ठान के तहत मंगलवार को आचार्य गौरव शास्त्री की अध्यक्षता में छटवें दिन प्रथम प्रहर के मुख्य यजमान प्रमोद कुमार सिंह सहित अन्य यजमान अरविंद सारस्वत,राजकुमार पचौरी,भोलू सिंह,सुमित वर्मा का विधि विधान से रवि शास्त्री, शिवम शास्त्री, गौरव शास्त्री, विनीत शास्त्री, सागर वेदपाठी एवं कृष्णा वेदपाठी आदि विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मन्त्रोंच्चार के साथ प्रधान चौकी पर विराजित माँ भगवती का पूजन अर्चन करवाया। उसके बाद सभी यजमानों द्वारा यज्ञशाला के स्तंभों से आलिंगन करवाने के बाद सभी देवताओं का आवाहन एवं पूजन किया गया। पूजन अर्चन के उपरांत पाँचो कुंडो में अग्नि प्रज्वलन के साथ महायज्ञ का आरंभ हुआ जिसमें दुर्गा सप्तशती के श्लोकों के साथ आहुतियाँ दिलवायी गयीं।

यज्ञ के दौरान यजमानों एवं यज्ञशाला परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए महायज्ञ संरक्षक स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने महायज्ञ के दौरान स्तंभ आलिंगन के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि स्तम्भ को धर्म, स्थिरता और सहारे का प्रतीक माना जाता है।किसी भी अनुष्ठान से पूर्व सत्य को आधार मानते हुए यह किया जाता है इसके साथ ही यज्ञशाला में किए गए यज्ञ और मंत्रों से वातावरण को पवित्र और ऊर्जावान माना जाता है। आलिंगन करने से व्यक्ति उस सकारात्मक ऊर्जा से जुड़ने का भाव करता है ।स्वामी पूर्णानंद पुरी जी महाराज के अनुसार अष्टमी तिथि 26 मार्च को मनाई जाएगी।

इसी दिन राम नवमी (राम जन्मोत्सव) भी मनाया जाएगा।कन्या पूजन किया जाएगा सिद्धिदात्री माता का नवमी पूजन 27 मार्च को किया जाएगा।

सायंकालीन बेला में दूसरे प्रहर के महायज्ञ के मुख्य यजमान हर्षेदु वशिष्ठ के साथ अन्य चार यजमान डॉ प्रवीन शर्मा, राम कुमार शर्मा, मोहित गुप्ता, प्रवीन वार्ष्णेय द्वारा महायज्ञ में आहुतियों के साथ यज्ञशाला की परिक्रमा की गयी। उसके बाद सभी भक्तों ने स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज से आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम हुई महाआरती में कौशल सिंह,शंकर पाल सिंह, श्योराज सिंह, ठाकुर राहुल सिंह, युवराज चौधरी, सत्येंद्र प्रताप सिंह ठा. राहुल सिंह,नवीन चौधरी, जितेंद्र गोविल, तेजवीर सिंह, शिब्बू अग्रवाल, पवन तिवारी, तृषाँक अग्रवाल, संकल्प अग्रवाल,भोलू ठाकुर, अशोक पाल, निपुण उपाध्याय,उमेश सिंह फौजी,राकेश सक्सेना,दीप गुप्ता,सत्यप्रकाश गोयल, अशोक सक्सेना हरिमोहन शर्मा एवं दीप्ती शर्मा समेत सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । कुठौंद

थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुलूपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। घटना से गांव में सनसनी फ़ैल गई और सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुलूपुर में एक 20 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान प्रीति, पुत्री सुनील कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, युवती ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से अहम सबूत एकत्र किए, जिससे मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में थानाध्यक्ष का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच में जुटी हुई है।

# डीएम ने मधवलिया गोसदन का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश

## एक सप्ताह में चालू होगा गोबर गैस प्लांट, गोसदन को मॉडल बनाने की तैयारी तेज

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह के साथ गोसदन मधवलिया का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशु शेड, वर्मी कंपोस्ट इकाई, गोबर गैस प्लांट एवं हरे चारे की स्थिति का अवलोकन किया।



निरीक्षण के दौरान गोबर गैस प्लांट के निष्क्रिय पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कारण पूछा। जल निगम के जेई ने बताया कि गैस चैंबर में स्लरी जम जाने से प्लांट बंद हो गया है। इस पर जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के भीतर कमियां दूर कर प्लांट चालू कराने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जानकारी दी कि गोसदन में कुल 737 गोवंश संरक्षित हैं, जिनमें 558 नंदी और 179 गाय शामिल हैं। पशुओं के लिए 234.08 कुंतल भूसा, 43.28 कुंतल चोकर, 71.15 कुंतल पशु आहार और 243.90 कुंतल साइलेज उपलब्ध है। हरे चारे के लिए 242 एकड़ में बाजरा, 2 एकड़ में नेपियर और 0.5 एकड़ में जई की खेती की जा रही है। जिलाधिकारी ने पशुओं के पोषण स्तर में सुधार हेतु हरे चारे के उत्पादन को बढ़ाने और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही गोसदन में लगे सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण कर मुख्य द्वार सहित सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर 15 दिन के बैकअप के साथ कैमरे सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने गोसदन में फलदार वृक्षों के रोपण पर जोर देते हुए अतिरिक्त आय के स्रोत विकसित करने के निर्देश दिए। वर्मी कंपोस्ट उत्पादन के संबंध में बीडीओ निचलौल ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादन और बिक्री की जा रही है, वहीं गोबर से गोकाष्ठ भी तैयार किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने वर्मी कंपोस्ट की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए कृषि, गन्ना एवं उद्यान विभाग के माध्यम से समूह का अनुबंध कराने तथा गोकाष्ठ की बिक्री के लिए नगर निकायों व अंत्येष्टि स्थलों के साथ कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि गोसदन को आत्मनिर्भर और मॉडल गोसदन के रूप में विकसित करने की पूरी संभावना है, जिसके लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। इस कार्य हेतु जिला विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोसदन परिसर में आम का पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उपजिलाधिकारी निचलौल, बीडीओ निचलौल, डीपीआरओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### परिषदीय के छात्र प्रतीक कुमार नवोदय में चयनित, हर्ष

**आजमगढ़।** शिक्षा क्षेत्र मिर्जापुर के अंर्तगत प्राथमिक विद्यालय अहिरीपुर के छात्र प्रतीक कुमार का चयन नवोदय विद्यालय में होने से हर्ष व्याप्त है। विद्यालय प्रधानाध्यापक संजीव कुमार द्वारा प्रतीक कुमार को सम्मानित कर विद्यालय के अन्य छात्राओं का हौसला अफजाई किया गया। अहिरीपुर गांव निवासी प्रतीक कुमार पुत्र सुनील कुमार कक्षा एक से लेकर कक्षा पांच तक की शिक्षा प्राथमिक विद्यालय अहिरीपुर में पूर्ण किया। प्रतीक के पिता किसानी करके अपने और अपने परिवार का भरण पोषण करते है। विद्यालय के शिक्षकों ने उसके पिता को प्रतीक के मेधावी क्षमता के बारे में बताते हुए उसे नवोदय की प्रवेश में परीक्षा में सम्मिलित होने का सलाह दिया। परीक्षा के उपरांत नवोदय विद्यालय चयन समिति की घोषणा में उसका चयन कक्षा छह में हुआ। प्रतीक के इस चयन से उसके माता-पिता सहित पूरे गांव समाज के लोगों में हर्ष व्याप्त है। पिता सुनील कुमार ने विद्यालय प्रधानाध्यापक सहित पूरे स्टाफ के प्रति आभार जताते हुए कहाकि वह अपने बच्चे को बड़े होकर अधिकारी बनते हुए देखना चाहते है।

इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने प्रतीक को सम्मानित किया और अन्य बच्चों को भी पूरे मनोयोग से पढ-लिखकर देश समाज की सेवा करने का जज्बा भरा।

# अवैध खनन पर प्रशासन सख्त, जिलाधिकारी व एसपी ने दिए कड़े निर्देश

## हाइब्रिड बैठक में विभागीय अधिकारियों को चेतावनी, बिना वीएलटीडी वाहनों पर होगी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जनपद में बढ़ती अवैध खनन और उसके परिवहन संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने मंगलवार को हाइब्रिड मोड में बैठक कर कड़े निर्देश जारी किए। बैठक में सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारी, एआरटीओ तथा खनन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने अवैध खनन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा कि जनपद में किसी भी स्थिति में अवैध खनन स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने खनन निरीक्षक से पंजीकृत वाहनों और वीएलटीडी (व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस) युक्त वाहनों की जानकारी ली। जानकारी में सामने आया कि कुल 327 वाहन पंजीकृत हैं, जिनमें मात्र 8 वाहनों में ही वीएलटीडी लगा है। इस पर जिलाधिकारी ने असंतोष जताते हुए बिना वीएलटीडी वाले वाहनों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि खनन सामग्री का परिवहन केवल निर्धारित सीमा और अनुमन्य वाहनों से ही हो। गैर-वाणिज्यिक वाहनों से परिवहन पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सभी पंजीकृत वाहनों पर पहचान के लिए संकेतक चिन्ह (पेंटिंग या अन्य माध्यम) अनिवार्य करने को कहा। बिना चिन्ह वाले वाहनों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए राजस्व, पुलिस, परिवहन और खनन विभाग की संयुक्त टीमें गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। ये टीमें तत्काल प्रभाव से प्रमुख मार्गों पर औचक अभियान चलाकर प्रवर्तन कार्रवाई करेंगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार, एआरटीओ मनोज सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# धरातल पर साकार हो रहा विकसित भारत का संकल्प : विधायक राजेन्द्र मौर्य

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, डीएम शिव सहाय अवस्थी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी दयाराम यादव व डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह ने आये हुये अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर दो दिवसीय मेले में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व जनसामान्य द्वारा विभिन्न विभागों की लगायी गई जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चो का अन्न प्रासन्न कराया गया तथा दिव्यांग लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल का वितरण भी किया गया। इस दौरान विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि बीते नौ वर्षों में प्रदेश ने सुरक्षा, सुशासन एवं विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों का सकारात्मक प्रभाव आम जनता तक पहुंच रहा है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लिया गया विकसित भारत का संकल्प अब धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है। डीएम शिव सहाय अवस्थी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, संसाधनों की उपलब्धता और मैनपावर बढ़ाने के क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्थाएं अन्य स्थानों पर कम ही देखने को मिलती हैं। उन्होंने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि किसी में दृढ़ इच्छाशक्ति हो, तो वह बड़ी से बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकता है। कार्यक्रम का संचालन डा. मो. अनीस व धर्मेन्द्र ओझा द्वारा किया गया।



### प्रयास संस्था ने किया शहीदों को नमन

**आजमगढ़।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव के शहादत दिवस पर प्रयास सामाजिक संगठन की ओर से बिलारी लखनपुर स्थित बालिका विद्यालय में उनके चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजलि दी गई।

महापुरूषों के कृतित्व को याद करते हुए प्रयास संस्था के अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि 1931 में अविभाजित भारत के लाहौर सेंट्रल जेल मे तीनों क्रांतिकारियों को अंग्रेजी हुकूमत ने फांसी पर चढ़ा दिया था क्योंकि उन्होंने देशवासियों को अंग्रेजों से मुक्ति दिलाने के लिए सेंट्रल असेम्बली में रिक्त स्थान पर बम फेंका था ताकि इसकी आवाज से समूचा भारत जागृत हो और अंग्रेजी हुकूमत की चूल्हें हिल जाये। विद्यालय के प्रबंधक शांति सिंह ने कहा कि चलो फिर आज वो नजारा याद कर लें शहीदों के दिल में थी जो ज्वाला याद कर लें, जिसमे बहकर आजादी पहुंची थी किनारे पर, देशभक्तों के खून की वो धारा याद कर लें। आगे कहाकि अंग्रेजी हुकूमत जानती थी कि भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव को फांसी पर लटकाना आसान नहीं था।

# बेटियां बनें निडर, पुलिस है आपके साथ : एसपी दीपक भूकर

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले में मंगलवार को मिशन शक्ति फेज- 5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसपी दीपक भूकर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय एवं सीओ लाइन शिवनारायण वैस के साथ थाना कोतवाली देहात इलाके के बीएसएस एकेडमी में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान एसपी दीपक भूकर द्वारा मंच पर उपस्थित छोटी-छोटी बालिकाओं को पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित रूप में सम्मानित करते हुए उन्हें उपहार वितरित किया गया तथा उनके साथ आत्मीय संवाद स्थापित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। बालिकाओं के चेहरे पर उत्साह एवं आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ, जो कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बालिकाओं एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं आत्मरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निर्भीक होकर पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उनके अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत कराया गया, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग एवं सशक्त बन सकें। इस दौरान वूमेन पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पुलिस हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, स्वास्थ्य सेवा एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन समेत विभिन्न आपातकालीन नम्बरों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए इन सेवाओं का समय पर उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण बना रहा। उपस्थित छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों द्वारा पुलिस विभाग के इस जन-जागरूकता अभियान की सराहना की गई तथा इसे समाज में महिला सुरक्षा के प्रति एक प्रभावी पहल बताया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनगणना-2027 : फील्ड ट्रेनर्स को वास्तविक अभ्यास के लिए किया गया प्रशिक्षित

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में भारत की आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण-मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में एमडीपीजी कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 108 फील्ड ट्रेनर्स को 6 अनुभवी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य फील्ड स्तर पर कार्य करने वाले कर्मियों को जनगणना की प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं और फील्ड में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सक्षम बनाना है। दूसरे दिन का प्रशिक्षण शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण की विधि, डेटा संकलन की प्रक्रिया, सटीक जानकारी दर्ज करने के तरीके तथा आधुनिक उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आयोजन को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए साफ-सफाई, पेयजल, भोजन, विद्युत व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया। प्रशिक्षण में टीवी स्क्रीन और अन्य ऑडियो-विजुअल उपकरणों का उपयोग कर विषयों को सरल और समझने योग्य तरीके से प्रस्तुत किया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने प्रतिभागियों को न केवल सैद्धांतिक जानकारी दी, बल्कि वास्तविक परिस्थितियों में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंतिम दिन 25 मार्च को प्रशिक्षण जारी रहेगा। इसके साथ ही प्रतिभागियों को प्रयोगात्मक प्रशिक्षण देने के लिए फील्ड विजिट भी कराई जाएगी। इसके लिए भंगवा की चुंगी के निकट स्थित सियाराम कॉलोनी का चयन किया गया है, जहां ट्रेनर्स को वास्तविक परिस्थितियों में मकान सूचीकरण और गणना की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा।



### दृष्टि के बिना स्वस्थ्य देश व समाज की परिकल्पना असंभव : डॉ. भक्तवत्सल

**आजमगढ़।** लायंस क्लब इंटरनेशनल डा. भक्तवत्सल दृष्टि के बिना स्वस्थ्य देश व समाज की परिकल्पना असंभव- डा. भक्तवत्सल

मोतियाबिंद ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण के लिए वाराणसी भेजे गए 43 मरीज लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा लक्षिरामपुर में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

आजमगढ़। समाज को गरीब तबके के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रहे सामाजिक संगठन लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा रविवार को केएन लाल मेमोरियल हॉस्पिटल लक्षिरामपुर आजमगढ़ में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों के मोतियाबिंद की जांच की गई। शिविर को शुभारंभ डिस्टिक्ट चेयर पर्सन होमियोपैथी लायंस क्लब इंटरनेशनल ख्यातिलब्ध होमियोपैथिक चिकित्सक डा. भक्तवत्सल, अध्यक्ष लायंस क्लब ओमप्रकाश अग्रवाल, रवि जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

# कार्रवाई : पुलिसकर्मियों पर हमला, आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले के अंतू थाना क्षेत्र के उपाध्यायपुर गांव में पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट व वर्दी फाड़ने के आरोप में आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार एआरटीओ चौकी प्रभारी रामनरेश अपने हमराह सिपाही पवन कुमार मौर्य के साथ वाहन चेकिंग पर निकले थे। इस दौरान ककरहा मोड़ के पास भीड़ देखकर वो मौके पर गये जहां उपाध्यायपुर निवासी इमरान खान पुत्र याकूब अली क्रिकेट खेल रहे लड़कों से विवाद कर रहा है। जब दरोगा ने उसे समझाने का प्रयास किया तो दरोगा से उलझते हुए वह भागने लगा। इस दौरान दरोगा को उसकी पैंट में खोंसा हुआ देसी तमंचा दिखाई दिया। पुलिस के अनुसार जब पीछा कर उसे उपाध्यायपुर स्थित उसके घर के पास घेरना चाहा, तो वहां मौजूद मासूक अली और अजीजुल रहमान ने पुलिस टीम के साथ बदतमीजी शुरू कर दी। देखते ही देखते आरोपियों ने फोन कर घर की महिलाओं और अन्य युवकों को मौके पर बुला लिया। लाठी-डंडों से लैस भीड़ ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। इस दौरान सिपाहियों की वर्दी फाड़ दी गई और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दरोगा रामनरेश द्वारा अतिरिक्त पुलिस बल बुलाने की सूचना देने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। एसआई रामनरेश की तहरीर के आधार पर तीन महिलाओं समेत आठ नामजद व दो तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, मारपीट और हमले की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सहायक पुलिस अधीक्षक ( सीओ सिटी ) प्रशांत राज ने बताया कि दो पक्षों के बीच हुए विवाद में पुलिस टीम गई थी। जहां कुछ अराजक तत्वों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। इस मामले में आठ नामजद व कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# 33 पेटी अवैध नेपाली शराब बरामद, तस्कर फरार

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

इंडो-नेपाल सीमा से सटे झूलनीपुर क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने कार्रवाई करते हुए 297 लीटर अवैध नेपाली शराब बरामद की, हालांकि तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर नेपाल की ओर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, निचलौल आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर वैभव कुमार यादव के नेतृत्व में तथा 22वीं वाहिनी एसएसबी के साथ संयुक्त गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर अंतरराष्ट्रीय सीमा के पिलर संख्या 500 के पास एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सामान लेकर आता दिखाई दिया। टीम द्वारा रुकने का इशारा करने पर आरोपी बाइक छोड़कर नेपाल की ओर भाग निकला। मौके पर मिली मोटरसाइकिल की तलाशी लेने पर दो बोरियों में रखी 8 पेटियों से 72 लीटर अवैध नेपाली शराब बरामद हुई। इसके बाद आसपास के खेतों में सर्च अभियान चलाया गया, जहां से 25 पेटियों में 225 लीटर शराब और बरामद की गई। इस प्रकार कुल 33 पेटियों में 990 शीशियों के साथ 297 लीटर अवैध शराब (ब्रांड किसमिस सौंफि) जब्त की गई। जन एक्सप्रेस संवाददाता को आबकारी इंस्पेक्टर वैभव कुमार यादव ने बताया कि बरामद नेपाली शराब को आबकारी अधिनियम की धारा 60/63 के तहत जब्त कर लिया गया है। वहीं, मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई के लिए कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि फरार तस्कर की तलाश में टीम लगी हुई है।



### एसपी ने लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/ढूठीबारी/महराजगंज।** महराजगंज पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने सोमवार दोपहर ढूठीबारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य क्षेत्र की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करना रहा।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने चौकी परिसर की साफ-सफाई, पुलिस कर्मियों की वर्दी एवं अनुशासन की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि चौकी पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को शालीनता के साथ सुना जाए और उसका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा, आगामी त्योहारों एवं क्षेत्र की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक ने रात्रि गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करने के कड़े निर्देश दिए।

# झरही नदी पर बन रहा पुल, दर्जनों गांवों को मिलेगा लाभ

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




झरही नदी पर निर्माणाधीन पुल क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी सौगात साबित होने जा रहा है। वर्षों से आवागमन की समस्या झेल रहे दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को अब जल्द ही सुगम और सुरक्षित रास्ता उपलब्ध होगा। करीब 27 मीटर लंबे और 8.5 मीटर चौड़े इस पुल का निर्माण लगभग 1 करोड़ 58 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। पुल निर्माण कार्य तेजी से जारी है, जिससे स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है। पुल के बन जाने से नौतनवा और सिसवा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों के बीच की दूरी कम हो जाएगी और लोगों का समय भी बचेगा।

इस पुल से नौतनवा क्षेत्र के रमगढ़वा, भरगाई, मोहनापुर, गणेशपुर, अमहवा, लक्ष्मीपुर, सागरहवा, निविहअवा सहित सिसवा क्षेत्र के रामनगर, अराजी बैरिया, किशुनपुर, सड़कहवा, ठूठीबारी, धमौली और भरवलिया समेत दर्जनों गांव सीधे लाभान्वित होंगे। विशेष रूप से बरसात के दिनों में जब नदी उफान पर होती है, तब ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

स्कूली बच्चों को भी बाढ़ के समय लंबा रास्ता तय कर ठूठीबारी स्थित स्कूल पहुंचना पड़ता था। पुल बनने के बाद यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पुल के निर्माण से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी बेहतर होगी। अब ग्रामीणों को बाजार, स्कूल और अस्पताल जाने के लिए लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

इस संबंध में जेई इम्तियाज अली ने बताया कि पुल निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि मार्च 2027 तक पुल बनकर तैयार हो जाएगा, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

# एडीएम के साथ ट्रक संचालकों की बैठक विफल, आन्दोलन की चेतावनी

जन एक्सप्रेस। बस्ती




जनपद में टोल प्लाजा से मनमानी वसूली के खिलाफ अब ट्रक संचालकों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया है। मंगलवार को ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक अपर जिला अधिकारी (एडीएम) की अध्यक्षता में हुई, लेकिन इस बैठक में भी समस्या का ठोस समाधान नहीं निकल सका। बैठक में टोल प्लाजा मैनेजर, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी बस्ती सदर और यातायात निरीक्षक मौजूद रहे, बावजूद इसके ट्रक संचालकों का आक्रोश कम होता नहीं दिखा।

बैठक में आखिरकार जो निर्णय निकला, वह भी ट्रक संचालकों को पूरी तरह संतुष्ट नहीं कर सका। एडीएम की बैठक में सिर्फ इतना तय हुआ कि मड़वानगर टोल प्लाजा पर ट्रकों से आधा टोल शुल्क लिया जाएगा। एसोसिएशन का कहना है कि यह 'जख्म पर मरहम नहीं, बल्कि औपचारिकता' भर है।

बैठक के दौरान ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि जिले में टोल प्लाजा के नाम पर 'खुली लूट' हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वाहन स्वामियों से नियमों के खिलाफ जबरन वसूली की जा रही है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने बैठक में सवाल उठाया कि आखिर एक ही जिले में दो-दो टोल वसूली कैसे जायज हो सकती है। राजकुमार सिंह ने कहा कि महज 30 किलोमीटर के अंदर दो टोल प्लाजा स्थापित कर दिए गए हैं, जो कि पूरी तरह नियमों के विपरीत है। इससे ट्रांसपोर्टरों और व्यापारियों पर दोहरा आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

एसोसिएशन ने यह भी आरोप लगाया कि टोल प्रशासन ने सभी वैकल्पिक रास्तों और कटों पर बैरिकेडिंग कर दी है, जिससे वाहनों को जबरन टोल प्लाजा से होकर गुजरने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने इसे 'जबरन वसूली की साजिश' बताते हुए कहा कि यह सीधे- सीधे नियमों और जनता के अधिकारों का उल्लंघन है। ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस गंभीर मुद्दे को लेकर वे कई जनप्रतिनिधियों के पास भी जा चुके हैं। सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव, पूर्व विधायक रुधौली संजय प्रताप जायसवाल और सांसद राम प्रसाद चौधरी को भी पूरी स्थिति से अवगत कराया गया है। सभी ने समर्थन और समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन अब तक जमीन पर कोई असर नहीं दिख रहा है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि पिछले 15 दिनों से वे लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिलता है। इससे ट्रांसपोर्टरों में भारी रोष है और वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

ट्रक एसोसिएशन ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल ट्रक संचालकों की नहीं, बल्कि पूरे व्यापारी वर्ग और आम जनता की है।

बैठक में दीपक सिंह अरविन्द कुमार गुप्ता अनुरोध सिंह महेश सिंह दीपक सिंह ठेकेदार प्रमोद यादव, संजय यादव, सुमित चौधरी, अवधेश कुमार, आशीष कुमार गुप्ता, विपुल त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

# बसपा के मण्डल स्तरीय बैठक में बनी त्रिस्तरीय पंचायत और विधानसभा चुनावों की रुपरेखा



जन एक्सप्रेस। बस्ती

बहुजन समाज पार्टी की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक मंगलवार को बड़े बन के निकट स्थित एक मैरेजहाल के सभागार में मुख्य मण्डल प्रभारी धर्मदेव प्रियदर्शी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

मुख्य अतिथि एवं बस्ती, गोरखपुर, बनारस, प्रयागराज के मण्डल प्रभारी पूर्व राज्यसभा सांसद घनश्याम चन्द्र खरवार ने कहा कि बसपा पूरी ताकत से संगठन को मजबूत करने में जुटी है। बूथ और सेक्टर की प्रभावी तैयारी और उनकी समीक्षा कर लिया जाय, आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी जाय। मुख्य मण्डल प्रभारी उदयभान, केके. गौतम, कल्पनाथ बाबूजी, राम सूरत चौधरी, संजय धूसिया आदि ने कहा कि संगठन की मजबूती से ही बहन सुश्री मायावती के संकल्प साकार होंगे। इसके लिये जमीनी धरातल पर कार्यकर्ता और पदाधिकारी जुट जाय और पार्टी की विचारधारा से लोगों को जोड़े। जनपद के सभी विधानसभा के बूथों की समीक्षा के साथ यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि कोई मतदाता वंचित न रहने पाये।

बस्ती जिलाध्यक्ष जयहिन्द गौतम ने कहा कि मण्डलीय समीक्षा बैठक में जो निर्णय लिये गये हैं उस अनुरूप संगठन को और मजबूत किया जायेगा। इस मौके पर कैप्टन कृष्ण चन्द्र पाठक, रामकिशोर पाठक, विजय पाण्डेय, संजय चौधरी, सुशील शुक्ल, सुनीता दूबे, राधिका तिवारी, सुनीता पाठक, सत्यनरायन मिश्र, विजय पाण्डेय, अभिनव तिवारी, दीपक मिश्र, कुलदीप दूबे, दीपक चौधरी, सोनू शुक्ल, शुभम मिश्र, मनीष शुक्ल, अमन पाण्डेय, प्रवीन कुमार पाण्डेय, रामरंग सिंह, सर्वजीत सिंह, अनिल सिंह, संजय सिंह, राम सिंह, विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र प्रताप सिंह, राजन सिंह, अरून सिंह के साथ ही सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण किया।

मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से संतकबीर नगर जिलाध्यक्ष झिनकान प्रसाद, सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम, विधानसभाध्यक्ष नवमी प्रसाद, देशराज गौतम, राजीव राव, भूपेन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार गौतम, लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी लवकुश पटेल, राजुमार आर्य, सीताराम शास्त्री, बनवारीलाल कन्नौजिया, रमेश कुमार शुक्ल, प्रेमचन्द्र पाठक, विजय प्रताप सिंह, नदीम, इन्द्रजीत गौतम, जब्बार अली के साथ ही राजेन्द्र कुमार गौतम, अवनीश कुमार, अभिषेक भारती, यशवन्त निगम, दीपक सहित तमाम कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# सेवा भारती जिला कार्यसमिति घोषित

- डॉ आर बी चौहान जिलाध्यक्ष और जय प्रकाश तिवारी प्रचार प्रमुख का दायित्व

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




मछलीशहर की बैठक कमला हॉस्पिटल मछली शहर पर की गई जिसमें क्षेत्र सेवा प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के युद्धवीर जी की संस्तुति के उपरांत प्रान्त सहसेवा प्रमुख काशी प्रान्त पवन जी ने बहुप्रतीक्षित जिला कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। इस घोषणा के साथ ही संगठन में नई ऊर्जा और सक्रियता का संचार होने की उम्मीद जताई जा रही है।

जिससे संगठन की समावेशी सोच स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

डॉ विनय कुमार त्रिपाठी विभाग उपाध्यक्ष जौनपुर द्वारा जारी 25 पदाधिकारियों की सूची में सेवा भारती की मंशा के अनुरूप युवाओं को प्राथमिकता देते हुए सामाजिक समीकरण का विशेष ध्यान रखा गया है। चार विधानसभा क्षेत्रों वाली इस जनपद इकाई में सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व को संतुलित ढंग से शामिल किया गया है। जिसमें संरक्षक ब्रह्मदेव उपाध्याय, जिलाध्यक्ष डॉ आर बी चौहान उपाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी, डॉ ए के तिवारी,संतोष बिंद महामंत्री विभव सिन्हा, सौरभ दुबे मंत्री संगम, परमानंद, नितेश सेठ कोषाध्यक्ष रणजीत यादव संपर्क प्रमुख मोलू जायसवाल किशोरी विकास प्रमुख बीना सिंह तथा प्रचार प्रमुख का दायित्व जय प्रकाश तिवारी को दिया गया। वहीं पर स्वालंबन प्रमुख संजय सिंह स्वास्थ आयाम प्रमुख डॉ कोविदेंद्र अध्ययन प्रमुख सुशील मिश्रा तथा सामाजिक आयाम प्रमुख अशोक सरोज को बनाया गया। सेवा भारती पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस घोषणा का स्वागत करते हुए इसे संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। नई टीम से आगामी संगठनात्मक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ तेज़ सिंह बाल रोग विशेषज्ञ विभाग अध्यक्ष तथा डॉ वेद प्रकाश सिंह विभाग सेवा प्रमुख जौनपुर ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक मछलीशहर राजेन्द्र प्रथम एवं सौरभ त्रिपाठी, अंकित चौधरी, अभिनय उपाध्याय, महेश रूद्र मौर्य, दिलीप जायसवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद जिला सेवा प्रमुख मछलीशहर ने किया तथा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष डॉ आर बी चौहान ने आए हुए आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# चैत्र रामनवमी पर हियुवा की भव्य शोभा यात्रा 26 को




जन एक्सप्रेस। बस्ती

मंगलवार को हिन्दू युवा वाहिनी की बैठक न्याय मार्ग स्थित जिला कार्यालय पर अध्यक्ष शशिभूषण सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 26 मार्च को चैत्र रामनवमी को निकाली जाने वाली भव्य शोभा यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। हिन्दू युवा वाहिनी के जिला महामंत्री विनय सिंह ने बताया कि 26 मार्च के सायं 5 बजे कम्पनीबाग स्थित शिवमंदिर के निकट कमल टेण्ट हाउस पर एकत्रीकरण होगा। यहां से शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुये मारवाडी मंदिर पुरानी बस्ती तक जायेगी। गांधीनगर स्थित श्री हनुमान मंदिर पर विशेष अनुष्ठान आयोजित किया गया है। शोभा यात्रा में रथ, घोडा, देवी देवताओं की झांकिया, अखण्ड ज्योति आदि सम्मिलित होंगे।

तैयारी बैठक में मुख्य रूप से जिला संयोजक बब्लू निषाद, महामंत्री कन्हैयालाल, जय प्रकाश सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, विजय द्विवेदी, यशवन्त सिंह, रवि सिंह, अनिल मिश्र, दिनेश सिंह, वृजेन्द्र चौधरी, राजेन्द्र निषाद, अजय श्रीवास्तव, विवेक सिंह, अजय कन्नौजिया, प्रवीन सिंह के साथ ही हियुवा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किचन गार्डन व डिजिटल कक्षा का उद्घाटन, बीएसए ने बढ़ाया उत्साह



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

मछली शहर गोरखनाथ पटेल (बीएसए) ने सोमवार को प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में किचन गार्डन, डेस्क-बेंच और डिजिटल कक्षा का उद्घाटन किया। यह सुविधाएं ष्ह्लद्बश्वठ्ठद्बस्र द्वारा संचालित 'नई पहल शिक्षा परियोजना' के अंतर्गत स्त्रद्बह्ल4ड्ड क्वद्बह्यड्ड ष्ट्डश्वद्बह्लड्डह्य स्नश्वह्लठ्ठस्त्रड्डह्लद्बश्वठ्ठ के सहयोग से उपलब्ध कराई गई हैं। अपने संबोधन में बीएसए ने कहा कि जौनपुर शिक्षा की मजबूत परंपरा वाला जिला है और यहां के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का आत्मविश्वास सराहनीय है। उन्होंने शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली गैर-सरकारी संस्थाओं को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी उदयभान कुशवाहा और अजीत सिंह ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे नामांकन और छात्र उपस्थिति (ठहराव) में वृद्धि होगी। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि संस्था के जमीनी प्रयास परिषदीय विद्यालयों को सुदृढ़ बना रहे हैं और भविष्य में अन्य विद्यालयों तक भी ऐसी सुविधाएं पहुंचनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलन कर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला समन्वयक बीनू सिंह और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बंशीलाल ने स्मार्ट क्लास, शौचालय मरम्मत, सोलर पैनल, वाटर कूलर, खेल सामग्री और पुस्तकालय जैसी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर क्षेत्र के कई शिक्षक, पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आभार ज्ञापन के साथ हुआ।

# न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह मां शीतला चौकिया महारानी के दरबार में मत्था टेके



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

सिद्ध पीठ शीतला धाम चौकिया में आज न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह मां शीतला चौकिया महारानी के दरबार में मत्था टेक उन्होंने कहा शीतला चौकिया माता हमारी कुलदेवी यहां भी मेरा मुंडन भी हुआ है और यहां से दर्शन करने के बाद हम लोग विंध्याचल जाते है इन्होंने माता को लाल चुनरी पहनाकर माता के चरणों में पुष्प रखकर हाथ जोड़कर प्रार्थना की इस समय पर शीतला धाम चौकिया मंदिर महंत विवेकानंद महाराज मंदिर के अध्यक्ष विकास पंडा ने उन्हे लाल चुनरी और मां शीतला की छायाचित्र देकर सम्मानित किया इसमें चंद्र देव मुक्तेश्वर सोनू सौरव राजेश मणिशंकरजी एवं एक्टर आशीष माली मौजूद रहे।

# जाम में जौनपुर बेहाल, ट्रैफिक इंस्पेक्टर नदारद! जिम्मेदारी कौन निभाएगा?



सिपाह रिवर से जेसीस चौराहा और ओलंदगंज तक रोज लग रहा लंबा जाम, जनता परेशान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से हस्तक्षेप की मांग

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शहर की सड़कों पर इन दिनों जाम की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। हालात ऐसे हैं कि आम लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। सिपाह रिवर से लेकर जेसीस चौराहा और वहां से ओलंदगंज तक हर रोज लंबा जाम लग रहा है, जिससे लोगों को घंटों जूझना पड़ रहा है। शाम होते ही ट्रकों की लंबी कतारें सड़कों पर कब्जा जमा लेती हैं। इनके बीच फंसी छोटी गाड़ियां और दोपहिया वाहन रेंगते नजर आते हैं। ओलंदगंज से कसेरी बाजार होते हुए कोतवाली क्षेत्र तक स्थिति और भी गंभीर बनी रहती है, जहां हर समय यातायात बाधित रहता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि ऐसे समय में ट्रैफिक व्यवस्था संभालने वाला जिम्मेदार अमला सड़कों से नदारद रहता है। लोगों का आरोप है कि ट्रैफिक व्यवस्था अब केवल चालान तक सीमित होकर रह गई है। एक तरफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आम नागरिकों का हेलमेट, नो पार्किंग और अन्य नियमों के नाम पर चालान काटा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर पुलिसकर्मी स्वयं ही इन नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ट्रैफिक व्यवस्था केवल बैठकों और कार्रवाई के आंकड़ों से नहीं सुधरती, बल्कि इसके लिए जमीनी स्तर पर सक्रियता जरूरी है। प्रमुख चौराहों पर नियमित तैनाती और भारी वाहनों के प्रवेश पर नियंत्रण से ही इस समस्या का समाधान संभव है। शहरवासियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि वे इस गंभीर समस्या का तत्काल संज्ञान लें और प्रभावी कदम उठाते हुए जौनपुर को जाम से राहत दिलाएं, ताकि लोगों को रोजाना होने वाली परेशानी से निजात मिल सके।

# दहेज कुरीति पर प्रहार, राष्ट्र सुरक्षा का संदेश देकर संपन्न हुआ एनएसएस शिविर





## नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए छात्र-छात्राओं ने दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खुटहन राज गौरव पी.जी. कॉलेज खुटहन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थापक प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश यादव ने कहा कि युवाओं का प्रमुख लक्ष्य राष्ट्र सुरक्षा होना चाहिए। उन्होंने वर्तमान वैश्विक परिवेश का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें हर समय सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं संजना गुप्ता, अंशिका यादव, शिवांगी शर्मा एवं करिश्मा यादव ने नाटक के माध्यम से दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों पर प्रहार करते हुए समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। वहीं मालिनी रजक, रानी मौर्य और अंजलि अग्रहरी ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समापन समारोह में कार्यक्रम अधिकारी राम प्रसाद शर्मा, सुभाष चंद्र पाल, डॉ. राजकेशर यादव, शशिकांत यादव, कार्यक्रम संचालक डॉ. अखिलेश चंद्र पाठक, समर बहादुर यादव, लल्लन प्रसाद यादव, सुनीता पाल, वीरेंद्र यादव, रमेश सिंह, राममिलन, लेखयी यादव सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा खुटहन के प्रबंधक, पिलकिछा के प्रधान नरेंद्र यादव तथा पत्रकार संतलाल सोनी सहित अन्य आगंतुकों ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के संरक्षक डॉ. शरद यादव ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# प्रभारी मंत्री ए.के.शर्मा ने जौनपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जोड़ों को दिया आशीर्वाद

600 से अधिक जोड़ों का हुआ विवाह, मंत्री ने कहा- गरीब परिवारों के लिए वरदान है यह योजना



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा मंगलवार को जौनपुर पहुंचे। यहाँ उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के भव्य आयोजन में शिरकत की और नवविवाहित जोड़ों को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए इसे गरीब परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा बताया।

## हर जोड़े को 1 लाख रुपये की सहायता

मीडिया से बातचीत के दौरान प्रभारी मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस योजना को पारदर्शी और प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। उन्होंने कहा, 'प्रत्येक जोड़े की शादी पर सरकार लगभग 1 लाख रुपये खर्च करती है। इसमें आयोजन का खर्च, गृहस्थी का जरूरी सामान और 60,000 रुपये की नकद राशि सीधे नवदंपति को दी जाती है, ताकि वे अपना नया जीवन सुगमता से शुरू कर सकें।

# जौनपुर में रोमांचक मैत्री मैच: जर्नलिस्ट टीम का शानदार प्रदर्शन, डॉक्टर्स टीम ने 7 विकेट से दर्ज की जीत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



शिया कॉलेज के मैदान पर जौनपुर जर्नलिस्ट क्रिकेट क्लब और डॉक्टर्स टीम के बीच खेला गया मैत्री क्रिकेट मैच बेहद रोमांचक और यादगार रहा। मुकाबले में भले ही डॉक्टर्स टीम ने 7 विकेट से जीत दर्ज की, लेकिन जर्नलिस्ट क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने विपरीत परिस्थितियों में भी शानदार जुझारूपन और खेल भावना का परिचय दिया। टॉस जीतकर जर्नलिस्ट क्रिकेट क्लब के कप्तान राजन मिश्रा ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। हालांकि अचानक हुई बारिश ने मैच का रुख बदल दिया और गीली पिच बल्लेबाजों के लिए चुनौती बन गई। मुश्किल हालात के बावजूद जर्नलिस्ट टीम के खिलाड़ियों ने संघर्ष करते हुए 8 ओवर 1 गेंद में 72 रन बनाए। यह स्कोर टीम के जज्बे और हौसले को दर्शाता है।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी डॉक्टर्स टीम ने कप्तान डॉ. राहुल श्रीवास्तव के नेतृत्व में संयमित बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर 4 गेंद में 3 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। टीम की ओर से डॉ. रॉबिन सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए सर्वाधिक विकेट लिए और उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। मैच के बाद वरिष्ठ पत्रकार संजय अस्थाना और कोच मो. अब्बास ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. आलोक यादव ने कहा कि यह मैत्री मैच खेल भावना और आपसी सौहार्द का बेहतरीन उदाहरण रहा। उन्होंने जर्नलिस्ट टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने कठिन परिस्थितियों में भी बेहतरीन खेल दिखाया। जर्नलिस्ट क्रिकेट क्लब की टीम में शिवम उपाध्याय (हरिया), सुशील तिवारी, देवेंद्र खरे, जावेद अहमद, मसूद अहमद, इमरान, मनीष सिंह, आबिश इमाम, विनय और अंकित मिश्रा शामिल रहे, जिन्होंने पूरे मैच में उत्साह और टीम स्पिरिट का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं डॉक्टर्स टीम में डॉ. आलोक यादव और डॉ. रॉबिन सिंह, डॉ दिलीप सरोज, डॉ सलिल श्रीवास्तव, डॉ सुधांशु टंडन, डॉ ऋषभ यादव, डॉ विवेक यादव, डॉ बी के यादव, डॉ एम डी चांद, डॉ रवि गुप्ता, और डॉ अभय सिंह ने भी शानदार प्रदर्शन किया। मैच की कमेंट्री जर्नलिस्ट अंकित जायसवाल द्वारा की गई, जिन्होंने पूरे मुकाबले को और भी रोचक बना दिया। उत्साह वर्धन करने वालो में दीपक श्रीवास्तव राज सैनी,जुबेर, असलम, अरशद, रोहित चौबे, विशाल, और अन्य पत्रकार और डॉक्टर्स शामिल रहे।

# 9 वर्षों में यूपी बना 'ग्रोथ इंजन', जौनपुर में गिनाई विकास उपलब्धियां

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के प्रभारी मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रदेश सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियों को संक्षेप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने अराजकता से व्यवस्था और निराशा से विकास की ओर ऐतिहासिक बदलाव किया है तथा आज प्रदेश देश का 'ग्रोथ इंजन' बन चुका है। मंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने कानून व्यवस्था, आधारभूत संरचना, निवेश, महिला सशक्तिकरण और कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, बढ़ती महिला भागीदारी और किसानों को रिकॉर्ड भुगतान इसका उदाहरण हैं। जौनपुर की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 9.55 लाख किसानों को 2815 करोड़ रुपये दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लाखों लोगों को आवास मिला, जबकि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से हजारों जोड़े लाभान्वित हुए। ऊर्जा, स्वच्छता और पर्यटन क्षेत्र में भी तेजी से कार्य हुए हैं। मां शीतला चौकिया धाम के विकास सहित कई परियोजनाएं प्रगति पर हैं, वहीं हजारों शौचालयों का निर्माण कर स्वच्छता को बढ़ावा दिया गया है। इस दौरान विधायकगण, एमएलसी, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना : ओटी-21-2025

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है :-

**निविदा सं.** : ओटी-21-2025, **कार्य का विवरण** : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल अन्तर्गत गोण्डा बुढ़वल तीसरी लाईन परियोजना के अन्तर्गत नव निर्मित प्लेटफार्म भवनों, पीएफ शेल्टर, एफओबी, 11 केवी लाइन शिफ्टिंग कार्य एवं गोण्डा यार्ड जंक्शन में विद्युतीकरण कार्य एवं एफबीडब्लूपी प्लांट में विद्युतीय स्थापनाओं एवं विद्युतीय उन्नयन कार्य, **अनुमानित लागत** : रु. 6,78,62,882.85, **बयाना राशि** : रु. 13,57,300.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु. निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 18 माह, **निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय** : 15.04.2026 को 15.00 बजे।

**नोट** : • इस निविदा के विरुद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण
मुजाधि/विद्युत-315 पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# ग्रामीणों ने तेंदुए को पकड़कर लाठी से दबाकर रस्सी से बांधा

## वन विभाग के प्रति ग्रामीणों में दिखा आक्रोश






**जन एक्सप्रेस। सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** मझगई क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेलाकलां के लोहरा गांव में ग्रामीणों ने एक तेंदुए को पकड़ लिया। इससे पहले तेंदुए ने खेत में काम कर रहे दो ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था, जिसके बाद अन्य लोगों ने घेर कर तेंदुए को पकड़ लिया। तेंदुआ कई दिनों से इलाके में घूम रहा था। जानकारी के मुताबिक मझगई के बेला कलां में गन्ना गुड़ाई कर रहे लोहरा विरान निवासी 48 वर्षीय बबलू व 44 वर्षीय रामनरेश पर तेंदुआ ने मंगलवार दोपहर हमला कर दिया। यह देखकर आसपास के खेतों में मौजूद ग्रामीणों ने दोनों लोगों को तेंदुए से बचाया। इसके बाद तेंदुए को घेर कर पकड़ लिया और लाठी से दबाकर उसे काबू में करने के बाद रस्सी से बांध दिया। तेंदुए के हमले में घायल हुए बबलू और रामनरेश को 108 एंबुलेंस से पालिया सीएचसी ले जाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग को पहले ही कई बार सूचना दी गई थी, लेकिन समय पर कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई।

हालांकि तेंदुए के पकड़े जाने की सूचना मिलने बाद वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, पिंजरा भी मंगाया गया।

बताया गया कि तेंदुए को सुरक्षित तरीके से उसमें कैद कर जंगल में छोड़ा जाएगा।

## हनीफ खां की हृदय गति रुकने हुई मौत, क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर



**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यापारी समाजसेवी के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जिसकी सूचना मिलते ही उनके आवास पर सैकड़ों लोग पहुंचे नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी प्रतिष्ठित व्यापारी मो हनीफ खां उर्फ प्यारे कबाड़ी की हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। लोगो ने बताया समाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। सभी समुदाय के लोगों का सहयोग भी करते थे।

उन्होंने हमेशा मिलजुल कर रहने की बात की।

## जर्जर सड़क गड्ढों में तब्दील हादसों को दे रही दावत



**जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी**

ग्राम पंचायत नौरंगाबाद फॉर्म बेलरायां चीनी मिल के पूर्व चेयरमैन अमनदीप सिंह से बातचीत की गई, जिसमें उन्होंने स्थिति को लेकर खुलकर अपनी बात रखी, अमनदीप सिंह ने बताया कि सिंगाही से नौरंगाबाद तक की सड़क का निर्माण पहले चीनी मिल की ओर से डामर रोड के रूप में कराया गया था, ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिल सके। लेकिन समय के साथ सड़क पूरी तरह से टूट-फूट गई है और अब सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क की मरम्मत अब लोक निर्माण विभाग (क्क्ष्ठ) द्वारा कराई जानी कि जानकारी मिल रही है जिम्मेदार विभाग आपसी तालमेल के अभाव में एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते नजर आ रहे हैं, जिससे काम लगातार टलता जा रहा है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह सड़क न केवल दैनिक आवागमन का मुख्य मार्ग है, बल्कि आसपास के गांवों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी भी है। ऐसे में इसकी बदहाल स्थिति जनजीवन पर सीधा असर डाल रही है।अब सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते रहेंगे और क्षेत्र की जनता टूटी सड़क की मार झेलती रहेगी। लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

निघासन तहसील के सिंगाही से नौरंगाबाद गांव को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर होकर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है और आए दिन हादसों को दावत दे रही है। जानकारी के मुताबिक, किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गन्ना विकास विभाग द्वारा इस सड़क का निर्माण कराया गया था। इसका उद्देश्य था कि क्षेत्र के किसान आसानी से बेलराया चीनी मिल तक अपना गन्ना पहुंचा सकें। लेकिन आज वही सड़क बदहाली की मिसाल बन गई है।

स्थानीय किसानों का आरोप है कि कई साल बीत जाने के बावजूद न तो गन्ना विकास विभाग और न ही पीडब्ल्यूडी विभाग ने इसकी मरम्मत की ओर ध्यान दिया है। विभागीय लापरवाही का खामियाजा सीधे तौर पर आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। यह सड़क न केवल किसानों के लिए बल्कि स्थानीय लोगों और छात्रों के लिए भी जीवन रेखा है, जो इसी रास्ते से सिंगाही और तहसील मुख्यालय तक आवागमन करते हैं। सड़क की खस्ता हालत के कारण रोजाना लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, वहीं दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना हुआ है।

क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस जर्जर सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए, ताकि राहत मिल सके और किसी बड़े हादसे से पहले स्थिति सुधारी जा सके।

# किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाएगी एचपीवी वैक्सीन : डॉ.अमित बाजपेई

### फरधान सीएचसी में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान शुरू! 14-15 वर्ष की बच्चियों को लगेगा टीका, 3 माह तक चलेगा कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

फरधान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मंगलवार को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्साधीक्षक डॉ अमित बाजपेई और भाजपा जिला महामंत्री आशू मिश्रा ने फीता काटकर किया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने बताया कि यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 14 वर्ष से अधिक और 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को यह टीका लगाया जा रहा है, ताकि भविष्य में उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने आगे बताया कि यह महत्वपूर्ण अभियान सरकार द्वारा चलाया जा रहा है, जिसका लक्ष्य किशोरियों को समय पर सुरक्षा प्रदान करना है। यह टीकाकरण अभियान अगले तीन माह तक संचालित किया जाएगा।क्षेत्र की 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 37 किशोरियों को टीका लगाया गया सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने यह भी बताया कि टीकाकरण के बाद यदि किसी किशोरी को कोई परेशानी होती है, तो उसके लिए उचित प्रबंध किए गए हैं। अस्पताल में वैक्सीन लगवाने वाली किशोरियों के बैठने के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था की गई उन्होंने क्षेत्र के समस्त अभिभावकों से अपील किया कि वे अपनी बच्चियों को इस योजना का लाभ दिलाएं, जिससे उनका



भविष्य सुरक्षित हो सके। यह वैक्सीन किशोरियों में होने वाले सर्वाइकल कैंसर को रोकने में प्रभावी है। उन्होंने जानकारी दी कि यह तीन महीने का अभियान है और टीकाकरण नियमित रूप से अस्पताल में किया जाएगा।

इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई, भाजपा जिला महामंत्री आशू मिश्रा, फार्मासिस्ट यशपाल वर्मा, अरविंद सिंह, स्टाफ नर्स श्रीमती अराधना मिश्रा, श्रीमती चन्द्रवती, श्रीमती सुशीला यादव, रविन्द्र अवस्थी, दिनेश शर्मा, विनीत अवस्थी, कपिल मिश्रा, दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी और किशोरियां मौजूद रहीं।

# चोरी की सोलर प्लेट बरामद 6 आरोपी गिरफ्तार





**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

क्षेत्र में लंबे समय से गैंग द्वारा सोलर प्लेट चोरी कर बिक्री किए जा रही थी पुलिस ने गैंग का खुलासा करते हुए 6 आरोपियों को 8 लाख की कीमतों की सोलर प्लेट और नकदी बरामद करने कर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया क्षेत्र में सोलर प्लेट चोरी की कई वारदातें नहीं जिसमें मुकदमा पंजीकृत किया गया था

विवेचना के दौरान सर्विलांस और मुखबिर की सटीक जानकारी पर निरीक्षक उमेश चौरसिया की टीम कस्बा चौकी इंचार्ज अभिषेक सिंह, एस आई जान मोहम्मद आरक्षी शिवम राणा, नितिन, प्रियंका, सुधीर, प्रदीप और सुनील की टीम ने सूचना पर मंगलवार की सुबह 2:00 बजे करीब मोहम्मदी शाहजहांपुर हाईवे किनारे शंकरपुर चौराहे के पास से चोरी के माल को बेचने की फिराक में जाते समय कस्बा की मोहल्ला बबौरी निवासी गैंग सदस्य अभिषेक वर्मा, राहुल वर्मा, गौतम वर्मा, प्रखर वर्मा, सुरजीत और मोहित को 45 सोलर प्लेट और 4300 नकदी के साथ दबोच कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेजा गया है।

सीओ ने खुलासा करने वाली टीम को नगद पुरस्कार देकर उत्साहित किया है।

## दो बाइकों की टक्कर : लखीमपुर खीरी में तीन लोग गंभीर रूप से घायल



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

सिंगाही-बेलरायां मार्ग स्थित मोतीपुर पुल पर मंगलवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल निघासन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, बनबीरपुर निवासी भगौती प्रसाद (50) पुत्र गोबरे और दमोदर (35) पुत्र गुलबक्सराम एक बाइक पर सवार होकर निघासन तहसील की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे निबौरिया निवासी अंकित (32) पुत्र मनोहरलाल शाह की बाइक से मोतीपुर पुल पर उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों व्यक्ति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना के दौरान, मौके पर पहुंचे एक दरोगा पर राहगीरों से अभद्रता करने का आरोप भी लगा है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है।

## नवोदय क्लासेज सिकन्द्राबाद के दो विद्यार्थियों का जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में हुआ चयन



**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण विद्यालय सीतापुर में कक्षा 8 के लिए मात्र दो सीटें थीं, इसमें बहुत से बच्चों ने चयन परीक्षा में भाग लिया था, लेकिन नवोदय क्लासेज सिकंदराबाद के विद्यार्थी उबैदुल्ला पुत्र मो. यूसुफ निवासी ग्राम सिरसा एवं अल्तमस पुत्र रिजवान निवासी ग्राम बैवहा जिन्होंने अध्यापक अशोक वर्मा निवासी घरथनिया के कुशल मार्गदर्शन में सफलता प्राप्त की। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अध्यापक अशोक वर्मा एवं अपने माता-पिता को दिया है।

### आवास से रोजगार तक योजनाओं का असर, कानपुर में बदली तस्वीर

# मुख्यमंत्री के निर्देशों का असर, आवास, पेंशन और राशन योजनाओं में कानपुर बना मिसाल

सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जनपद में पारदर्शिता और प्रभावी क्रियान्वयन के जरिए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि गरीब, मजदूर और जरूरतमंद वर्ग को हर योजना का सीधा लाभ मिले। आने वाले समय में भी ऐसे प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

जितेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी, कानपुर नगर



### 9 वर्षों में बदला आमजन का जीवन स्तर; सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

पिछले 9 वर्षों में कानपुर की तस्वीर केवल बड़ी इमारतों और मेट्रो से ही नहीं बदली है, बल्कि समाज के उस तबके के जीवन में भी बड़ा सुधार आया है जो आर्थिक रूप से कमजोर है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जिले में गरीब परिवारों को छत देने से लेकर उनके चूल्हे तक मुफ्त राशन पहुंचाने की दिशा में व्यापक काम हुआ है। मुख्यमंत्री के प्रभावी क्रियान्वयन का ही परिणाम है कि आज कानपुर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा और गरीब कल्याण के मामले में प्रदेश का अग्रणी जनपद बनकर उभरा है।

#### निर्धन परिवारों को को मिली पक्की छत और सम्मान

योगी सरकार ने जनपद के निर्धन परिवारों को सम्मानजनक जीवन देने के लिए 'प्रधानमंत्री आवास योजना' और 'मुख्यमंत्री आवास योजना' को मिशन मोड पर चलाया है। पहले केवल 4,814 परिवारों के पास सरकारी आवास था, वहीं अब यह संख्या साढ़े तीन गुना बढ़कर 15,861 हो गई है। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 2,847 अतिरिक्त गरीब परिवारों को पक्की छत दी गई है। स्वच्छता के प्रति मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता के कारण जिले में शौचालय निर्माण का आंकड़ा 51,620 से उछलकर 2,47,913 तक पहुंच गया है।

#### मजदूरों का कल्याण और रोजगार की गारंटी

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कानपुर के स्थानीय संसाधनों को पुनर्जीवित कर रोजगार के अवसर पैदा किए गए हैं। 'नून नदी' के पुनरुद्धार परियोजना ने न केवल पर्यावरण को सुधारा, बल्कि मनरेगा के माध्यम से 50,020 मानव दिवस सृजित कर गरीब परिवारों को उनके घर के पास ही काम उपलब्ध कराया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री के डीबीटी मॉडल ने यह सुनिश्चित किया है कि योजनाओं का एक-एक पैसा सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचे।

#### स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा की सौगात

मुख्यमंत्री के निर्देश पर 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत कानपुर में 8.52 लाख से अधिक गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं, जिससे गरीबों को 235 करोड़ रुपये तक का मुफ्त उपचार मिला है।

साथ ही, 8.28 लाख राशन कार्ड धारकों को 43 लाख क्विंटल से अधिक निःशुल्क खाद्यान्न वितरित कर उनकी रसोई की चिंता दूर की गई है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### चीनी मिल पलिया द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सीतापुर आंख अस्पताल से आए डॉ. आयुशी चीनी मिल के डॉक्टर मयंक गुप्ता एवं टीम द्वारा मरीजों का नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कर दवाए वितरित की गई।नेत्र परीक्षण शिविर का उद्घाटन युनिट हेड ओ पी चौहान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सीतापुर आंख अस्पताल से आए डॉक्टर आयुशी सहित डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया तथा उन्हें आवश्यक नि:शुल्क दवाएं वितरित की गई, क्षेत्रीय किसानो, महिलाओं कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों का भी शिविर में जांच किया गया।स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए चीनी मिल द्वारा समय-समय पर शिविर का आयोजन किया जाता है आज आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर में लगभग 213 किसान भाइयों एवं चीनी मिल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं महिलाओं ने अपने नेत्र परीक्षण करवाया, सीतापुर से डाक्टरो की टीम ने 8 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है जिन्हें ऑपरेशन के लिए सीतापुर आँख अस्पताल ले जाया जाएगा। युनिट हेड ओ पी चौहान ने सीतापुर से आये डॉक्टरों की टीम एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों को आश्वस्त किया कि समय-समय पर बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड पलिया द्वारा इस तरह का आयोजन किया जाता रहेगा। इस मौके पर आसवनी के युनिट हेड उदय प्रताप सिंह,चीनी मिल के महाप्रबंधक इंजीनियरिंग विकास मलिक, महाप्रबंधक गन्ना राजीव तोमर, आई टी हेड यू के पांडेय, मनोज मिश्र, सतीश श्रीवास्तव, तनवीर अहमद, वैभव सिंह सहित काफी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में आर.एन. इंटरनेशनल स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** बेलरायां। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आर.एन. इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा दिखाई विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है द्यअखिल भारतीय गायत्री परिवार द्वारा आयोजित इस परीक्षा में देशभर के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करते हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी तहसील क्षेत्र के लगभग 25 विद्यालयों के कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता में आर.एन. इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 12 के छात्र सहजदीप सिंह ने तहसील स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं कक्षा 5 की छात्रा आर्या शुक्ला ने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल कर अपने माता-पिता और स्कूल का मान बढ़ाया।विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय अवस्थी को जिला पंचायत सदस्य द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह और गर्व का माहौल रहा तथा सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक शिव कुमार गर्ग ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा न केवल विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में सहायक है, बल्कि उनके भीतर नैतिक मूल्यों और उच्च संस्कारों का भी विकास करती है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व सहयोग को दिया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ता राम पाल व विद्यालय के अध्यापक/ अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# रामराज्याभिषेक दिवस पर सनातन धर्म रत्न से सम्मानित हुए वरिष्ठ पत्रकार शिव शरण

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



सनातन वैदिक रामराज परिषद् के तत्वाधान में खलासी लाइन कानपुर स्थित शास्त्री भवन में श्री राम राज्याभिषेक महोत्सव एवं सनातन धर्म रत्न पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राम राज की अवधारणा पर देशभर से आए विद्वानों ने गहन चिंतन किया और श्री राम के राजा रूप में स्थापित आदर्शों को पुनः स्थापित करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के आयोजक सनातन वैदिक रामराज परिषद् के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र ने रामराज को समता, न्याय और कल्याणकारी शासन का प्रतीक बताया। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध शिक्षाविद् रामराज की विलक्षण व्याख्या करते हुए कहा कि यदि हम अपने माता पिता की सेवा ठीक से करे, भाई को उसका अधिकार दे, स्त्री को सम्मान दें, राष्ट्र से प्रेम करें तो राम राज निश्चित रूप से आयेंगा। इस अवसर पर वर्ष 2026 के लिए सनातन धर्म रत्न सम्मान वरिष्ठ पत्रकार एवं दि मॉरल के संपादक श्री शिव शरण त्रिपाठी को प्रदान किया गया उन्हें 100000 की धनराशि रजत पदक एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्ति के बाद अपने भाव व्यक्त करते हुए शिव शरण त्रिपाठी ने कहा कि उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा है और वर्तमान में उनका कैंसर का उपचार अस्पताल में चल रहा है अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि उनके अनुसार धर्म का वास्तविक अर्थ कर्तव्य है मानव सेवा जरूरतमंद की सहायता और समाज के प्रति समर्पण ही सच्चा धर्म है। उन्होंने बताया कि उन्हें देश में अब तक 50 से अधिक सम्मान मिल चुके हैं लेकिन यह सम्मान उनके लिए विशेष है उन्होंने सनातन वैदिक रामराज परिषद् और उनके टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके इस कार्य से जीवन में नयी ऊर्जा और संबल मिला है और वह संकल्प लेते हैं कि जब तक जीवन है वह समाज की सेवा पत्रकारिता के माध्यम से जनहित में करते रहेंगे।

कानपुर बार एसोसिएशन के नवगठित पदाधिकारीयों का अभिनंदन किया गया तथा न्याय व्यवस्था की गरिमा बनाए रखने का अपेक्षा की गई। समापन अवसर पर सभी उपस्थित जनों को धर्म संकल्प दिलाया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम ने रामराज की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही समाज में नैतिकता, कर्तव्य सेवा भाव को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री बलराम मिश्रा ने की जबकि संचालन से योगेश कुमार श्रीवास्तव ने किया इस अवसर पर अजय कुमार मिश्र रमेश पांडे बृजेश दीक्षित मनीष मिश्रा राकेश पांडे महेश तिवारी कुलदीप तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# बिल्हौर में छात्रा पर जानलेवा हमला : सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष अर्चना रावल ने पीड़िता से की मुलाकात, कड़ी कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक बिल्हौर अंतर्गत ग्राम खजुरिया निवादा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां आदिवासी समाज की एक छात्रा पर एक सिरफिरे युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने छात्रा पर ब्लेड और परकार से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना की सूचना मिलते ही समाजवादी महिला सभा कानपुर ग्रामीण की जिला अध्यक्ष अर्चना रावल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने छात्रा का हालचाल जाना और परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। अर्चना रावल ने तुरंत बिल्हौर पुलिस से संपर्क कर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि दोषी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।इस दौरान अर्चना रावल ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में 'जंगलराज' की स्थिति बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि दलित और आदिवासी समाज की बेटियां आए दिन छेड़छाड़ और गंभीर अपराधों का शिकार हो रही हैं। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि महिला अपराध के मामलों में उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष पर है।उन्होंने यह भी कहा कि यदि पीड़िता किसी अन्य वर्ग से होती या आरोपी किसी अन्य धर्म का होता, तो इस घटना को अलग तरीके से प्रस्तुत किया जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में राजनीतिक चुप्पी साधी जा रही है।

### शांति भंग करने पर युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** थाना बिल्हौर क्षेत्र के ग्राम गदनपुर आहार में एक मामूली विवाद ने उस समय तूल पकड़ लिया, जब बैटरी चोरी के शक को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को नियंत्रित किया और शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार, आवेदक रिंकू पुत्र परशुराम ने शिकायत दी थी कि उसे गांव निवासी कल्लू पुत्र स्वर्गीय सोनेलाल (उम्र करीब 35 वर्ष) पर बैटरी ले जाने का शक है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। आरोप है कि कल्लू ने आवेदक को धमकी दी और पुलिस के समझाने के बावजूद शांत होने को तैयार नहीं हुआ।मौके पर मौजूद थाना बिल्हौर पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की और आरोपी को धारा 170 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद अभियुक्त को कार्यपालक मजिस्ट्रेट/सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है, जिसमें विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

# दिल्ली के लिए 1,03,700 करोड़ रुपए का बजट पेश

## 10वीं की मेरिट में आने वाले स्टूडेंट्स को मिलेंगे लैपटॉप, पीडब्ल्यूडी के लिए 5,921 करोड़ रुपए आवंटित

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया। इस बार सरकार ने 1 लाख 3 हजार 700 करोड़ रुपए का बजट पेश किया है। सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि इस बजट को लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 'ग्रीन बजट' के रूप में तैयार किया गया है। इसी के तहत कुल बजट का 21 प्रतिशत हिस्सा पर्यावरण के लिए निर्धारित किया गया है। बजट में एजुकेशन के लिए 19 हजार करोड़ का आवंटित किए गए हैं। नई योजना में 10वीं क्लास में मेरिट में आने वाले में सभी स्टूडेंट्स को लैपटॉप दिया जाएंगे। वहीं, 9वीं क्लास में पढ़ने वाली सभी बच्चियों को मुफ्त साइकिल दिए जाने की घोषणा की गई है।

### पीडब्ल्यूडी के लिए 5,921 करोड़ रुपए आवंटित

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के लिए 5,921 करोड़ रुपए का फंड आवंटित किए गए हैं। इसके साथ ही शहरी विकास के लिए 7,887 करोड़, यमुनापार के लिए 300 करोड़, झुग्गी विकास के लिए 800 करोड़, ग्रामीण विकास के लिए 787 करोड़ और विकास विभाग के लिए 914 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।




### 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना'

जन्म से लेकर ग्रेजुएशन तक, बेटियों के खाते में सरकार कुल 61 हजार रुपये डालेगी। ग्रेजुएशन होने तक बेटियों के खातों में कुल रमक 1 लाख 20 हजार रुपये हो जाएगा। इसके लिए 128 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन प्रस्तावित है।

### जेनेटिक बीमारियों के लिए 'अनमोल' योजना

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि जब कोई बच्चा घर में जन्म लेता है तो वह परिवार के लिए अनमोल होता है। बच्चे में कई बार जेनेटिक बीमारी होती है, लेकिन इसका पता बाद में चलता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जेनेटिक बीमारियों की जांच के लिए 25 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। गर्भ में ही जेनेटिक बीमारियों के पता लगाने के लिए सभी 56 टेस्ट सरकार करवाएगी।

### बजट की अन्य बड़ी घोषणाएं

- फायर ब्रिगेड को 674 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इससे नए दमकल केंद्र बनेंगे और अत्याधुनिक उपकरण खरीदे जाएंगे।
- पानी की बर्बादी रोकने टैंकर व्यवस्था खत्म करने का ऐलान। चंद्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 475 करोड़ का प्रावधान किया है।
- बिजली विभा के लिए 3942 करोड़ रुपए आवंटित। इनमें बिजली तारों को अंडरग्राउंड करने के लिए 200 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।
- दिल्ली में सड़क सुधार के लिए एमसीडी को 1,000 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।
- धूल रहित सड़कों के लिए बजट में 1,352 करोड़ रुपए आवंटित।
- आंगनबाड़ियों को मॉडर्न करने के लिए 33 करोड़ का फंड रखा गया है।
- नए चार्जिंग स्टेशन, डिपो बनाने के लिए 320 करोड़ का बजट दिया गया है।
- पार्क गार्डन के लिए 25 करोड़ और फंड प्रदूषण की रोकथाम के लिए 300 करोड़ रुपए दिए गए हैं।
- आपदा प्रबंधन के लिए 10 करोड़। इसके लिए 5, शामनाथ मार्ग पर ऑफिस में इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर बनेगा।
- परिवहन के लिए 8374 करोड़ का फंड। मार्च 27 तक 7500 बसों का लक्ष्य और जिसमें से 5800 बसें इलेक्ट्रिक होंगी।
- आत्मनिर्भर बनाने 1000 महिलाओं को ई-ऑटो का परमिट दिया जाएगा और 100 परमिट ट्रांसजेंडर को दिए जाएंगे।
- दिल्ली लखपति बिटिया योजना शुरू। यह योजना दिल्ली की बेटी के जन्म के समय शुरू होगी और ग्रेजुएशन करने पर 1,00,000 मिलेंगे। इसके लिए 128 करोड़ के बजट का प्रावधान किया है।

### विधानसभा को उड़ाने की धमकी का ईमेल आया

बजट पेश होने से पहले मंगलवार सुबह दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली। विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के पास यह धमकी का ईमेल आया था। इसके चलते सुबह 11 बजे शुरू होने वाली सदन की कार्रवाई रोक दी गई थी। स्निफर डॉग और बम स्क्वायड समेत जांच एजेंसियों की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, सर्च ऑपरेशन में कुछ संदिग्ध नहीं मिला। इसके बाद बजट सत्र की कार्रवाई आधे घंटे की देरी से शुरू हुई।

### सिरफिरे लोग ही दे सकते हैं ऐसी धमकियां: डिप्टी स्पीकर

धमकी भरे ईमेल पर डिप्टी स्पीकर मोहन सिंह बिष्ट ने कहा- इस तरह की धमकियां सिरफिरे लोग ही दे सकते हैं, जो सरकार को काम नहीं करने देना चाहते हैं। हम लोग डरेंगे नहीं क्योंकि ये दिल्ली के भविष्य की बात है। उन्होंने आगे कहा- हालांकि हमें इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए क्योंकि यह विधानसभा का सवाल है। पिछली बार भी इसी तरह की धमकियां दी थी। हम बिल्कुल भी डरने और घबराने वाले नहीं है। विधानसभा का सत्र चलता रहेगा।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत का कदम: स्वदेशी जहाज तैयार करने पर खर्च होंगे 70,000 करोड़ रुपये, पीएम का एलान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और इसके कारण पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच, भारत ने अपनी आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम उठाया है। राज्यसभा में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि आयात के लिए विदेशी जहाजों पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार ने 70,000 करोड़ रुपये की विशाल स्वदेशी जहाज निर्माण परियोजना शुरू की है। यह कदम इस बात का संकेत है कि भारत वैश्विक अस्थिरता के बीच अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट पर राज्यसभा में बोलते हुए कहा, 'एलपीजी के घरेलू उत्पादन को भी बड़े पैमाने पर बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। बीते वर्षों में सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि हर क्षेत्र में दूसरे देशों में निर्भरता कम से कम हो। हम ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर हों, यही एकमात्र विकल्प है। जैसे भारत का 90 प्रतिशत से अधिक तेल विदेशी जहाजों पर होता है, यह स्थिति किसी भी वैश्विक संकट में भारत की स्थिति को और भी गंभीर बना देती है। इसलिए सरकार ने मेड इन इंडिया जहाज बनाने के लिए करीब 70 हजार करोड़ रुपये का अभियान शुरू किया है। भारत आज जहाज निर्माण पर तेज गति से काम कर रहा है।'



### विदेशी जहाजों पर 90% निर्भरता और रणनीतिक जोखिम

भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था की ऊर्जा जरूरतें काफी हद तक आयात पर टिकी हैं। प्रधानमंत्री ने उच्च सदन को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि जब भी कोई वैश्विक चुनौती या संकट आता है, तो भारत को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसका मुख्य कारण यह है कि देश के आयात का 90 प्रतिशत हिस्सा विदेशी जहाजों से ही आता है। लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्टेशन के इसी जोखिम से निपटने के लिए सरकार ने 70,000 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी स्वदेशी जहाज निर्माण परियोजना की आधारशिला रखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि सरकार सभी उपलब्ध स्रोतों से गैस और कच्चे तेल की खरीद करने की कोशिश कर रही है, और आने वाले दिनों में भी प्रयास जारी रहेंगे क्योंकि पश्चिम एशिया में युद्ध ने वैश्विक स्तर पर एक गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है।

### पश्चिम एशिया में युद्ध चिंता का विषय: पीएम मोदी

राज्यसभा में एक बयान में मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध चिंता का विषय है और भारत संवाद और कूटनीति के माध्यम से इस क्षेत्र में शांति चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत का उद्देश्य युद्ध को कम करना और होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना है, और देश का प्रयास सभी वर्गों को सभी मुद्दों को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर पश्चिम एशिया का संकट लंबे समय तक बना रहता है, तो गंभीर परिणाम सामने आने की आशंका है। भारत द्वारा ऊर्जा सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में 53 लाख मीट्रिक टन रणनीतिक तेल भंडार सृजित किए गए हैं; 65 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त क्षमता पर काम जारी है।

# महिला आरक्षण कानून: संसद में आ सकते हैं दो नए विधेयक, विपक्ष बोला, सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार संसद के मौजूदा बजट सत्र में महिला आरक्षण कानून (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को लागू करने के लिए दो नए विधेयक लाने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक सरकार की योजना है कि लोकसभा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही इस कानून को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### विपक्ष की सर्वदलीय बैठक की मांग

इस बीच, कई विपक्षी दलों ने सरकार को पत्र लिखकर मांग की है कि महिला आरक्षण कानून के कार्यान्वयन पर चर्चा के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। विपक्ष का कहना है कि यह बैठक मौजूदा विधानसभा चुनावों के संपन्न होने के बाद आयोजित की जाए।



### क्या है सरकार की पहल?

सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस मुद्दे पर आम सहमति बनाने के लिए एनडीए और गैर-कांग्रेसी विपक्षी दलों के सदन के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें की। ताकि आम सहमति बन सके। यदि सहमति बनती है, तो ये दो विधेयक इसी सप्ताह संसद में पेश किए जा सकते हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, लोकसभा सीटों की संख्या वर्तमान 543 से बढ़ाकर 816 की जा सकती है, जिसमें 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

### महिला सांसदों की प्रतिक्रिया

मामले को लेकर कई दलों की महिला सांसदों ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। जदयू सांसद लवली आनंद ने इसे एक सराहनीय कदम बताते हुए कहा कि राजनीति में महिलाओं की अधिक भागीदारी से देश की प्रगति तेज होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना की।

### क्या बोलीं भाजपा सांसद?

भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आधी आबादी से किए गए वादे को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों के प्रयास महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए रहे हैं, जिससे नीति-निर्माण में उनकी भूमिका बढ़ेगी। वहीं, समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन ने पहल का स्वागत करते हुए कार्यान्वयन की स्पष्टता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि आरक्षण के मानदंड और व्यवस्थाएं क्या होंगी। हम सरकार की इस पहल से खुश हैं।

### क्या है मामला?

संविधान (106वां संशोधन) अधिनियम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है।

# 'एलपीजी की डिलिवरी सामान्य, पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने निर्देश' पश्चिम एशिया संकट के बीच बोली सरकार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार ने अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता के दौरान देश में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति स्थिति पर महत्वपूर्ण जानकारी दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है। साथ ही, सिटी गैस वितरण संस्थाओं को पीएनजी कनेक्शन के विस्तार के लिए निर्देश भी जारी किए गए हैं। संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। हालांकि, बड़ी संख्या में कार्गो लाइन में लगे हुए हैं। देश भर के एलपीजी वितरकों के पास किसी भी तरह की कमी की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दिनों कुछ घबराहट में बुकिंग देखी गई थी। लेकिन एलपीजी की डिलीवरी सामान्य बनी हुई है। मंत्रालय ने आश्वस्त किया है कि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति भी पर्याप्त मात्रा में हो रही है। सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर नियमित रूप से दिए जा रहे हैं। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पीएनजी की आपूर्ति शत प्रतिशत सुनिश्चित की गई है।



### आमलोगों से की गई अफवाहों से बचने की अपील

शर्मा ने स्पष्ट किया कि सभी खुदरा दुकानों पर सामान्य परिचालन जारी है। उन्होंने दोहराया कि ईंधन स्टेशनों पर पर्याप्त पेट्रोल और डीजल उपलब्ध है। उन्होंने आम जनता से अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील की। साथ ही, घबराहट में खरीदारी से बचने का आग्रह किया। यह सुनिश्चित किया गया है कि ईंधन की कोई कमी नहीं है।

### 'खाड़ी क्षेत्र में फंसे सभी भारतीय जहाज और नाविक सुरक्षित'

प्रेस वार्ता के दौरान पोत व परिहन मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश सिन्हा ने कहा, 'खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय जहाज और नाविक सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में कोई समुद्री घटना दर्ज नहीं की गई है। कल देर शाम, भारतीय ध्वज वाले दो एलपीजी वाहक जहाज, पाइन गैस और जग वसंत, दोनों एलपीजी से भरे हुए हैं। दोनों जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। पाइन गैस 45,000 मीट्रिक टन एलपीजी ले जा रहा है और संभवतः 27 मार्च की सुबह न्यू मैंगलोर बंदरगाह पर पहुंचेगा। दूसरा एलपीजी वाहक जहाज, जग वसंत, लगभग 47,600 मीट्रिक टन एलपीजी ले जा रहा है और कांडला की ओर बढ़ रहा है, जिसके 26 मार्च को पहुंचने का अनुमान है।

### पीएनजी कनेक्शन का विस्तार के निर्देश

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनआरजीबी) ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इस आदेश में सभी सिटी गैस वितरण संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं। उन्हें आवासीय स्कूलों, कॉलेजों और छात्रावासों को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराने होंगे। इसके अतिरिक्त, सामुदायिक रसोई और आंगनवाड़ी रसोई को भी पांच दिनों के भीतर कनेक्शन देने को कहा गया है। यह निर्देश उन सभी स्थानों पर लागू होगा जहां पाइपलाइन का बुनियादी ढांचा पास में उपलब्ध है।

### जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री से बात की: मंत्रालय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'विदेश मंत्री ने कल अमेरिकी विदेश मंत्री से बात की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव पर चर्चा की, जिसमें ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर विशेष ध्यान दिया गया। विदेश मंत्री ने श्रीलंका की विदेश मंत्री विजया हेरथ से भी बात की। दोनों नेताओं ने इस संघर्ष के परिणामों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने 'पड़ोसी पहले' और 'मिशन महासंघ' के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। 'जायसवाल ने बताया, 'विदेश मंत्री ने कल दिल्ली में सभी खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के राजदूतों से मुलाकात की। वहां भी उन्होंने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर विचार-विमर्श किया।

## कश्मीरी अलगाववादी आसिया अंद्राबी को यूएपीए मामले में उम्रकैद की सजा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने कश्मीरी अलगाववादी आसिया अंद्राबी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह सजा उन्हें गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज एक गंभीर मामले में दी गई है। अदालत ने अपने फैसले में आसिया अंद्राबी को दोषी ठहराया। उन पर भारत विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप था। यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ था। अदालत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह निर्णय लिया। आसिया अंद्राबी को उनकी भूमिका के लिए आजीवन कारावास की सजा मिली है। इस फैसले को अलगाववादी तत्वों के खिलाफ एक कड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। यह निर्णय देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के प्रयासों का हिस्सा है। इस सज़ा के बाद आसिया अंद्राबी को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आरोप लगाया था कि आसिया ने घृणा फैलाने वाले भाषणों, साजिश और आतंकी गतिविधियों के जरिये देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने की कोशिश की। उन्होंने अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा दिया व प्रतिबंधित संगठनों से संपर्क बनाए रखा।

# ईरान युद्ध: इस्राइली मीडिया का दावा अमेरिका से बातचीत को तैयार मोजतबा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रियाद

रियाद पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच एक बड़ा कूटनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। इस्राइली मीडिया आउटलेट 'येदिओथ अहरोनोथ' की रिपोर्ट के हवाले से अरब न्यूज ने दावा किया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार है। रिपोर्ट ने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और अमेरिकी मध्यस्थ स्टीव विटकॉफ के बीच हुई बातचीत का हवाला दिया, जिसे ईरान में उच्च स्तरीय अधिकारियों द्वारा मंजूरी मिली थी। हालांकि इससे पहले ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ट्रंप के दावों को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि तेहरान ने पिछले 24 दिनों से वॉशिंगटन के साथ कोई बातचीत नहीं की है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने अमेरिकी युद्ध विभाग को ईरानी बिजली संयंत्रों और ऊर्जा स्थलों के खिलाफ किसी भी सैन्य कार्रवाई को पांच दिनों के लिए टालने का निर्देश दिया। उन्होंने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच तेहरान के साथ राजनयिक जुड़ाव का हवाला दिया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका और ईरान ने पिछले दो दिनों में बहुत अच्छी और उत्पादक बातचीत की है। इसका मकसद इस क्षेत्र में आपसी दुश्मनी को खत्म करना है। ट्रंप ने इन चर्चाओं को गहन, विस्तृत और रचनात्मक बताया। उन्होंने आगे कहा कि बातचीत पूरे सप्ताह जारी रहेगी।

### क्षेत्रीय संघर्ष और ऊर्जा सुरक्षा

यह महत्वपूर्ण घटनाक्रम ऐसे समय आया है जब अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष चौथे सप्ताह में प्रवेश कर गया है। इसके दूरगामी प्रभाव पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र से परे पूरी दुनिया में महसूस किए जा रहा है और वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। फिलहाल पूरी दुनिया की नजरें ट्रंप के बातचीत के दावों पर टिकी हैं।

### क्या बोले ट्रंप?

यह अहम घटनाक्रम तब सामने आया जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज बहुत जल्द खुलेगा। जो कि एक महत्वपूर्ण वैश्विक शिपिंग मार्ग है। उन्होंने संकेत दिया कि वह इसकी कल्पना अमेरिका और ईरान द्वारा संयुक्त रूप से प्रबंधित किए जाने के रूप में करते हैं। फ्लोरिडा में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप कहा, अगर तेहरान के साथ बातचीत सफल रही तो जलडमरूमध्य जल्द ही खुलेगा। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज प्रतिदिन 15 मिलियन बैरल कच्चे तेल और 5 मिलियन बैरल तेल उत्पादों का परिवहन करता है। यह वैश्विक समुद्री तेल व्यापार का लगभग 25 फीसदी है। हालांकि, क्षेत्र में संघर्ष के कारण अब यह जलमार्ग जोखिम भरा हो गया है।

# 'ट्रंप को पता होता है मोदी क्या करेंगे क्या नहीं' राहुल गांधी ने सरकार की विदेश नीति पर उठाए सवाल



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बीते 25 दिनों से जारी संघर्ष के चलते अब भारत की राजनीति में सियासी गर्माहट बढ़ गई है। जहां एक तरफ सोमवार को लोकसभा के बाद आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में भी पश्चिम एशिया संघर्ष पर भारत सरकार का रुख साफ किया। वहीं दूसरी ओर संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर उनकी विदेश नीति को लेकर जमकर निशाना साधा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भारत की विदेश नीति अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निजी विदेश नीति बन गई है। इस बात का असर हम देख पा रहे हैं कि ये एक मजाक बनकर रह गया है। पूरी दुनिया इसे मजाक मानती है। राहुल गांधी ने एक बार फिर पीएम मोदी पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नियंत्रण में होने का आरोप लगाया।

### राहुल गांधी ने दी चेतावनी

राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी पूरी तरह से ट्रंप के नियंत्रण में हैं। ट्रंप को पूरा पता है कि पीएम मोदी क्या करने वाले हैं और क्या नहीं। राहुल गांधी ने आगे चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रधानमंत्री की स्थिति कमजोर हुई, तो देश की विदेश नीति भी कमजोर हो जाएगी। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता कर लिया, कल संसद में बेतुका भाषण दे दिया। इससे भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कोई ठोस रुख नहीं दिखाई दिया।

### आम जनता को करना पड़ेगा मुश्किलों का सामना- राहुल

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के इन कारणों के चलते आम जनता को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा, जैसे कि एलपीजी और पेट्रोल की बढ़ती कीमतें। राहुल गांधी ने याद दिलाया कि पीएम मोदी ने हालात को कोविड जैसी स्थिति से जोड़कर बताया, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कोविड के दौरान कितनी जानें गईं और कितनी त्रासदियां हुईं।

### सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं होंगे राहुल

साथ ही राहुल गांधी ने कहा कि वे केरल में अपने कार्यक्रम के कारण सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि बैठक में ढांचागत गलती हुई है और इसे सुधारा नहीं जा सकता। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री अमेरिका और इस्राइल के निर्देशों के अनुसार काम करते हैं और देश तथा किसानों के हित में निर्णय नहीं लेते। उनका कहना था कि यह स्थिति देश और जनता के लिए चिंता का विषय है।

## पश्चिम बंगाल को छोड़कर, अन्य राज्यों में एसआईआर सुचारू रहा: सुप्रीम कोर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभ्यास अधिकांश राज्यों में सुचारू रूप से हुआ है, सिवाय पश्चिम बंगाल के। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने कहा कि अन्य राज्यों में एसआईआर अभ्यास के दौरान लगभग कोई मुकदमेबाजी नहीं हुई। सीजेआई ने कहा, पश्चिम बंगाल को छोड़कर जिन भी राज्यों में एसआईआर किया गया, हर जगह यह प्रक्रिया सुचारू (बिना बाधा के) रूप से चली। अन्य राज्यों में राज्यों में भी जटिलताएं हैं, लेकिन समान रूप से नहीं। लेकिन जटिलताएं तो हैं। लेकिन कुल मिलाकर अन्य राज्यों से शायद ही कोई मुकदमा आया। शीर्ष कोर्ट की ओर से ये टिप्पणियां उस समय आई, जब वह पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया में अनियमितता को उजागर करने वाली याचिकाओं के एक समूह की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था।

## वित्त मंत्री चीमा संभालेंगे ट्रांसपोर्ट विभाग, लालजीत भुल्लर का जेल डिपार्टमेंट अब डॉ. रवजोत के पास

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़

पंजाब वेयरहाउस के जिला मैनेजर रहे गगनदीप सिंह रंधावा के खुदकुशी मामले में गिरफ्तार पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर के विभागों का बंटवारा किया गया है। पंजाब सरकार ने कैबिनेट मंत्रियों के पोर्टफोलियो में फेरबदल किया है। पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर के इस्तीफे और गिरफ्तारी के बाद उनके दोनों विभाग दूसरे मंत्रियों को दिए गए हैं। वित्त मंत्री हरपाल चीमा को ट्रांसपोर्ट विभाग दिया गया है। वहीं जेल विभाग की जिम्मेदारी डॉ. रवजोत को दी गई है। उक्त दोनों विभाग पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर के पास थे।



### भुल्लर की पोस्ट पर क्या बोली रंधावा की बेटी

वहीं भुल्लर की खुद को निर्दोष बताने वाली सोशल मीडिया पोस्ट पर रंधावा की बेटी ने मीडिया के सामने बयान दिया है। रंधावा की बेटी ने कहा कि भुल्लर की ओर से खुद को निर्दोष बताए जाने के दावे बेबुनियाद हैं। उनके मुताबिक, उनके पिता को लगातार फोन कॉल के जरिए दबाव डाला जाता था। उन्होंने कहा कि इन कॉल्स की संख्या काफी है और इसकी जांच साइबर सेल से कराई जानी चाहिए, जिससे वास्तविक स्थिति सामने आ सके।